मदरलैण्ड वॉइस की मुहिम



#savegajraj#saveelephant

वर्ष : 3 अंक: 204 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

सोमवार, 21 मार्च 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित


## नेतृत्व संकट को लेकर कांग्रेस में घमासान जारी, असंतुष्ट खेमे जी-23 में भी असंतोष

नई दिल्ली, एजेंसी। देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी संकट के दौर से गुजर रही है। शीर्ष नेतृत्व को लेकर चल रही माथा पच्चीसी और 5 राज्यों में हार के साथ पार्टी की अंदरूनी कलह भी बाहर आ रही है। हाल ही में कपिल सिब्बल ने गांधी परिवार पर निशाना साधते हुए कहा था कि अब परिवार को पीछे हट जाना चाहिए। कांग्रेस पार्टी से असंतुष्ट नेताओं का ग्रुप जी-23 भी लगातार सक्रिय है और बैठकें कर कर रहा है। लेकिन अब खबर आ रही है कि जी-23 ग्रुप के अन्दर भी कुछ नेताओं में असंतोष हैं।



जी-23 ग्रुप का गठन अगस्त 2020 में हुआ था और यह ऐसे नेताओं का ग्रुप है जो कांग्रेस पार्टी में रहकर ही कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने की वकालत करते हैं। इन्हें कांग्रेस पार्टी के असंतुष्ट नेताओं के रूप में भी जाना जाता है। लेकिन हाल ही में गुलाम नबी आजाद के घर पर डिनर पार्टी में जी-23 के पुराने नेता नहीं पहुंचे और माना जा रहा है कि यह नेता अब जी-23 ग्रुप का हिस्सा नहीं हैं। वीरप्पा मोइली, मिलिंद देवड़ा, रेणुका चौधरी, मुकुल वासनिक, योगानंद शास्त्री, कौल सिंह ठाकुर, अरविंदर सिंह लवली और अजय सिंह वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद के घर डिनर पार्टी में नहीं पहुंचे। 8 नेताओं के आजाद की डिनर पार्टी में ना पहुंचने के कारण माना जा रहा है कि ये नेता अब इस ग्रुप का हिस्सा नहीं है। बता दें कि जी-23 ग्रुप में जितिन प्रसाद भी शामिल थे लेकिन अब वो बीजेपी में शामिल हो गए हैं। बुधवार रात आजाद के घर डिनर पार्टी हुई थी, जिसमें कांग्रेस के 18 असंतुष्ट नेता पहुंचे थे। करीब 5 घंटे तक इन नेताओं के बीच बैठक चली थी और उसके बाद असंतुष्ट नेताओं ने एक बयान जारी कर कहा था कि पार्टी समान विचारधारा वाले दलों के साथ मिलकर चले और 2024 में भाजपा को चुनौती देने के लिए एक मजबूत विकल्प तैयार हो।

बता दें कि इसके बाद गुलाम नबी आजाद से कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मुलाकात की थी और यह मुलाकात करीब 1 घंटे तक चली थी। सोनिया गांधी से मुलाकात करने के बाद गुलाम नबी आजाद ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि, हमने कभी सोनिया गांधी के नेतृत्व पर सवाल उठाया ही नहीं है। हमारे कुछ सुझाव थे जो हमने उनसे साझा किए हैं।

कपिल सिब्बल ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा था कि गांधी परिवार को पीछे हटना चाहिए। सिब्बल ने राहुल गांधी पर भी सवाल उठाते हुए कहा था कि राहुल गांधी ने किस हैसियत से चरणजीत सिंह चन्नी को पंजाब में मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया था, जबकि वह पार्टी के अध्यक्ष नहीं है। सिब्बल के बयान पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा था कि जब वह (सिब्बल) यूपीए सरकार में मंत्री थे तब सभी चीजें अच्छी थी, अब सत्ता में नहीं हैं तब उन्हें बुरा लग रहा है।

## उत्तराखंड में सरकार गठन पर हुई चर्चा, आज होगा विधायक दल के नेता का चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी। उत्तराखंड में सरकार गठन को लेकर जारी कवायद के बीच रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। सूत्रों के मुताबिक पार्टी के शीर्ष नेताओं ने इस बैठक में प्रदेश भाजपा के नेताओं से भावी मुख्यमंत्री के नाम को लेकर रायशुमारी की। सूत्रों के मुताबिक बैठक में भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा, संगठन महासचिव बीएल संतोष और राज्य के केंद्रीय चुनाव प्रभारी प्रह्लाद जोशी मौजूद थे।

इन नेताओं ने उत्तराखंड के कार्यवाहक मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, वरिष्ठ नेता सतपाल महाराज और पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक से विधायक दल के नेता के नाम पर विचार विमर्श किया। बैठक के बाद कौशिक ने बताया कि सोमवार को विधानसभा में सभी नवनिर्वाचित विधायकों का शपथ ग्रहण होगा और इसके बाद विधायक दल की बैठक होगी।

ज्ञात हो कि उत्तराखंड में भाजपा ने शानदार बहुमत तो हासिल कर लिया है, लेकिन मुख्यमंत्री धामी को खटीमा से हार का सामना करना पड़ा है। ऐसे में सरकार के नेतृत्व को लेकर असमंजस पैदा हो गया है। सूत्रों के मुताबिक हार के बावजूद धामी मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। शाह के आवास पर जारी बैठक में धामी की मौजूदगी भी इसका संकेत करती है। हालांकि, कुछ

- धामी को फिर सीएम बनाए जाने की चर्चा, सतपाल महाराज व धन सिंह रावत के नामों की भी चर्चा

लोगों का कहना है कि चौबट्टाखाल के विधायक सतपाल महाराज, श्रीनगर के विधायक धन सिंह रावत और राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी भी मुख्यमंत्री पद के दावेदारों में शामिल हैं।

भाजपा विधायक दल की बैठक के लिए भाजपा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को केंद्रीय पर्यवेक्षक और केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी को सह पर्यवेक्षक बनाया है। भाजपा की उत्तराखंड इकाई के सूत्रों ने कहा कि धामी के दोबारा मुख्यमंत्री बनने की संभावना ज्यादा है, क्योंकि वह न केवल युवा और ऊर्जावान हैं, बल्कि भाजपा ने पहाड़ी राज्य में उनके नाम पर चुनाव लड़ा था और शानदार जीत दर्ज की। सूत्रों के मुताबिक, पार्टी के धामी के नाम पर मुहर लगाने का फैसला करने की एक और बड़ी वजह यह हो सकती है कि उसे पिछले कार्यकाल में बेहद कम समय में दो मुख्यमंत्रियों को बदलने के लिए काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा था। सूत्रों ने कहा कि अगर पार्टी किसी नए चेहरे का चयन करने का फैसला लेती है तो क्षेत्रीय और जातीय संतुलन बैठाना काफी महत्वपूर्ण साबित होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### फैसला सुनाने वाले तीनों जजों को कर्नाटक सरकार ने दी वाई कैटेगरी की सुरक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी। हिजाब विवाद मामले में फैसला सुनाने वाले हाईकोर्ट के न्यायाधीशों को कर्नाटक सरकार ने सुरक्षा देने का फैसला किया था। खबर आई थी कि जजों को जान से मारने की धमकी मिली है। इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला भी दर्ज किया है। पुलिस में एक वायरल वीडियो को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। 15 मार्च को कर्नाटक हाईकोर्ट ने शैक्षणिक संस्थानों में वर्दी को लेकर राज्य सरकार के आदेश को बरकरार रखा था। साथ ही कहा था कि इस्लाम में हिजाब अनिवार्य प्रथा नहीं है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने कहा, 'हमने हिजाब पर फैसला सुनाने वाले तीनों जजों को 'वाई' कैटेगरी सुरक्षा देने का फैसला किया है। मैंने डीजी और आईजी को विधानसौधा थाने में दर्ज शिकायत पर जांच के आदेश दिए हैं, जिसमें कुछ लोगों ने न्यायाधीशों को जान से मारने की धमकी दी है।' हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश अवस्थी, जस्टिस कृष्णा दीक्षित और काजी एम जैबुन्निसा की तीन सदस्यीय बेंच ने हिजाब मामले में फैसला सुनाया था। कर्नाटक उच्च न्यायालय के तीन जजों को धमकी देने पर तमिलनाडु में में तीन लोगों के खिलाम मामला दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि कोर्ट के आदेश के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर तमिलनाडु तौहीद जमात के तीन पदाधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि तौहीद जमात ने फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के लिए कोरीपलायम इलाके में एक जनसभा आयोजित की थी, जिसमें कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी की गई। इसके कुछ समय बाद ही तीन पदाधिकारियों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। इसमें आरोप लगाए गए थे कि आयोजकों ने उच्च न्यायालय के जजों को हत्या की धमकी दी है।

### विकास कुमार होंगे दिल्ली मेट्रो के नए एमडी एलजी ने दी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) के नए प्रबंध निदेशक की तलाश खत्म हो गई है। मेट्रो रेल सेवा से जुड़ा अनुभव रखने वाले विकास कुमार को डीएमआरसी का नया प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। उपराज्यपाल ने चयन समिति के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जिसमें उन्हें अगला एमडी नियुक्त किए जाने की सिफारिश की गई है। विकास कुमार का कार्यकाल एक अप्रैल से शुरू होगा जो अगले पांच वर्ष तक के लिए होगा। उपराज्यपाल की तरफ से स्वीकृति मिलने के बाद दिल्ली सरकार ने शनिवार को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। डीएमआरसी के वर्तमान प्रबंध निदेशक मंगू सिंह का 31 मार्च को कार्यकाल पूरा हो रहा है। ऐसे में दिल्ली सरकार ने नए निदेशक की नियुक्त किए चयन प्रक्रिया शुरू की थी। फरवरी में ही आवेदन आमंत्रित किए गए थे।

## मणिपुर में सीएम पद को लेकर भाजपा में घमासान

### आरएसएस के करीबी नेता बने तीसरा विकल्प

इंफाल, एजेंसी। पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर के विस चुनावों में सबसे ज्यादा सीट जीतने वाली बीजेपी अब एक और बड़ा फैसला लेने वाली है। दरअसल ये फैसला राज्य के अगले मुख्यमंत्री को लेकर होना है। ऐसे में बीजेपी के भीतर इस बात पर गहन चिंतन हो रहा होगा कि आखिर राज्य की कमान किसके हाथ में सौंपी जाए। पहले दो नामों पर खासतौर पर जिक्र हुआ, लेकिन अब सीएम पद की रेस में दिलचस्प मोड़ आता दिख रहा है। मणिपुर में मुख्यमंत्री पद के लिए आरएसएस द्वारा समर्थित तीसरा दावेदार सामने आया है। दरअसल आरएसएस समर्थित नेता युमनाम खेमचंद सिंह को बीजेपी नेतृत्व ने कल दिल्ली बुलाया था। साथ ही कार्यवाहक मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और शीर्ष पद के एक अन्य दावेदार बिस्वजीत सिंह को भी दिल्ली बुलाया गया।



सूत्रों ने कहा कि आरएसएस समर्थित नेता बीरेन सिंह और विश्वजीत सिंह के बीच अंदरूनी कलह से बचने के लिए बीजेपी के पास तीसरे विकल्प के रूप में मौजूद है। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण और किरेन रिजिजू आज मणिपुर की राजधानी इंफाल जा रहे हैं, जहां वे पूर्वोत्तर राज्य में मुख्यमंत्री की घोषणा कर सकते हैं. मणिपुर में हाल के विधानसभा चुनाव में जीत के बाद भाजपा ने सरकार बनाई। मणिपुर में यह पार्टी का लगातार दूसरा कार्यकाल होगा। कल दिल्ली में बीजेपी नेतृत्व ने बीरेन सिंह और बिस्वजीत सिंह से मुलाकात की। दोनों आज इंफाल के लिए भी रवाना हुए हैं। दोनों केंद्रीय मंत्री, जो मणिपुर में पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक हैं। सूत्रों ने कहा है कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने बीरेन सिंह और विश्वजीत सिंह दोनों को बड़े विस्तार से सुना है। हालांकि बीजेपी ने मणिपुर में औपचारिक रूप से मुख्यमंत्री पद के चेहरे की घोषणा नहीं की, लेकिन पार्टी ने बीरेन सिंह के नेतृत्व में चुनाव लड़ा, जिन्होंने राज्य भर में प्रचार किया। अब बीजेपी किसे मौके देती है, ये फैसला भी जल्द ही होने वाला है।

## कश्मीर जैसे संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति करना सही नहीं : संजय राउत

नई दिल्ली, एजेंसी। जब से कश्मीरी पंडितों के पलायन और उनके दर्द पर केंद्रित फिल्म द कश्मीर फाइल्स रिलीज हुई है, तब से पूरे देश में इसे लेकर बहस तेज हो गई है। एक तरफ फिल्म का भारी समर्थन किया जा रहा है, तो दूसरी तरफ इस फिल्म का भारी विरोध भी किया जा रहा है। इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया करते हुए शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि कश्मीर जैसे संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति करना सही नहीं है।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कश्मीर को ऐसी किसी भी स्थिति से अलग रखा जाना चाहिए। संजय राउत ने कहा कश्मीर फाइल्स सिर्फ एक फिल्म है। मुझे नहीं लगता कि इससे किसी भी पार्टी को आने वाले चुनावों में किसी तरह का फायदा मिलेगा। संजय राउत ने कहा जब तक चुनाव आएंगे तब तक फिल्म भी चली जाएगी। उन्होंने कहा कि कश्मीर एक संवेदनशील मुद्दा है इसलिए इस पर राजनीति करना सही नहीं है।

गौरतलब है कि फिल्म द कश्मीर फाइल्स को लेकर सभी दलों के नेता विवाद में कूद पड़े हैं। एक तरफ भाजपा इस फिल्म का आक्रामक प्रचार कर रही है तो दूसरी ओर अन्य दलों के अल्पसंख्यक नेता इस फिल्म का सीधा विरोध कर रहे हैं। सबसे पहले केरल कांग्रेस ने ट्वीट कर इस फिल्म के बारे में तथ्यों से छेड़छाड़ का आरोप लगाया था और कहा था कि यह फिल्म नफरत फैलाने वाली है। हालांकि बाद में ट्वीट को हटा लिया गया। दूसरी ओर पीएम नरेंद्र मोदी ने खुले मंच से इस फिल्म की तारीफ की और कहा इस तरह के सच को सामने लाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सच को छुपाने में यकीन रखते हैं। इसलिए इस तरह की फिल्म बनती रहनी चाहिए ताकि सच सामने आ सके। दूसरी ओर देश के कई अल्पसंख्यक नेता इस फिल्म का विरोध कर रहे हैं। असम में एआईयूडीएफ के नेता बदरूद्दीन अजमल ने इसका विरोध करते हुए कहा कि इस फिल्म को बैन कर देना चाहिए क्योंकि इससे नफरत फैलेगी। उन्होंने कहा देश में कई ऐसी घटनाएं हैं, जिनपर फिल्में नहीं बनी है। इस विवाद में मध्य प्रदेश के एक वरिष्ठ आईएस अधिकारी भी कूद पड़े हैं। एमपी के आईएएस अधिकारी नियाज खान ने ट्वीट कर लिखा है कि इस फिल्म के प्रोड्यूसर को देश में हुई मुसलमानों की हत्याओं पर भी एक फिल्म बनानी चाहिए।

## पीएम मोदी ने भारत आए जापानी पीएम को गिफ्ट की कृष्ण पंखी



नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा को 'कृष्ण पंखी' उपहार में दिया। ये चंदन की लकड़ी से बना है और इसके किनारों पर कलात्मक आकृतियों के माध्यम से भगवान कृष्ण की विभिन्न मुद्राओं को दशार्या गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 'पंखी' को पारंपरिक उपकरणों के जरिए उकेरा गया है और इसके शीर्ष पर हाथ से नक्काशी कर तैयार की गई मोर की आकृति है जोकि भारत का राष्ट्रीय पक्षी है।

उपकरणों के जरिए उकेरा गया है और इसके शीर्ष पर हाथ से नक्काशी कर तैयार की गई मोर की आकृति है जोकि भारत का राष्ट्रीय पक्षी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को भारत की आधिकारिक यात्रा पर पहु़ंचे जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा को 'कृष्ण पंखी' उपहार में दिया। ये चंदन की लकड़ी से बना है और इसके किनारों पर कलात्मक आकृतियों के माध्यम से भगवान कृष्ण की विभिन्न मुद्राओं को दशार्या गया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 'पंखी' को पारंपरिक

## लौटेगी कोरोना की लहर एशिया-यूरोप में लगातार बढ़ रहे हैं मामले : डब्ल्यूएचओ





नई दिल्ली, एजेंसी। कोरोना का खतरा टल गया है इन दिनों दुनिया के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से इस सप्ताह चेतावनी जारी की गई थी कि दुनिया भर के कई देशों में कोविड के मामलों में फिर से वृद्धि देखी जा रही है। कुछ दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में भी वृद्धि देखी जा रही है। भारत को खास तौर पर सतर्क रहने के लिए कहा गया है। आपको बता दें कि चीन में अत्यधिक संक्रामक 'स्टील्थ ओमिक्रॉन वैरिएंट' का प्रसार हो रहा है। इससे वहां दैनिक मामलों में इजाफा देखा गया है। जनवरी 2021 के बाद चीन में इस सप्ताह पहली मौत हुई है। चीन, हांगकांग, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया में कोरोना वायरस के संक्रमण में वृद्धि देखी जा रही है। यहां डेल्टा के साथ-साथ ओमिक्रॉन वैरिएंट के कारण एक नई लहर हावी हो रही है। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने दो कोविड -19 मौतों की सूचना दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि जनवरी 2021 के बाद से मरने वालों की संख्या में पहली बार वृद्धि हुई है। चीन ने 2021 में केवल दो कोविड की मौत की सूचना दी थी, जिनमें से आखिरी 25 जनवरी को हुई थी।

## दिल्ली और उत्तर भारत में भीषण गर्मी, बंगाल की खाड़ी में असानी का खतरा

### राजस्थान में तापमान 40 डिग्री तक पहुंचा, चक्रवाती तूफान को लेकर प्रशासन अलर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। होली के तुरंत बाद ही गर्मी ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। राजधानी दिल्ली सहित उत्तर भारत के अधिकतर राज्यों के तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। मार्च का महीना अभी खत्म भी नहीं हुआ है और राजस्थान में तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं साल का पहला चक्रवात असानी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन रहा है। चक्रवाती तूफान असानी के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के तट तक पहुंचने के अनुमान के साथ प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर है। निचले इलाकों से लोगों को निकालकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना शामिल है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग मुताबिक बंगाल की दक्षिण पूर्व खाड़ी और उससे सटे दक्षिण अंडमान सागर पर आज एक दवाब और निम्न दबाव वाले क्षेत्र के 21 मार्च के आसपास एक चक्रवाती तूफान में बदलने की आशंका है। इसके बाद इसके उत्तर-उत्तर पूर्व की ओर बढ़ने और 22 मार्च को उत्तरी म्यांमार के दक्षिण-पूर्वी बांग्लादेश तटों के पास पहुंचने की संभावना है।

आईएमडी के मुताबिक अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की भविष्यवाणी की है, साथ ही निकोबार द्वीप समूह में अत्यधिक भारी बारशि की संभावना जताई है। अंडमान और निकोबार द्वीप समूह प्रशासन ने फोरशोर सेक्टर यानी पोर्ट ब्लेयर और आसपास के द्वीपों के बीच की सेवाएं में जहाजों की निर्धारित नौकायन को रद्द किया है और यात्रियों के लिए हेल्पलाइन नंबर और टोल-फ्री नंबर जारी किया है। भारतीय मौसम विभाग ने कहा है कि उत्तर पश्चिम भारत में अगले 24 घंटे के दौरान तापमान में तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस की कमी आने की संभावना है। इसके अलावा पश्चिम, मध्य और दक्षिण भारत में अगले तीन दिनों तक तापमान में एक से दो डिग्री की गिरावट आएगी। देश के बाकी हिस्सों में तापमान में कोई बदलाव नहीं होगा। आईएमडी के मुताबिक आज से देश के अधिकांश हिस्सों में तापमान में कमी के संकेत हैं। उत्तर-पश्चिम भारत भीषण गर्मी की चपेट में आ गया है। राजस्थान के कुछ इलाकों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री को छूलिया है जबकि राजधानी दिल्ली का तापमान भी 36 डिग्री तक पहुंच गया है। भारतीय मौसम विभाग ने आज भी राजस्थान और गुजरात के कुछ इलाकों में लू चलने का पूवार्नुमान व्यक्त किया है। लेकिन अगले 24 घंटे में तापमान में गिरावट के संकेत व्यक्त किए गए हैं। राजस्थान में गर्मी का हाल बहुत बुरा है। शनिवार को जैसलमेर, चुरू, बीकानेर, बाड़मेर और पिलानी सहित पश्चिमी राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मौसम विभाग ने कहा है कि पश्चिमी राजस्थान में भी गर्मी अपना असर दिखाएगी और कहीं-कहीं लू के थपेड़ें भी चलेंगे। वहीं 20 मार्च को पश्चिमी राजस्थान और गुजरात के कुछ इलाकों में लू चलेंगी। हालांकि बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव के कारण कल से लगभग पूरे भारत में गर्मी में कमी आने का पूवार्नुमान व्यक्त किया गया है। लेकिन अगले 3 दिनों तक विदर्भ के कुछ हिस्सों और अगले 4 दिनों तक पश्चिम मध्य प्रदेश में लू की आशंका व्यक्त की गई है। मौसम विभाग ने कहा है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण 20 मार्च को वेस्टर्न हिमालयन क्षेत्रों में हल्की बारिश और बर्फबारी का अनुमान है। इसके साथ ही कही-कहीं ओलावृष्टि और बिजली गिरने की भी आशंका है। दूसरी ओर केरल, तमिलनाडु, पुड्डुचेरी, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों, रॉयलसीमा में अगले पांच दिनों तक हल्की बारिश की संभावना है। आईएमडी ने कहा है कि मौजूदा निम्न दबाव का क्षेत्र पूर्व-उत्तर पश्चिम दिशा की ओर बढ़ रहा है. इसके 21 मार्च को चक्रवातीय तूफान में बदलने की प्रबल आशंका है जो 22 मार्च को उत्तर और उत्तर पूर्व की दिशाओं की ओर बढ़ेगा। अगर यह चक्रवात तूफान का रूप ले लेता है तो इसका नाम असानी होगा। नियमों के मुताबिक इस चक्रवातीय तूफान का असानी नाम श्रीलंका ने दिया है। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए मछुआरे को सलाह दी है कि अगले बुधवार को बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी भाग और आस पास के इलाके और अगले गुरुवार और शुक्रवार को दक्षिण पूर्वी बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर में मछली मारने के लिए न जाएं।

## 'आप' पार्टी को मिल सकती हैं राज्यसभा की 5 सीटें

### राघव चड्ढा, संदीप पाठक, क्रिकेटर हरभजन सिंह के नाम लगभग फायनल

चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने बंपर जीत हासिल की और 117 में से 92 सीटें हासिल कर ली है। इसीलिए उन्हें राज्यसभा में 5 सीटें मिलने की पूरी संभावना है। राज्यसभा में जो उम्मीदवारों की सीटें खाली हुई हैं उनके नामांकन के लिए कल आखिरी दिन है लेकिन अभी तक आम आदमी पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की। हो सकता है कि आज होने वाली वर्चुअल मीटिंग दौरान उम्मीदवारों की घोषणा की जाए।



आम आदमी पार्टी में राघव चड्ढा, संदीप पाठक, क्रिकेटर हरभजन सिंह ये 3 नाम ऐसे हैं जिन्हें राज्यसभा में सीट मिलने की पूरी-पूरी संभावना है। इसके अलावा जगमोहन कंग भी राज्यसभा सीट के लिए दावा कर रहे हैं। आपको बता दें कि कंग पहले कांग्रेसी नेता थे लेकिन बाद में आम आदमी पार्टी ज्वाइन कर ली। इन 4 लोगों के अलावा 5वीं सीट किस लीडर को जाती है यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा लेकिन इतना तय है कि राज्यसभा में 5 सीटें आम आदमी पार्टी की ही झोली में आकर गिरेंगी।



newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# बच्ची को अपहरणकर्त्ता के चंगुल से थाना बाराखंभा रोड ने छुड़ाया दो घंटे के अंदर

» विजय गौड़ विशेष संवाददाता

17.03.2022 को शाम करीब 06:36 बजे शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी 11 साल की बेटी दिल्ली के बंगाली मार्केट से शाम 4:00 बजे से लापता है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जिला पुलिस तुरंत हरकत में आई। एफआईआर संख्या 32/22, दिनांक 17.03.2022, धारा 363 आईपीसी के तहत पुलिस स्टेशन बाराखंभा रोड, नई दिल्ली में मामला दर्ज किया गया था और मामले की जांच शुरू की गई थी। मामले को संभालने के लिए डीसीपी/नई दिल्ली जिले द्वारा कई ट्रैकिंग टीमों का गठन किया गया था। टीमों ने प्रवीण कुमार, एसएचओ/बाराखंभा रोड और. राजेंद्र दुबे, एसीपी/बाराखंभा रोड कड़ी निगरानी में और अमृथा गुगुलोथ आईपीएस उपायुक्त पुलिस नई दिल्ली जिला के समग्र पर्यवेक्षण में काम किया। मामले में दक्षिण जिले के एसआई उमेश यादव और एचसी कमल प्रकाश से भी सहयोग लिया गया , संबंधित स्थानों के सीसीटीवी फुटेज प्राप्त किए गए और उनका विश्लेषण किया गया। एसआई दीपक, एसआई विजयपाल और एसआई प्रवीण राठी की टीम ने सीसीटीवी फुटेज के जरिए बच्चे की गतिविधियों पर नजर रखी और पाया कि पीड़ित ऑटो रिक्शा में सवार था। इस दौरान टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर मौसम गनी व एसआई रवि, एसआई सुभाष, एसआई मंतोष, कांस्टेबल . रविंदर और कांस्टेबल . विनय ने तकनीकी निगरानी के माध्यम से प्राप्त स्थानों का दौरा किया। तकनीकी निगरानी के माध्यम से बच्चे के स्थान को एक साथ ट्रैक करते हुए, इंस्पेक्टर मौसम गनी और एसआई उमेश यादव के नेतृत्व में टीमों ने पूर्वी दिल्ली क्षेत्र में पैसिफिक मॉल के पास आरोपी को खोजने और पकड़ने में कामयाबी हासिल की, क्योंकि वह लड़की के साथ हरिद्वार, उत्तराखंड भागने की कोशिश कर रहा था। . सभी टीमों ने आपसी तालमेल से काम किया।अमृथा गुगुलोथ आईपीएस उपायुक्त पुलिस नई दिल्ली जिला ने बताया कि आरोपी रघु नाथ पुत्र श्री. दीवान चंद निवासी गीता कॉलोनी, दिल्ली (आयु 72 वर्ष) । आरोपी एक निम्न मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखता है और उसके चार बेटे और एक बेटी है। पूछताछ करने पर आरोपी ने खुलासा किया कि बच्ची उसके ऑटो रिक्शा में नई जगहों पर जाने और देखने के लिए सवार हुई थी। आरोपी ने बच्ची की मासूमियत का फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। फिर उसने बुरी नीयत से बच्चे को हरिद्वार ले जाने की योजना बनाई। नतीजतन, वह अपने घर गया और अपने परिवार के सदस्यों को यह दावा करके गुमराह किया कि वह कुछ अनुष्ठानों के लिए हरिद्वार जा रहा था और पास के एक ऑटो रिक्शा को पार्क करने के बाद अपना घर छोड़ दिया। एक अन्य घटना में 18.03.2022 को सुबह करीब 09:40 बजे पीएस बाराखंभा रोड पर कस्तूरबा गांधी मार्ग पर बैठी 15 वर्षीय बच्ची के संबंध में सूचना मिली. लड़की से उसके परिवार और निवास के बारे में पूछताछ की गई लेकिन लड़की मूक-बधिर होने के कारण कुछ भी नहीं बता सकी।एसआई देवेंद्र सिंह की टीम, महिला कांस्टेबल दीपिका और कांस्टेबल . पवन ने अपना विवरण ज़िपनेट पर अपलोड किया और आंतरिक पुलिस व्हाट्सएप समूहों पर अपनी तस्वीर साझा की। पूछताछ के दौरान पता चला कि लापता लड़की के माता-पिता ओखला औद्योगिक क्षेत्र के थाने पहुंचे थे और थाने में थे। टीम ने माता-पिता से संपर्क किया और उन्हें सूचित किया कि उनकी बेटी का पता लगा लिया गया है। माता-पिता पीएस बाराखंभा रोड गए और अपनी बेटी के साथ लौट आए।







## 25 साल बाद एक हुए आरजेडीऔर एलजेडी



नई दिल्ली, एजेंसी। बिहार की राजनीति के दो बड़े नाम 25 साल के बाद फिर एक हो गए हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव ने रविवार को घोषणा कर दी कि उनकी पार्टी लोकतांत्रिक जनता दल का लालू प्रसाद यादव की राष्ट्रीय जनता दल में विलय हो गया है। हालांकि, खास बात है कि साल 2018 में गठन के बाद से ही लोजद ने कोई भी चुनाव नहीं लड़ा है। राजद के साथ हमारी पार्टी का विलय विपक्षी एकता की ओर पहला कदम है। यह जरूरी है कि भारत भर में पूरा विपक्ष भाजपा को हराने के लिए एक हो जाए। फिलहाल, एकता स्थापित करना हमारी प्राथमिकता है।इसके बाद ही हम सोचेंगे कि विपक्ष एकता का नेतृत्व कौन करेगा। इससे पहले बुधवार को भी यादव ने कहा था, ह्यदेश में मजबूत विपक्ष स्थापित करना समय की मांग है।मैं इस दिशा में न केवल बिखरी हुई तत्कालीन जनता दल बल्कि अन्य समान विचारधारा वाली पार्टियों को एकजुट करने के लिए लंबे समय से काम कर रहा हूं और इसीलिए अपनी पार्टी एलजेडी का राजद में विलय करने का फैसला किया।ह्न राजद नेता और बिहार में विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने शरद को पिता समान बताया था और कहा था कि भारतीय राजनीति में सभी लोग उनकी अहमियत जानते हैं। खास बात है कि दशकों लंबे करियर में कई बार लालू और शरद का सियासी आमना-सामना हुआ। हालांक, दोनों नेताओं के बीच जनता दल के समय से ही घनिष्ठता देखी गई थी। फिलहाल, भ्रष्टाचार मामलों में सजा काट रहे लालू ने 1997 में जनता दल से किनारा कर लिया था और राजद का गठन किया था। साल 2005 में नीतीश कुमार और शरद यादव ने मिलकर बिहार चुनाव अपने नाम किया और राजद को सत्ता से बाहर कर दिया था।

## संक्षिप्त समाचार

### थाना मंदिर मार्ग एवं थाना कनाट प्लेस ने पकडे दो भगोड़े अपराधी



इंस्पेक्टर सतविंदर सिंह, एसएचओ/पीएस मंदिर मार्ग की कड़ी निगरानी में और विनय माथुर, एसीपी/कनॉट प्लेस के समग्र पर्यवेक्षण में गठित टीम में सब इंस्पेक्टर जय सिंह , असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर इन्दर सिंह , हेड कांस्टेबल सरवनदीप और हेड कांस्टेबल रविंदर कुमार को शामिल किया गया जिस टीम ने घोषित भगोड़े अपराधी को ढूंढ़ने में काफी मशक्कत की और जानकारी जुटाई। 19.03.2022 को एकत्र की गई जानकारी और नियमित निगरानी के आधार पर, टीम ने सुल्तान अंसारी के पुत्र अदबुल कुदुस अंसारी को आनंद विहार बस स्टैंड, दिल्ली से गिरफ्तार किया। उलेखनीय हैं कि 12 वर्षीय शिकायतकर्त्ता की शिकायत पर पीएस कापसहेड़ा में प्राथमिकी संख्या 128/2013, धारा 354 आईपीसी और 8 पोक्सो अधिनियम के तहत छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया था। मामले की सुनवाई के दौरान, आरोपी सुल्तान अंसारी अदालत में उपस्थित नहीं हुआ और जानबूझकर न्यायिक कार्यवाही से बचने के लिए कानून से भाग रहा था ।इसके बाद, उसे विकास ढुल, एएसजे-01, द्वारका कोर्ट की माननीय न्यायालय द्वारा 18.05.2015 को भगोड़ा अपराधी घोषित किया था ।दूसरे ओप्रशन में इंस्पेक्टर उपेंद्र सिंह, एसएचओ / पीएस कनॉट प्लेस और विनय माथुर, एसीपी/कनॉट प्लेस के समग्र पर्यवेक्षण में एक टीम का गठन किया गया जिसमें घोषित अपराधियों को पकड़ने के लिए हेड कांस्टेबल रविंदर,कांस्टेबल नौरंग, कांस्टेबल मोहित और महिला कांस्टेबल निशा को शामिल किया गया था। । ।टीम ने काफी मशक्कत की और जानकारी जुटाई ।19.03.2022 को एकत्र की गई जानकारी और नियमित अनुवर्ती कार्रवाई के आधार पर, टीम ने लक्ष्मी ६/ङ्क विशाल चौधरी को दिल्ली के देवली गांव में उनके आवास से गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है कि रेणुका की शिकायत पर प्राथमिकी संख्या 518/2018४/२ 381 कढउ के तहत पीएस वसंत कुंज उत्तर में नौकर – चोरी का मामला दर्ज किया गया था।।मामले की सुनवाई के दौरान, आरोपी लक्ष्मी अदालत में उपस्थित नहीं हुई और जानबूझकर न्यायिक कार्यवाही से बच कर भाग रही थी ।इसके बाद, 30.10.2021 को नूपुर गुप्ता, चीफ एमएम, पटियाला हाउस कोर्ट की माननीय न्यायालय द्वारा उन्हें भगोड़ा घोषित किया गया था।



# ग्लोबल पावर इंडियंस अवॉर्ड 2022 का हुआ आयोजन

» मदरलैंड संवाददाता

अभी हाल ही में बहुत लोकप्रिय गैर सरकारी संगठन सिल्वर एज यूटोपियन द्वारा ग्लोबल पावर इंडियंस अवॉर्ड 2022 का ऑनलाइन आयोजन किया गया। सिल्वर एज यूटोपियन एक गैर-लाभकारी, गैर-राजनीतिक संगठन है। जिसका उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। इस संगठन का मुख्य उद्देश्य है की भारतीयों को एक मंच पर लाया जाए। हमारे देश के लोग देश और विदेश में बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। इस संगठन ने भौगोलिक दूरियों को दूर करते हुए ऑनलाइन माध्यम से इस बेहतरीन अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके माध्यम से संगठन द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में विशेष कार्य करने वाले लोगों को अवार्ड से नवाजा गया।

इस संगठन ने हाल ही में कई देशों में रह रहें भारतीयों को एक अनूठे कार्यक्रम के तहत एक मंच से जोड़ा है। इसके तहत भौगोलिक सीमाओं से परे जाकर भारतीयों को गौरवान्वित किया गया। दुनिया भर में भारतीयों के तालमेल को बनाने के लिए यह प्रोग्राम एक मील का पत्थर साबित होगा। इसके माध्यम से दुनियां के कई देशों में रह रहें भारतीयों को उनके बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया गया। यह लोग समाज की बेहतरी के लिए लंबे समय से कार्य करते आ रहे हैं। इस कार्यक्रम की आयोजक पिनल वानखड़े संस्थापक अध्यक्ष और एमडी, सिल्वर एज यूटोपियन ने कहा कि हमारे इस संगठन द्वारा भारतीयों को जो अलग-अलग देशों में विशेष कार्य कर रहे हैं उनको सम्मानित किया गया है। जब हम किसी व्यक्ति को उसके अच्छे कार्यों के लिए पुरस्कृत करते हैं तो इसे देखकर अन्य लोगों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलती है। यह हमारे लिए गर्व की बात है की भारत के लाखों लोग विदेशों में बड़े पदों पर कार्यरत है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि उनका यह संगठन पिछले 8 सालों से निरंतर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करता आ रहा है। पिनल वानखड़े ने आगे कहा की हमारा संगठन बीते कई सालों से विशेष कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित करता आ रहा है।

हमारे संगठन का प्रयास रहता है की हम अच्छे कार्य करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करें। इस कार्यक्रम के अवसर पर सिल्वर एज यूटोपियन की वाइस चेयरमैन ऐश्वर्या सचदेवा द्वारा शुरू किया गया वर्ल्ड वाइड सिग्नेचर प्रोजेक्ट ह्यवर्ल्ड ग्रीन मिशनह्न भी लॉन्च किया। इस कार्यक्रम के तहत सात पुरुषों व सात महिलाओं के अलावा एक गैर सरकारी संगठन को अवार्ड से नवाज गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में लॉर्ड दिलजीत राणा सदस्य, हाउस ऑफ लॉर्ड्स, यूनाइटेड किंगडम ने शिरकत की। इसके अलावा कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ ज्ञानेश्वर मुले पूर्व राजदूत और सचिव विदेश मंत्रालय, सदस्य मानवाधिकार आयोग मौजूद रहें। उन्होंने इस कार्यक्रम को ऑनलाइन संबोधित करते हुए कहा कि यह एक महत्वपूर्ण पहल है। इसके माध्यम से विदेशों में रहने वाले भारतीयों को एक नई पहचान मिल रही है। इसके साथ ही उन्होंने इस संगठन के पदाधिकारियों का भी आभार जताया। उन्होंने आगे कहा की कोरोना संकट के बाद में इस प्रकार के कार्यक्रम लोगों को उत्साह से ओतप्रोत कर रहे हैं। इनके अलावा डॉ गिरीश कुलकर्णी संस्थापक स्नेहालय इंडिया, स्मिता श्रीवास्तव, गौरव गुप्ता, मंजू फड़के, डॉ नमिता परितोष कोहोक मिसेज ग्लोबल यूनाइटेड लाइफटाइम क्वीन (यूएसए) मिसेज ग्लोबल यूनाइटेड 2017 (यूएसए) मिसेज इंटरनेशनल वर्ल्डवाइड क्वीन 2015 (हांगकांग) इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर आदि अतिथि मौजूद रहें। इसके अलावा इस कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका में डॉ. आर्किटेक गौरी शिउरकर निदेशक, स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर, शहरी विकास व योजना, सिम्बोसिस स्किल्स एंड प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, ऐश्वर्या सचदेवा युवा फिलांथ्रोपिस्ट और वर्ल्ड ग्रीन मिशन की आयोजक, सुधीर सालुंखे पुणे, इस प्रोग्राम का संचालन डॉ अमित त्रिभुवन ने किया। इस प्रोग्राम में पुरुष श्रेणी में ग्लोबल पावर इंडियंस अवार्ड्स से महेंद्र सिंह जडेजा (दादा) यूके, डॉ. रत्नाकर विस्पुते यूएसए, सिद्धार्थ मुक्ने यूके, राज पंड्या यूएसए, जतिन ही ब्रह्ममेचा दुबई, सर्वेश सौंदनकर यूएसए, स्वर्गीय वास्तुकार सुधाकर शिउरकर के नाम पर विशेष पुरस्कार, अर.विराज परदेसी मैड्रिड स्पेन आदि को अवार्ड से नावाजा गया। इसके अलावा महिला श्रेणी में प्रियदर्शिनी पेरिस, डॉ. पूर्णिमा वोरिया यूएसए, सनम अरोड़ा यूके, वृंदा ठाकुर एम्सटर्डम, रीता अब्राहम दक्षिण अफ्रीका, परवीन रानी, इंग्लैंड, धनश्री पाटिल दुबई को अवार्ड से नवाजा गया। इसके अलावा गैर सरकारी संगठन की श्रेणी में वेंडी लिंडबर्ग, मोर देन फोर फाऊंडेशन यूएसए फोर से अधिक फाउंडेशन, यूएसए को दिया गया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए श्रेया और पीयूष अंतापुरकर, संतोष होनकारपे, शिल्पा रोहन अंतापुरकर और चंद्रशेखर महामुनि का अहम सहयोग रहा।


## तेलंगाना में शिवाजी महाराज की प्रतिमा लगाने पर झड़प इलाके में धारा 144 लागू

नई दिल्ली, एजेंसी। तेलंगाना के निजामाबाद जिले के बोधन शहर में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा लगाने को लेकर दो राजनीतिक गुटों के सदस्यों के बीच झड़प के बाद धारा 144 लागू कर दी गई है। स्थानीय भाजपा सांसद ने कहा कि बोधन शहर के अंबेडकर चौराहे पर छत्रपति शिवाजी की एक प्रतिमा लगाने की योजना थी, जिसकी सीमा महाराष्ट्र से लगती है।उन्होंने आरोप लगाया कि एआईएमआईएम और टीआरएस कार्यकताओं ने मूर्ति की स्थापना का विरोध करते हुए आपत्ति जताई और बीच में आने की कोशिश की। मामले ने हिंसक रूप ले लिया और एआईएमआईएम और टीआरएस समर्थकों ने बीजेपी और शिवसेना कार्यकताओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। क्षेत्र में तनाव को और बढ़ने से रोकने के लिए निषेधाज्ञा (धारा 144) लागू की गई है।

# आण्विक हाइड्रोजन के अंत:श्वसन का बढ़ा महत्त्व

हरयाणा, दिनांक, 2022: स्वास्थ्य के प्रति गंभीर लोगों में पर्सनल वेलनेस को लेकर सजगता जैसे-जैसे पहले से बढ़ रही है, वैसे-वैसे ही समग्र स्वास्थ्य व व्यक्ति के कुशल-मंगल का महत्त्व भी बढ़ रहा है। फलते-फूलते वेलनेस उद्योग में फिलहाल एक मेडिकल गैस के तौर पर आण्विक हाइड्रोजन काफी चहेता विषय बना हुआ है और इसीलिए वेलनेस के एक निवारक साधन के तौर पर उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आण्विक हाइड्रोजन बहुत ही कम मात्रा में हवा में पाया जाता है (0.00005%) जो कि मनुष्यों के लिए अनुपलब्ध रूप में रहता है। शोधकताओं ने पाया है कि आण्विक हाइड्रोजन ($H_2$, डाइहाइड्रोजन, या हाइड्रोजन गैस) एक थेराप्यूटिक और निवारक ऐंटीऑक्सिडेंट का काम करती है जिसके लिए चयनात्मक तौर पर सेलों के अत्यधिक तेज ऑक्सिडेंट-मुक्त रैडिकल्स को रिड्यूस किया जाता है और जिनमें सेलों को साइटोटॉक्सिक ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस-संबंधी नुकसान से बचाने की क्षमता होती है। वैज्ञानिकों ने यह पता लगाया है कि $H_2$ गैस को 1-4% की सीमा में सांस के अंदर लेने से मानव शरीर की काम करने की क्षमता अत्यधिक बढ़ जाती है, और $H_2$ की सांद्रता 4% से भी कम होने पर आग लगने या धमाके का कोई जोखिम नहीं रहता है।

**● udazH पोर्टेबल हाइड्रोजन इनहेलर है बेहतर सेहत का उपाय**




# भाजपा को चार राज्यों में मिली जीत पर पूर्वांचल मोर्चा ने विशाल बाइक रैली निकालकर मनाया विजय उत्सव



नई दिल्ली, 20 मार्च। भारतीय जनता पार्टी को चार राज्यों में शानदार जीत मिलने पर प्रदेश भाजपा पूर्वांचल मोर्चा द्वारा आज प्रदेश के बुराड़ी में एक विशाल बाइक रैली निकाली गई। इस बाइक रैली में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश के प्रभारी श्री बैजयंत जय पांडा ने कहा कि इस रैली में उपस्थित कार्यकताओं की संख्या इस बात का संदेश है कि केजरीवाल जिस प्रकार का कुशासन चला रहे है, अब जनता उसे बर्दाश्त करने वाली नहीं है। आज समाज का हर वर्ग चाहे वह युवा हो, महिला हो या फिर अन्य कोई भी वर्ग हो, केजरीवाल के झूठे वायदों के बारे में जान और समझ चुका है। इसलिए एक बार फिर से जनता भाजपा को निगम में लाने का फैसला कर चुकी है।

इस बाइक रैली में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता, पूर्व प्रदेश प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद श्री मनोज तिवारी, प्रदेश संगठन महामंत्री श्री सिद्धार्थन, प्रदेश महामंत्री श्री कुलजीत सिंह चहल, श्री हर्ष मल्होत्रा एवं श्री दिनेश प्रताप सिंह, प्रदेश पूर्वांचल मोर्चा के अध्यक्ष श्री कौशल मिश्रा, विधायक श्री अभय वर्मा एवं श्री अजय महावर के साथ प्रदेश, मोर्चा, जिला एवं मंडल के हजारों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आदेश गुप्ता ने पूर्वांचल मोर्चा को विजय उत्सव के तहत बाइक रैली निकाले जाने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि आज जो विजय जुलूस निकाला जा रहा है वह सिर्फ चार राज्यों तक ही सीमित नहीं रहने वाला है बल्कि आगामी निगम चुनाव में भी यह डंका दिल्ली में भी बजने वाला है। आज भाजपा के संगठन में उत्तर प्रदेश एवं बिहार के कार्यकर्ता सिर्फ मोर्चे तक सीमित नहीं रहे हैं बल्कि आज वे मंडल, जिला या प्रदेश में भी नेतृत्व कर अपने दायित्यों का पालन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक समय था जब उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था को तार तार किया जाता था, लेकिन आज जो भी गुंडे और बाहुबली हैं वे या तो राज्य छोड़कर भाग चुके हैं या उनकी जगह जेल में है।

आदेश गुप्ता ने कहा कि जनता ने भाजपा के विकास पर मुहर लगाई है और यह जीत जनता के विश्वास का प्रतीक है। आज अरविंद केजरीवाल ये सोच रहे हैं कि चार राज्यों में भाजपा जीत गई, अब निगम भी न जीत जाए इसलिए पहले ही आरोप लगाने लगे लेकिन उन्हें शायद पूर्वांचल की ताकत का अंदाजा नहीं दिल्ली के निगम चुनाव में भाजपा फिर से जीत कर विजय जुलूस निकालेगी। उन्होंने कहा कि जिस संख्या में आज इस विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया है, यह इस बात का प्रमाण है कि आगामी निगम चुनाव जीतकर भाजपा एक बार फिर से इतिहास रचने वाली है।

# किफायती हाउसिंग को बढ़ावा देने से देश में पटरी पर लौट रहा संपत्ति बाजार



नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार द्वारा नीतिगत समर्थन से देश में किफायती घरों को बढ़ावा मिल रहा है, जिससे इससे फ्लैटों की वार्षिक बिक्री के साथ ही आपूर्ति में भी वृद्धि दर्ज की गई है। ऑनलाइन रियल एस्टेट ब्रोकरेज फर्म प्रॉपटाइगर डॉटकॉम की रिपोर्ट से यह जानकारी सामने आई है। प्रॉपटाइगर डॉटकॉम ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा है कि भारत के आठ प्रमुख हाउसिंग बाजारों में कुल घरों की बिक्री का 43 प्रतिशत हस्सिा 45 लाख रुपये के मूल्य वर्ग के अंतर्गत था, जो कि भारत में कुछ घरों की खरीद पर सरकार द्वारा मिल रही सब्सिडी का लाभ उठाने के लिए आवश्यक है। कंपनी की रिपोर्ट रियल इनसाइट रेजिडेंशियल - एनुअल राउंड-अप 2021 के अनुसार, भारत के आठ प्रमुख रिहायशी बाजारों में घरों की बिक्री 2020 में कुल बिक्री की तुलना में 2021 में 13 प्रतिशत बढ़ी।आयकर कानून की धारा 80ईईए के तहत, भारत में अपना पहली बार घर खरीदने वालों को 1.50 लाख रुपये की अतिरिक्त कर कटौती की पेशकश करता है यदि घर की कीमत 45 लाख रुपये तक है। खरीदार कर्ज पर प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यक्रम (पीएमएवाई) ग्रामीण के तहत सब्सिडी का दावा भी कर सकता है। ऐसे देश में जहां घरों का स्वामित्व पारंपरिक रूप से परिवारों के लिए महत्वपूर्ण रहा है, इस अवधारणा को कोरोना वायरस महामारी के बाद और अधिक बल मिला है। महामारी के दौरान, यहां तक कि युवा सहस्राब्दी और जेनरेशन-जेड, जो किराये के घरों या संपत्तियों की ओर अधिक झुकाव रखते हैं उन्होंने भी घर के स्वामित्व के मूल्य को जाना। विश्लेषण में शामिल रिहायशी बाजारों में अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, कोलकाता, दिल्ली-एनसीआर (गुरुग्राम, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद), एमएमआर (मुंबई, नवी मुंबई और ठाणे) और पुणे शामिल हैं। कंपनी के समूह सीईओ ध्रुव अग्रवाल के कहा कि सरकारी सब्सिडी के अलावा, होम लोन पर ब्याज की कम दरें भी 2021 में देश में घरों की बिक्री का एक बड़ा कारक रही हैं, यहां तक कि अर्थव्यवस्था भी धीरे-धीरे वर्ष के दौरान महामारी की दूसरी लहर के झटके से उबर गई। हम 2022 में आवासीय बाजार में और अधिक तीव्र गतिविधियां देखने की उम्मीद करते हैं।

# पंजाब में नई सरकार के मद्देनजर पंथिक हितेषीयों एवं सीख विचारकों की महत्वपूर्ण बैठक

» स्वतंत्र सिंह भुल्लर मदरलैंड संवाददाता



दिल्ली। पिछले 19 मार्च, को, गुजरखान परिसर में पंथिक हितैषियों की एक बड़ी सभा में सिख विचारकों और विभिन्न सिख संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और पंजाब विधानसभा चुनाव के बाद और पहले की स्थिति पर चर्चा की गई। पंथिक हितैषियों की इस सभा में शिरोमणि अकाली दल दिल्ली के अध्यक्ष स. परमजीत सिंह सरना ने इस सभा को बुलाने के उद्देश्य और आवश्यकता को स्पष्ट करते हुए उपस्थित सभी सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत किया।इस पंथिक सभा में गुरतेज सिंह (आईएएस),गुरदर्शन सिंह ढिल्लों, स्वर्ण सिंह (पूर्व डिप्टी कमिश्नर), पृथ्वीपाल सिंह कपूर, डॉ. बलकार सिंह, स. जगजीत सिंह गाबा, स. गुरप्रीत सिंह (चंडीगढ़), बीरदविंदर सिंह (पूर्व विधानसभा स्पीकर) कुलदीप सिंह विर्क, अजयपाल सिंह बराड़, किरणदीप कौर (रत्रद्धउ सदस्य), जसपाल सिंह हेरा, केहर सिंह, कुलदीप सिंह गर्गज,दविंदर सिंह हरिए वाल, हरजिंदर सिंह मांझी और अन्य पंथिक हितैषियों ने इस बात पर जोर दिया कि पंथिक बलों को जल्द से जल्द संगठित किया जाना चाहिए और पंथ के बोल- बाले के लिए हर संभव प्रयास किया जाना चाहिए।बैठक में मौजूद सिख विद्वानों और नेताओं ने सर्वसम्मति से पांच प्रस्ताव पारित किए। 19 मार्च 2022 को लुधियाना में सिख आगुआं की सभा की वर्तमान स्थिति में स. प्रकाश सिंह बादल के नेतृत्व की विफलता ने पंथिक राजनीति में एक बहुत बड़ा शून्य पैदा कर दिया है। अतः नई परिस्थितियों में सिखी सोच को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक व्यवस्था की जाए और पंथ में नया नेतृत्व खड़ा करने का प्रयास किया जाए ताकि पंजाब की राजनीति और धार्मिक व्यवस्थाओं में पंथ और सिखी को चढदी कलां तक ले जाया जा सके । बैठक में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति को प्रत्यक्ष राजनीतिक प्रभाव से मुक्त किया जाना चाहिए और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति को पूरी तरह से सिख धर्म के प्रचार के लिए प्रयास करना चाहिए। पंथिक हितैषियों की आज की सभा ने सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया कि पंजाब सरकार द्वारा मुख्यमंत्री के कार्यालय से हटाई गई महाराजा रणजीत सिंह की तस्वीर को तुरंत उसी स्थान पर फिर से लगाया जाना चाहिए।पंजाब से राज्यसभा के लिए चुने जाने वाले सात नए सदस्य पंजाब के निवासी और पंजाब के हितों के संरक्षक होने चाहिए।



संक्षिप्त समाचार

## निविदा प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही कर दिया पैचवर्क

मदरलैंड संवाददाता, एटा। लोक निर्माण विभाग की ओर से अलीगंज मार्ग पर पैचवर्क कराने के लिए करीब साढ़े आठ लाख की लागत की निविदा विज्ञप्ति जारी की गई। इसकी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई, उससे पहले ही मार्ग पर पैचवर्क करा दिया गया, जो गड़बड़ी और भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहा है। लोक निर्माण विभाग ने 15 मार्च को एटा-अलीगंज मार्ग पर पैचवर्क के लिए निविदा विज्ञप्ति जारी की। इस मार्ग पर करीब साढ़े आठ लाख की लागत से कार्य होना दशार्या गया। 24 मार्च तक निविदाएं डालने की अंतिम तारीख तय की गई, लेकिन इस निविदा को लेकर लोगों के मन में गड़बड़ी की बात खटक रही है। लोगों का कहना है कि निविदा प्रक्रिया पूरी होना तो दूर, आवेदन की अंतिम तारीख का भी इंतजार नहीं किया गया और अलीगंज मार्ग पर पैचवर्क शुरू करा दिया गया। ऐसा कैसे संभव हो सकता है। निविदा प्रक्रिया पूरी हुए बिना पैचवर्क के कार्य का विभाग बचाव कर रहा है। कह रहा है कि यह कार्य पुरानी निविदा के तहत कराया जा रहा है। ऐसा हो तो भी बड़ा सवाल यह उठता है कि जब पैचवर्क अब हो रहा है तो इसी समय दूसरे पैचवर्क की निविदा जारी क्यों की गई? फिर काम कराने की क्या जरूरत रही?

## मार्च माह में जिला में जून जैसी गर्मी का असर देखने को मिल रहा, लोगों को शीतल पेय का सहारा



मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। मार्च माह में जिला में जून जैसी गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। गर्मी के तीखे तेवरों से यहां का जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। अरावली पहाडियों व राजस्थान की सीमाओं से सटे नूंह जिला में गर्मी का तापमान अन्य जगहों से अधिक रहता हैं। लेकिन मार्च में पड़ रही प्रचण्ड गर्मी का यहां पूरा असर दिखाई दे रहा है। रविवार को जिला में अधिकतम तापमान 38.6 डिग्री सैल्सियस पहुंच गया है जबकि मार्च महीने का अन्य वर्षों में इतना तापमान का रिकार्ड नहीं रहा है और गत वर्ष मार्च माह में कई जगहों पर बारिश के साथ ओले, कोहरा पड़ा था। वहीं, न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री सै0 रिकार्ड किया गया और रविवार को भी शनिवार की तर्ज पर अधिक गर्मी रही। जिला वासियों की माने तो गर्मी का कहर अधिक होने से लोग गला तरर करने के लिए जूश, गन्ने का रस, कोल्ड डिंऊक व कृत्रिम पेय आदि की दुकानों पर कूच करते दिखाई दे रहे हैं। गर्मी की सबसे अधिक मार किडनी, हार्ट आदि बीमारियों से ग्रस्त मरीजों पर इसकी अधिक मार पड़ रही हैं। इन मरीजों को चिकित्सकों की तरफ से अधिक तरल पदार्थ देने के लिए पाबंदी लगी हुई हैं। ऐसे में उन पर इसका अधिक पड़ रहा है। असरफ, कालू, सुरेन्द्र जैन, राजू कटारिया, सुभाष चंद, विनोद शर्मा, दलिप सिंह,देवेन्द्र, राजेन्द्र सिंह, समय चंद, घनश्याम सिंह, पूरन सिंह, गिरिराज सहरावत व रविन्द्र मक्कड आदि का कहना है कि मार्च माह में पड़ रही जेठ माह जैसी गर्मी से लोग हल्कान हैं। गर्मी में बिजल,पानी का संकट बना रहने और लोगों को गला तरर करने के लिए फ्रूट जूश, कॉल्डड्रिंक व कृत्रिम पेय पदार्थों की बिक्री कर रहे दुकानदारों के यहां कूच कर रहे हैं।

## पुलिस की लापरवाही से जिला की अरावली पहाडियों पर अवैध खनन को बढ़ावा मिल रहा



मदरलैंड संवाददाता, नूंह/मेवात। अरावली पहाडियों से चौतरफा घिरे नूंह(मेवात) जिला में पहाड़ पर खनन के लिए उच्चतम न्यायालय ने रोक लगा रखी हैं। जिला प्रशासन उच्चतम न्यायालय की पालना के लिए भारी भरकम पुलिस, होमगार्ड , वन व खनन विभाग की टीमें लगा रखी हैं। लेकिन इसके बावजूद अवैध खननकर्ता नियमों को धत्ता बताकर अवैध खनन करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं इससे पुलिस की सिरदर्दी जहां बढ़ रही हैं। लोगों का आरोप है कि पुलिस की कथित मेल जोल से ही अवैध खनन को बढ़ावा मिल रहा हैं। नूंह पुलिस लाईन के समीप अवैध खनन से भरे डंपर द्वारा दुर्घटना करना, गांव खरक गंगानी पहाड़ दरकने की ताजा घटना इस बात को प्रमाणित कर रही हैं। इसके अलावा जिला की मुख्य, लिंक सडकों पर अवैध खननकताओं द्वारा डाली जा रही अवैध खनन सामग्री भी इस बात को चरितार्थ कर रही हैं। वेदप्रकाश, सुनील कुमार, असरफ, इरसाद, विनोद, ओमबीर आदि ने बताया कि अरावली पहाडियों पर उच्चतम न्यायालय ने खनन पर रोक लगा रखी हैं और पुलिस की चौकसी व जगह-जगह लगे नाकों से अवैध खनन सामग्री भर कर गुजर रहे डंपरों से किसी भी तरह की कोई पूछताछ नहीं होने से अवैध खननकताओं को पुलिस प्रशासन का खुलकर समर्थन मिल रहा है और एक अवैध खनन सामग्री से भरे डंपर का अलवर-दिल्ली मार्ग पर कई नाकों, चौकियों को पार करके गांव सलम्बा में दुर्घटना करना, गांव खरक गंगानी में अवैध खनन करते वक्त पहाड़ दरकने से जेसीबी व डंपर दबना के अलावा जयसिंहपुर पुलिस चौकी के आसपास गांवों में देवला नंगली पहाडी पर अवैध खनन करके पत्थरों का जगह-जगह भण्डारण करना इस बात को प्रमाणित कर रहा है।
हांलाकि, पुलिस की कई बार दबिश से अवैध खननकर्ता डंपर का जैक उठाकर सामग्री को बीच सडक पर डालकर भाग जाते हैं और लोगों व पुलिस की सिरदर्दी बढ़ा रहे हैं।
इस बारे में पुलिस का कहना है कि अरावली पहाडियों में अवैध खनन कतई बर्दाश्त नहीं होगा और साथ ही दावा कर कहा कि अवैध खनन की सूचना पर पुलिस अपना पूरा काम कर रही हैं।

## नूंह-अलवर सडक पर रोजाना हो रहे हादसों से जिलावासी खौफजदा हैं



» मदरलैंड संवाददाता

नूंह/मेवात। राष्ट्रीय राजमार्ग 248ए यानि नूंह-अलवर सडक पर रोजाना हो रहे हादसों से जिलावासी खौफजदा हैं। खूनी सडक के नाम से चर्चित यह सिंगल मार्ग पर हल्के-भारी वाहनों की भरमार होने और यातायात नियमों के सिग्नल न होने से भी हादसों को बढावा मिल रहा हैं।

उधर, दूसरी तरफ लोगों का यह भी कहना है कि जिला की सडकों पर हल्के-भारी वाहन चालक यातायात नियमों का भी बेखौफ उल्लंघन करने से भी दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा हैं। जबकि सडक पर जगह-जगह पुलिस के नाके व बैरिकेटस भी लगे हुए हैं।

हैरानी की बात, यह देखने को मिल रही है कि जिला के लोगों द्वारा लम्बे समय से नूंह से अलवर तक की सडक को फोर लाईन बनाने की मांग की जा रही है और सरकार ने उपरोक्त सडक की मंजूरी का भी प्रावधान रखा हैं। लेकिन आज तक भी काम चालू नहीं होने से दुर्घटनाओं में रोज जान जा रही है।

उमर, राहुल, राजू, नरेश माथुर, त्रिलोक, पूर्व चेयरमैन अर्जुनदेव चावला, रामशरण, रामचंदर, पूर्व पार्षद राजकुमार चुटानी, शेर सिंह आदि ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 248ए यानि नूंह-अलवर सडक पर रोजाना हो रहे हादसों से जिलावासी खौफजदा हैं। खूनी सडक के नाम से चर्चित यह सिंगल मार्ग पर हल्के-भारी वाहनों की भरमार होने और यातायात नियमों के सिग्नल न होने से भी हादसों को बढावा मिल रहा हैं। जबकि गैर सरकारी सामाजिक संगठन से जुड़े लोग लम्बे समय से सडक को फोर लेन बनाने की मांग करते आ रहे हैं लेकिन आज तक इस ओर ध्यान नही दिया गया हैं। जबकि सत्ता पक्ष, सामाजिक संगठन से जुड़े लोग इस फोरमार्ग बनाने के नाम पर अपनी खूब राजनीति चमका रहे हैं परन्तु धरातल पर कुछ नहीं हो पा रहा है।

## सरकारी जमीन को किराये पर देने पर सडके कुंज गलियों में तब्दील हो गई हैं

» मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। सूबे के पिछड़े मेव बाहुल्य जिला में एक बार फिर दुकानों के आगे अस्थाई दुकाने, रेहड़ी,फड़ आदि के दौर ने पैर पसार रखे हैं। इससे बाजार, सडके कुंज गली में तब्दील होने से जाम समस्या को बढ़ावा मिल रहा हैं।

हैरानी की बात देखने को यह मिल रही है कि सामाजिक संगठनों द्वारा स्थानीय व जिला प्रशासन को चींख-चींखकर आवाज बुलंद करने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई हैं। उनका आरोप है कि दुकानदार इस बात से बाज नहीं आने से रोजाना सिरफुटवैल की नौबत बनी रहती हैं और शुक्रवार को जिला का दिल कहलाने वाले छोटे शहर तावडू में नपा प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान नपा अधिकारियों, कर्मचारियों व दुकानदारों के साथ हुई बदस्लूकी, मारपीट व दुर्व्यवहार आदि इस बात को प्रमाणित कर रही हैं।

उल्लेखनीय है कि जिला के तावडू, नूंह, पुन्हाना, नगीना, फिरोजपुर झिरका, पिनगवा के बाजारों, सडकों के दोनों ओर बनी दुकानों के आगे अस्थाई दुकानें, रेहडियां, फड़ आदि से बाजार, सडके कुंज गली में तब्दील हो गई हैं। जिलावासियों की माने तो दुकानदार उनसे मोटा किराया वसूल करके सरकारी जमीन को किराये पर दे देता है इससे तमाम जिला जाम के झाम में तब्दील रहता हैं। ऐसा नही की यह सब बाते प्रशासन की जानकारी में नही हैं और वह जान कर भी अंजान बने बैठे हैं।

हरीश सिंगला, रमेश कुमार, राजू, खूबचंद, इमरान, सलीम आदि ने बताया कि जिला के बाजारों में दुकानदार अपनी दुकानों के आगे सरकारी जमीन को अन्य को सबलेट करने से सडके सिकुड गई है जिससे यहां जाम लगा रहता हैं। उन्होंने बताया कि जिला में यह धंधा बड़े पैमाने पर चला हुआ है लेकिन प्रशासन जान कर भी अंजान हैं।

इस बारे में तावडू नपा के सचिव ने बताया कि उनके समक्ष ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है और प्रशासनिक दस्ता समय-समय पर अतिक्रमण हटाता है।

## होली के बाद उमड़ी भीड़, बस में सीटों को लेकर मारामारी



» मदरलैंड संवाददाता

एटा। होली के बाद लोगों के लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। रविवार को सुबह से ही रोडवेज बस स्टैंड पर यात्रियों की भीड़ उमड़ पड़ी। सीट को लेकर मारामारी हो गई। भीड़ के बीच जूझते हुए तमाम लोगों ने खिड़कियों से बसों के अंदर प्रवेश किया। शुक्रवार को होली का त्योहार था। बड़ी संख्या में दिल्ली सहित अन्य प्रदेशों व जिलों में कार्य कर रहे लोग अपने घरों को आए थे।

रविवार से उनके लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। यूं तो परिवहन निगम यात्रियों की सुविधा के लिए उचित इंतजाम करने का दावा करता रहा है, लेकिन रविवार को इन दावों की हवा निकलती दिखाई दी। यात्रियों के मुकाबले बसें बेहद कम थीं। जिसके चलते यात्री बस स्टैंड और बाहर सड़क पर बसों के इंतजार में शाम तक भटकते नजर आए।

**यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए एटा डिपो से दिल्ली भेजी जा रहीं 60 बसें**

दिल्ली रूट पर जाने वाले यात्रियों को परेशानी न हो, इसके लिए डिपो से 60 बसों को दिल्ली मार्ग पर भेजा जा रहा है। रविवार दोपहर तक तीस बसें दिल्ली मार्ग पर जा चुकी थीं। जबकि बड़ी संख्या में यात्री बसों के लिए भटक रहे थे। दोपहर के समय यात्रियों की भीड़ कुछ कम हुई। वहीं शाम होते ही फिर यात्रियों का दबाव बन गया।

**जिले के सभी मार्गों का भी यही हाल**

दिल्ली के अलावा कानपुर, मैनपुरी, इटावा, हरदोई, बदायूं, बरेली आदि स्थानों पर जाने वाले यात्री भी बसों के लिए भटकते नजर आए। वहीं कुछ बसें बाईपास से होकर निकलती रहीं। जिसके चलते शहर के अंदर रोडवेज बस स्टैंड पर यात्री बसों का इंतजार करते रह गए। बस स्टैंड पर भीड़ का आलम ऐसा था कि जैसे ही कोई बस आती तो लोग बस के पीछे दौड़ पड़ते। परिचालक बस भरी होने का हवाला देते हुए गेट भी नहीं खोल रहे थे।

## जलेसर के केके लॉयल जादूगर को श्री लंका में किया जाएगा सम्मानित

» मदरलैंड संवाददाता

एटा। जनपद की जलेसर तहसील के मूल निवासी और वर्तमान में कलकत्ता में रेलवे में कार्यरत प्रसिद्ध जादूगर के के लायल से हुई वार्ता में उन्होंने बताया कि उनको 21 अप्रैल को श्री लंका में मैजिक सर्किल के 100 साल पूर्ण होने के अवसर पर श्री लंका कोलंबो में इन्टर नेशनल जादू प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में देश विदेश के सैकड़ों जादूगर कलाकार भाग लेंगे। श्री लंका मैजिक सर्किल के आमंत्रण पर गिनीज वर्ल्ड बुक रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा चुके एवं स्वर्ण पदक विजेता जादूगर के. के, लायल 21 अप्रैल को अपना तिलस्म दिखाने को श्री लंका कोलंबो जा रहे हैं। जादूगर के के लायल के पिता रघुबीर सिंह माता भगवती के तीन पुत्रों में जेष्ठ पुत्र का जन्म 1 मई 1969 को गांव रेजुआ तहसील जलेसर जिला एटा उत्तर प्रदेश मै हुआ था 12 साल की उम्र से राह चलते मदारियों से लायल ने बहुत कुछ सीखा है।

**कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित की जा चुकी है के के लॉयल की प्रतिभा**

जादूगर लायल पूरे भारत में जादू के क्षेत्र में अपना नाम कमा चुके तथा कई हजार प्रोग्राम कर जादू प्रेमियों के दिल पर राज करने वाले सार्क विजेता तथा कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किये जा चुके है और भारतीय रेलवे का समय समय पर पुरस्कृत कर मान बढाने वाले दक्षिण पूर्व रेलवे, मध्य पूर्व रेलवे, तथा पूर्व रेलवे के मुख्य प्रबन्धक द्वारा दर्जनों बार पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं। लायल का कहना है कि आज इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की चकाचौध में मनोरंजन के प्रति लोगों में उदासीनता आई है आज के इस चकाचौंध के समय में लोगों के उदास चेहरा देख कर दुख होता है। कुछ पल के लिए लोगों के चेहरों को खुश देख कर मुझे बहुत खुशी होती हैं।

**गिनीज बुक में नाम दर्ज करा चुके जलेसर के के.के. जादूगर**

● कोलंबो में मैजिक सर्किल के 100 वर्ष पूर्ण होने पर इंटरनेशनल जादू प्रतियोगिता का हो रहा है आयोजन

लायल का कहना है भारत सरकार ने सभी पुरानी कलाओ को पोत्साहन के लिए बहुत कुछ किया है लेकिन जादू की इस हजारों वर्ष पुरानी कला को अनदेखा कर जादू कला के साथ सौतेला व्यवहार किया है। भारत सरकार को इस कला को जीवित रखने के लिए इस कला व कलाकारों का सहयोग कर प्रोत्साहन करना चाहिए और सरकारी खर्च पर जादू के बडे-बडे कार्यक्रम आयोजित कर कला व कलाकारों का मान रखना चाहिए।

इस समय जादूगर लायल पूर्व रेलवे प्रिंटिंग प्रेस हावड़ा में कनिष्ठ अभियंता के पद पर कार्यरत हैं और देश विदेश में एटा का नाम रोशन कर रहे है।

## जिलाधिकारी ने नवजात बच्चों को खुराक पिलाकर पोलियो अभियान का किया शुभारंभ

» अंटू मिश्रा, मदरलैंड संवाददाता

एटा। जनपद में पल्स पोलियो के समूल विनाश हेतु रविवार को एक बार पुनः जन्म से लेकर पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का अभियान बड़े ही जोर उत्साह के साथ जनपद में चलाया गया। इस अवसर पर बूथों पर जीरो से पांच वर्ष के तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर पोलियो से पूरी तरह सुरक्षा प्रदान करने का प्रयास किया गया। जनपद के 781 बूथों पर 313181 बच्चों को आगामी 28 मार्च तक पोलियो की खुराक पिलाने हेतु चिन्हित किया गया है। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 यूके त्रिपाठी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में जिला महिला चिकित्सालय पर बने बूथ का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। डीएम ने महिला चिकित्सालय पर बने बूथ पर नवजात बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलायी।



उन्होंने निर्देश दिए कि जनपद में 764 स्थायी बूथ एवं 57 ट्रांजिस्ट बूथ पर 0 से 5 वर्ष तक के चिन्हांकित 313181 बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इस लक्ष्य को प्रत्येक दशा में 28 मार्च तक पूर्ण कर लिया जाए।

जिलाधिकारी ने अभियान से जुड़े समस्त अधिकारियों कर्मचारियों को गंभीरतापूर्वक कार्य करने एवं अभियान को सफल बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा के साथ पालन करें।

## प्रभारी चिकित्सा अधिकारी ने किया पोलिया बूथ का उद्घाटन

» मदरलैंड संवाददाता



एटा। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खड़ौआ डा0 श्रीमती नीतू कुमारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले मातृ एवं शिशु कल्याण केन्द्र ;कोल्ड चैन भगीपुर वि०ख० शीतलपुर पर पहुँचकर विधिवत रूप से सघन पल्स पोलियों अभियान का फीता काटकर एवं नौनिहालों को पोलियों की दवा पिलाकर उद्घाटन एवं शुभारम्भ किया।

डा0 नीतू ने क्षेत्रीय जनता से अपील की कि 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियों की दवा अवश्य पिलवायें। उद्घाटन के अवसर पर रविश सक्सैना स्वास्थ्य निरीक्षिका अफजल अहमद प्रेमलता सक्सैना स्वास्थ्य निरीक्षिका कुमार बी0पी0एम0 चित्ररूपा रत्नेश आँगनबाड़ी शोभा आशा प्रवीन टीकम सिंह विजय सिंह शान्ती देवी आदि ने उपस्थित होकर पोलियों अभियान में सहयोग किया।

## मां जगत जननी जगदंबा जगत की पालनहार हैं : मित्रेश

### गांव रुदायन में हुआ विशाल देवी जागरण का आयोजन रातभर झूमे श्रद्धालु

सिकन्दराराऊ सासनी क्षेत्र के गांव रुदायन में शनिवार को 105 वर्ष पुराना होली महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर दिन में मां काली की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसका जगह-जगह जोरदार स्वागत हुआ और रात्रि में मां भगवती का विशाल देवी जागरण संपन्न हुआ। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय विप्र एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मित्रेश चतुर्वेदी ने विधि विधान के साथ मां भगवती की पूजा अर्चना करके तथा ज्योति जलाकर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय संगठन प्रभारी विजयवर्ती पाठक, राष्ट्रीय सचिव तरुण चतुर्वेदी, प्रदेश महासचिव राकेश उपाध्याय, प्रदेश उपाध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रशांत पाठक एवं अलीगढ़ मंडल अध्यक्ष ध्रुव शर्मा थे। आयोजकों द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों का फूल माला तथा पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके जोरदार स्वागत किया गया। श्रद्धालुओं ने रातभर देवी जागरण का आनंद लिया और माता रानी की ममतामई भैंटों पर भक्ति में लीन होकर झूमते रहे।



मुख्य अतिथि मित्रेश चतुर्वेदी ने कहा कि मां जगत जननी जगदंबा जगत की पालनहार हैं। वह अपने भक्तों की सदैव रक्षा करती हैं, ।आपसी सद्भाव तथा प्रेम के साथ एक दूसरे से मिलना जुलना ही वास्तव में त्यौहार है। कोई भी त्यौहार इससे अछूता नहीं हो सकता। भारतीय संस्कृति में जितने त्यौहार और पर्व हैं, सभी सामाजिक समरसता का संदेश देते हैं। होली के त्यौहार से हम सबको आपस में सभी प्रकार के भेदभाव मिटाकर संगठित रहने का संदेश मिलता है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति इस दुनिया में सर्वाधिक पुरानी संस्कृति है, जिसे कभी कोई नहीं मिटा सकता। अपनी संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए हम सभी लोगों को जागरूक रहना चाहिए। ब्राह्मण समाज ने हमेशा सनातन संस्कृति की रक्षा करने के लिए सर्व समाज के लोगों को साथ लेकर चलने का काम किया है और आज भी ब्राह्मण अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा है।

इस अवसर पर विनय चतुर्वेदी, जितेंद्र चतुर्वेदी, सुभाष शर्मा, मदन मोहन वत्स ,विमल तिवारी ,मोनू शर्मा, कांता पचौरी ,सुनील चतुर्वेदी, प्रेमशंकर शर्मा, अखिलेश श्रोती, सुरेंद्र पाठक, बंटी प्रधान, त्रिमोहन, दुर्गेश पचौरी ,अनुराग शर्मा, शुभम उपाध्याय , प्रभाकर पाठक, शुभम तिवारी ,रिंकू चतुर्वेदी, कुलदीप तिवारी, रितिक पांडेय , शशांक दीक्षित, अनंत चतुर्वेदी, वंश चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

## बिजली की हाई पावर की लटकती जान लेवा तारों से रोजाना हादसें हो रहे हैं

» मदरलैंड संवाददाता



नूंह/मेवात। बिजली की हाई पावर की लटकती जान लेवा तारों से रोजाना हादसें हो रहे हैं और उपभेक्ताओं द्वारा इसकी बार-बार शिकायत देने के बाद भी समस्या समाधान नही हो पा रहा है।

हैरत की बात देखने को यह मिल रही है कि बिजली मंत्री के जिला में दौरे के दौरान उनके समक्ष पहुंची शिकायतों के आधार पर समस्या समाधान के निर्देश दिए गए थे। लेकिन उपभोक्ताओं की माने तो बिजली अधिकारियों पर बिजली मंत्री के आदेश असर का नहीं हैं। वहीं, तावडू स्थित 66 केवीए बिजली घर ,तहसील के पीछे लटकती हाईवॉल्टेज की जान लेवा तारों से हो रहे हादसों की एसडीओ बिजली, कार्यकारी अभियंता(ऑपरेशन) व अधीक्षन अभियंता आदि के अलावा जिला के जनता दरबार में शिकायत देने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका हैं। जबकि बिजली विभाग से लटकती जान लेवा तारों व खम्बों को हटाने के लिए तैयार खाका की अनुमति मिलने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो सका हैं।

इस बारे में बिजली अधिकारी लियाकत खान ने माना कि तहसील व बिजली घर के पीछे लटकती हाईवॉल्टेज की तारों को हटाने के लिए तैयार खाका की अनुमति आ गई है और साथ ही दावा कर कहा कि जल्द ही समस्या का समाधान कराया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### बसपा में फिर बदलाव, अब बीआर धोनी बने प्रदेश अध्यक्ष

मदरलैंड संवाददाता, हरिद्वार। उत्तराखण्ड में बसपा में एक बार फिर से बदलाव हो गया है। अब बसपा ने बीआर धोनी को प्रदेश का नया अध्यक्ष बनाया है। हटाए शीशपाल सिंह महज 5 महीने ही प्रदेश अध्यक्ष पद पर काबिज रह चुके हैं। प्रदेश में हार के बाद बसपा ने यह बदलाव किया है। विधानसभा चुनाव की हार के लिए पार्टी ने शीशपाल सिंह के सिर ठींकरा फोड़ा है। बसपा में बार-बार बदलाव ही प्रदेश में उसकी हार की बड़ी वजह भी माना जाता रहा है। अब पंचायत चुनाव में पार्टी पर इसका कितना असर पड़ेगा और नए प्रदेश अध्यक्ष कितने दिन पद पर बने रहेगें। इसे लेकर भी कार्यकर्ताओ में चर्चाए शुरू हो गई हैं। प्रेस को जारी बयान में उत्तराखण्ड बसपा के को-आर्डिनेटर नरेश गौतम ने बताया कि अल्मोड़ा निवासी बीआर धोनी को बसपा सुप्रीमो मायावती की ओर से प्रदेश में अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीआर धोनी इससे पहले भी बसपा में प्रदेश अध्यक्ष के पद पर काबिज रह चुके हैं। इनके अलावा दयाचरण दिनकर को को-ऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नरेश गौतम के मुताबिक पार्टी हाईकमान ने उन्हे उत्तराखण्ड में को-ऑर्डिनेटर नियुक्त किया है। बता दें कि जनपद हरिद्वार में अप्रैल माह में पंचायत चुनाव संभावित माने जा रहे हैं, जिसमें बसपा के नए पदाधिकारियों के लिए जीत एक परीक्षा की तरह ही रहेगी। इस बाबत नरेश गौतम ने दावा किया कि बसपा जनपद में सभी जिला पंचायत सीट जितेगी। सभी सीटों पर टिकट को लेकर पार्टी के पास आवेदन आए हुए हैं। जिन्हे विधायकों और दूसरे पदाधिकारियों की सहमति के बाद पार्टी हाईकमान के पास भेजा जा रहा है। वहीं से टिकट का फैंसला होना है।

### कांग्रेस नेता अकील अहमद ने की खुद को पार्टी से निष्कासित किए जाने की मांग

देहरादून, एजेंसी। कांग्रेस नेता अकील अहमद ने खुद को पार्टी से निष्कासित किए जाने की मांग की है। उत्तराखंड में मुस्लिम यूनिवर्सिटी की मांग करने के बाद अकील अहमद सुर्खियों में आए हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के उन्हे प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया था। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार का ठीकरा अकील अहमद पर फोड़े जाने से वह पार्टी से काफी नाराज हैं। उन्होंने कहा कि अगर उनके निष्कासन से पार्टी को संजीवनी मिलती है तो वह निष्कासन के लिये तैयार हैं। अकील अहमद ने विधानसभा चुनाव के दौरान मुस्लिम विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग की थी। इस मुद्दे को लेकर भाजपा और खासतौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी तरह से हमलावर दिखे और कांग्रेस के खिलाफ माहौल बना। ऐसे में अब हार के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इस मुद्दे को हार का बड़ा कारण मान रहे हैं। अकील अहमद ने कहा कि पूर्व सीएम हरीश रावत और निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह के बयानों से आहत हूं। अकील अहमद ने कहा कि हरीश रावत कह रहे हैं कि उनकी बेटी को हराने के लिए मुस्लिम यूनिवर्सिटी का बयान दिया गया, जबकि जब सहसपुर से मैंने नामांकन किया तो मुझे बिठाने के लिए मोहन प्रकाश आए थे। मैंने पार्टी के समक्ष सहसपुर में अस्पताल, डिग्री कॉलेज मुस्लिम यूनिवर्सिटी और ट्रंचिंग ग्राउंड हटाने जैसी 10 मांगें रखीं थी। मुस्लिम यूनिवर्सिटी की मांग भी उच्च शिक्षा को लेकर थी। ऐसे विवि देश में पहले से हैं उनमें सभी धर्मों व समुदायों के लोग पढ़ते हैं। प्रधानमंत्री मोदी तक ने मुस्लिम यूनिवर्सिटी का मसला उठाया और माहौल तैयार किया।

### हरीश रावत ने अपने खिलाफ सोशल मीडिया में दुष्प्रचार पर साइबर क्राइम में दर्ज करवाई एफआईआर

देहरादून, एजेंसी। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने अपने खिलाफ सोशल मीडिया में दुष्प्रचार पर साइबर क्राइम देहरादून में एफआईआर दर्ज करवाई है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। आपको बता दें कि सोशल मीडिया पर सक्रिय हरीश रावत ने धामी की धूम नाम से चल रहे पेज के खिलाफ आपत्ति दर्ज कराई है। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा है कि इस पेज पर मेरे खिलाफ मुस्लिम विवि बनाने की बात कह कर दुष्प्रचार किया जा रहा है। अपने पोस्ट में हरीश रावत ने लिखा है कि अभी परसों मैंने अपने फेसबुक पेज पर लिखा था कि मुस्लिम यूनिवर्सिटी पर बोले गए झूठ के प्रकरण को हमारे तर्कपूर्ण खंडन के बाद समाप्त मान लिया जाए। हमने इस संबंध में एक प्रार्थना पत्र साइबर क्राइम देहरादून में एफआईआर दर्ज करने हेतु दिया है। भाजपा संगठित तौर पर इस झूठ को आज भी फैलाने में लगी है। यह झूठ धामी की धूम फेसबुक पेज जो राज्य के निवर्तमान मुख्यमंत्री का पेज है, जिसमें उनके साथ प्रधानमंत्री का चित्र भी लगा है। पेज में जिस समाचार पत्र के आधार पर इस झूठ को फैलाकर विद्वेष पैदा किया गया है, वो कहीं से भी प्रचारित-प्रकाशित नहीं है। वह कहां से मुद्रित है, इसको खोजना तो असंभव है। इस समाचार पत्र का कोई नाम भी नहीं है। किसी एजेंसी को उद्धृत नहीं किया गया है। इस झूठे समाचार को गढ़ने व प्रचारित करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के डर्टीट्रिक्स विभाग अर्थात सोशल मीडिया में यह सब षड़्द्धंत्रकारी कूट रचा गया है। पूर्व सीएम हरीश रावत ने लिखा है कि यदि कोई व्यक्ति इस तरीके के समाचार पत्र की 10 प्रतियां जिसमें संपादक, मुद्रक, वितरक और समाचार पत्र संवाददाता का नाम सहित मुझे उपलब्ध करवा दे तो मैं रू 50,000 उस व्यक्ति को देने को तैयार हूं। धामी जो राज्य के पुनः मुख्यमंत्री बन सकते हैं, को इस अनैतिक कृत्य/झूठ का खण्डन करने के लिए स्वयं आगे आना चाहिए।

### दवा कंपनी की तीसरी मंजिल पर लगी आग, मची अफरा तफरी



काशीपुर, एजेंसी। काशीपुर में मुरादाबाद रोड पर एग्रोन रेमेडीज नामक एक दवा कंपनी स्थित है। देर सायं अचानक कम्पनी की तीसरी मंजिल पर स्थित मेडिसिन परीक्षण लैब तथा रिकार्ड रूम में आग लग गयी। आग लगने से कंपनी कर्मचारियों तथा अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। आग चूंकि कम्पनी की तीसरी मंजिल पर लगी थी इसीलिए दमकल विभाग की टीम को आग बुझाने के लिए घंटों कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान दमकल विभाग की गाड़ियों के अलावा बहल पेपर मिल, नैनी पेपर मिल तथा सिद्धार्थ पेपर मिल की भी आग बुझाने की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। दमकल विभाग की टीम ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फिलहाल इस दौरान किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई। वहीं आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है लेकिन माना जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी होगी। कंपनी में हुए नुकसान का भी आकलन नहीं किया गया है।

# ज्योतिष सम्मेलन में दिया गुरूओ के सम्मान, दुनिया के भविष्य पर जोर



» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष आचार्य रविंद्र पुरी महाराज ने कहा ज्योतिष विद्या भारतीय संस्कृति की सबसे प्राचीन विद्या है। इसके माध्यम से भारतीय प्राचीन संस्कृति का डंका पूरे विश्व में बजा है। रामनगर स्थित होटल में कृष्णा देवी सेमवाल की स्मृति में उत्तराखंड ज्योतिष परिषद द्वारा आयोजित 55वें अखिल भारतीय ज्योतिष सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि आचार्य रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि ज्योतिष एक ऐसी विद्या है इसके माध्यम से हजारों वर्षों की जानकारी को सही ढंग से देखा जा सकता है। भूत और वर्तमान का सही आकलन ज्योतिष में ही निहित है। यह विद्या केवल भारत वर्ष में नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व में अपनाई जाती रही है। उन्होंने कहा कि साधना के बिना ज्योतिष अधूरी है और जो व्यक्ति शुद्धता, सत्यता एवं तप के साथ ज्योतिष के क्षेत्र में कार्य करता है तभी सफल होता है। बिना आशीर्वाद के कोई भी व्यक्ति यश और ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकता, इसलिए गुरुजनों की शरण में आकर प्रत्येक व्यक्ति को उनसे संस्कार प्राप्त कर सही दिशा का अनुसरण करना चाहिए। सम्मेलन आयोजक एवं ज्योतिषाचार्य पंडित रमेश सेमवाल ने कहा कि उनके द्वारा ज्योतिष के प्रचार-प्रसार के लिए उत्तराखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश में दर्जनों ज्योतिष सम्मेलन आयोजित किए गए हैं। ज्योतिष को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वह 3 दशकों से लगातार कार्यक्रमों आयोजित कर रहे हैं, यही कारण है आज ज्योतिष का प्रचार-प्रसार देश-विदेशों में बड़ी तेजी से फैल रहा है। ज्योतिष सम्मेलन का शुभारंभ वेद मंत्र एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। देश भर से आए ज्योतिषों ने देश की स्थिति एवं विश्व के बिगड़ते हालात पर विस्तार से चर्चा की। रूस-यूक्रेन युद्ध चर्चा ज्योतिष सम्मेलन में प्रमुख रही। मेयर गौरव गोयल तथा विधायक प्रदीप बत्रा ने भी विचार व्यक्त किए। आचार्य पंडित रमेश सेमवाल ने अतिथियो का स्वागत किया। इस अवसर पर स्वामी दिनेशानंद भारती, कृष्णा कंसवाल, शुभम शुक्ला, जीवन खनाल, प्रकाश चंद सारस्वत, सुनील माथुर, मधुकर मिश्र, विनोद प्रकाश, मदन सिंह रावत, डॉ. आरपी द्विवेदी, पंडित मथुरा प्रसाद, हिमांशु जैन, आचार्य भास्कर, आनंद अग्रवाल, डॉ. प्रकाश चमोली, आचार्य पंडित प्रवेश शर्मा मौजूद रहे। सम्मेलन में ज्योतिष पुस्तक का भी विमोचन किया गया। सम्मेलन में ज्योतिष शिरोमणि सम्मान एवं महर्षि पराशर ज्योतिष सम्मान से सम्मानित किया गया। पंडित रमेश द्विवेदी, डॉ. भैरव प्रकाश दधीच, महामंडलेश्वर संत कमल किशोर, डॉ. अनीश ब्यास, भगवान सहाय शर्मा, रंजीता व्यास, लक्ष्मी शर्मा, गोपाल कृष्ण वेदिया, साक्षी भार्गव, राजेश कुमार मीणा, रूना संधीर, गौरी शर्मा, सुभाष शर्मा, कृष्ण पंत बृजवासी, डॉ. ललित मोहन जोशी, धर्मेंद्र कुमार बंसल, प्रकाश चंद सारस्वत, सुनील माथुर, डॉ. कुमार गणेश, आचार्य विपिन डागर, डॉ. ललित, भारत भूषण, रोशन नौटियाल, संजीव ममगई, मुकेश पैन्यूली, नरेश सेमवाल, वेदाचार्य नवीनचंद्र उप्रेती, ज्योतिषाचार्य शिव शर्मा, डॉक्टर पवन सिंह, अंकुर गोयल, अशोक कुमार, पंडित प्रशांत चतुवेर्दी, पंडित शैलेश शास्त्री, पंडित उपेंद्र कुमार शर्मा, पंडित मुकेश पेटवाल, पंडित विनोद शर्मा, कृष्ण सिंह, धीरेंद्र सिंह राठौर मौजुद रहे।

# भारतीय ब्राहमण समाज में फिर विवाद, दो लोगों पर लगाए आरोप



» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। भारतीय ब्राह्मण समाज संस्था की रुड़की इकाई में विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को प्रेस वार्ता में पदाधिकारियो ने कहा कि पूर्व अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी अभी भी खुद को कार्यकारिणी के पदों पर बता रहे हैं। परशुराम भवन में पत्रकारों से वार्ता में खुद को भारतीय ब्राह्मण समाज की रुड़की इकाई का मौजूदा अध्यक्ष बताते हुए सतीश शर्मा ने कहा कि समाज के 15 संरक्षकों में से 12 ने उन्हें सर्वसम्मति से 5 जून 2021 को अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। जिसके बाद उन्होंने कार्यकारिणी का गठन भी किया। सतीश शर्मा के अनुसार बीते वर्ष जून में अपना कार्यकाल खत्म कर चुके पदाधिकारी अभी भी खुद को मौजूदा पदाधिकारी बता रहे हैं। जबकि नियमानुसार उनका दो साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है। साथ ही कहा कि पिछली कार्यकारिणी ने गलत तरीके से कार्यकाल बढ़ाकर तीन साल कर लिया। जो कि न्यायसंगत नहीं था। उन्होंने कहा कि पूर्व पदाधिकारी अगर खुद को मौजूदा पदाधिकारी बताना बंद नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आरोप लगाया कि पिछली कार्यकाल में कार्यकारिणी और आमसभा की बैठक तक नहीं हुई। परशुराम के मंदिर के स्थानांतरण का निर्णय भी स्वयं ही ले लिया गया। सतीश शर्मा ने निर्माण कार्य में लाखों रुपये खुर्द बुर्द करने के आरोप लगाए। आरोप लगाया कि भारतीय ब्राह्मण समाज एक पंजीकृत संस्था है। इसे ट्रस्ट में तबदील कर परशुराम भवन की करोड़ों की जमीन को औने-पौने दामों में बेचने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ब्रहामण समाज सम्बन्धी जो भी निर्णय लिया जाएगा वह नई कार्यकारिणी लेगी। दावा किया कि पूरा समाज उनके साथ है और उनकी कार्यकारिणी समाज की संपत्ति को खुर्द बुर्द नहीं होने देगी। इस मौके पर पूर्व चैयरमैन पंडित दिनेश कौशिक, बिटटू शर्मा, पार्षद जेपी शर्मा, सुधीर शांडिल्य, पंडित रोहित शर्मा, अवनीश शर्मा, पवन कुमार शर्मा, वरुण शर्मा, प्रमोद शर्मा, शोभित गौतम, राजकुमार शर्मा, अरविंद गौतम, अवनीश शर्मा, विशाल शर्मा, सरवन शर्मा और रत्न ाकर शर्मा आदि मौजूद रहे।

# स्वयंसेवियो ने अभियान चलाकर किया कोरोना वैक्सीनेशन को जागरूक




» मदरलैंड संवाददाता

लक्सर। हर्ष विद्या मंदिर पीजी कॉलेज रायसी के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया गया। सभी छात्रों ने अपने अपने क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया। स्वयंसेवकों ने बताया कि राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस सिर्फ बच्चों के लिए ही नहीं बल्कि सभी के लिए आवश्यक है। वर्तमान में कोरोना महामारी के दौरान कोरोना वैक्सीन इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। वैक्सीन के द्वारा हम भयानक और गंभीर बीमारियों को रोक सकते हैं। टीकाकरण एक प्रभावी माध्यम है। टीकाकरण अभियान के कारण ही आज टेटनस, पोलियो, खसरा जैसी संक्रामक और खतरनाक बीमारियां खत्म हुई हैं। सभी स्वयंसेवकों ने जागरूकता अभियान के तहत कोरोना वैक्सीन से जुड़ी अफवाहों का भी खंडन किया और अधिक से अधिक संख्या में वैक्सीनेशन लगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया। उत्तराखंड में छोटे बच्चों को वैक्सीन लगाने का प्रोग्राम भी शुरू हो चुका है उसी के तहत सभी अभिभावकों को उनके 12 साल से ऊपर के बच्चों को वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। प्राचार्य डॉ राजेश चंद्र पालीवाल ने एनएसएस द्वारा चलाए गए जागरूकता अभियान की सराहना की। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ दीपिका भट्ट ने बताया कि जागरूकता अभियान के द्वारा घर घर जाकर छात्रों द्वारा कोरोना वैक्सीनेशन के लिए सभी को प्रेरित किया जा रहा है।

# शिकायतों पर कार्रवाई, गोपश्वेर भेजे गए श्रम विभाग रुड़की के वरिष्ठ सहायक

» मदरलैंड संवाददाता

रूड़की। भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण संघ हरिद्वार द्वारा लम्बे समय से श्रम प्रवर्तन अधिकारी कार्यालय रुड़की में वरिष्ठ सहायक के पद पर तैनात अजय कुमार बर्मन के द्वारा निर्माण मजदूरों की पत्रावालियां गायब किये जाने के मामले को लेकर विभाग के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर कई शिकायतें की थी जिसे संज्ञान में लेकर वरिष्ठ सहायक अजय कुमार बर्मन का तबादला उपश्रमायुक्त हरिद्वार ने गोपेश्वर चमोली कर दिया। बता दें कि अजय कुमार बर्मन की नियुक्ति उनके पिता शिवलाल जो कि रुड़की में ही लिपिक पद पर थे, के मृत्युपरांत मृतक आश्रित के आधार पर कनिष्ठ सहायक के पद पर फरवरी २०१४ में हुई थी। ८ वर्ष से इसी कार्यालय में कुंडली मारे बैठे थे। क्षेत्रीय एवं सगे सम्बन्धियों के असरदार पद पर होने के नाते दबंग किस्म के हैं छोटी- मोटी शिकायतों से इन पर कोई असर नहीं पड़ता द्य गजब की बात है कि निवास स्थान से पांच सौ मीटर कार्यालय है द्य पूर्व में जितने श्रम प्रवर्तन अधिकारी आये सबको अपने मातहत रखा। नवीन चंद्र कुरील के मुताबिक शासन के कार्मिक विभाग की त्रुटि से तत्कालीन श्रम प्रवर्तन अधिकारी धर्मराज का तबादला काशीपुर कर दिया गया और सरताज सिंह रांघड जो कि टिहरी के श्रम प्रवर्तन अधिकारी थे, को रुड़की कर दिया गया। कुछ ही समय बाद पुनः तबादला युक्त श्रम प्रवर्तन अधिकारियों को अपने अपने स्थान पर योगदान करने के लिए आदेश हुआ लेकिन श्रम प्रवर्तन अधिकारी संघ के अध्यक्ष के रूप माने जाने वाले सिरताज सिंह रांघड ने उच्च न्यायलय का दरवाजा खटखटाया और स्थगन आदेश ले आये। जिसकी वजह से उनका स्थानान्तरण रुक गया। उन्होंने आफिस की सफाई कराई और सारे तितर बितर पत्रजात खंगाले तथा कार्यालय को अपने अनुकूल किया। पत्रजातों को खंगालने पर पता चला कि तमाम शिकायतें लंबित पड़ी हैं निर्माण मजदूरों के बहुतायत आवेदन प्राप्ति रजिस्टर के अनुसार गायब हैं उन्होंने यूनियन के पदाधिकारियों से भी संपर्क साधा उच्चाधिकारियों के आदेश पर भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण संघ हरिद्वार स्थित भगवानपुर कार्यालय की स्थलीय जांच भी की। कुरील के मुताबिक ऐसे अधिकारी जो कानूनन किसी को बख्सने वाले नहीं हैं उन्होंने अजय कुमार बर्मन को कई बार बैठाकर समझाने का प्रयास किया, लेकिन उन पर कोई असर नहीं हुआ। यहां तक कि कम्प्यूटर में दक्ष होने के कारण पत्र प्राप्ति ध्प्रेषण छोड़कर बाकी बाबू का काम भी वह स्वयं ही करते देखे गए हैं। वहीं जनपद स्तरीय एक निर्माण मजदूर यूनियन के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार को पत्र भेजकर रिश्वत न देने पर जान से मारने की धमकी का आरोप अजय कुमार बर्मन वरिष्ठ सहायक रुड़की पर लगाया है जिसकी जांच चल रही है। हालांकि तबादले का आदेश मिलते ही वरिष्ठ सहायक की तबियत खराब हो गई है उन्होंने विभाग में छुट्टी की अर्जी लगा दी है हो सकता है मेडिकल भी लेना पड़ जाये। छुट्टी लेकर तबादला रुकवाने के लिए वह हाथ पांव मार रहे हैं।

# नूतन भारद्वाज काव्य समारोह में छाए भारतीय संस्कृति के रंग



» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा के संयुक्त शिक्षानिदेशक डॉ. आनंद भारद्वाज की पत्नी स्व. नूतन भारद्वाज की तीसरी पुण्य तिथि के अवसर पर स्मृति काव्य संध्या का आयोजन किया गया। साहित्यकार डॉ. योगेंद्र नाथ अरुण की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मेयर गौरव गोयल मुख्य अतिथि रहे। नव सृजन साहित्यिक संस्था के संरक्षक एसके पुण्डीर सरित, वरिष्ठ पत्रकार अधिवक्ता, कवि, लेखक, विचारक गोपाल नारसन, नव सृजन संस्था के अध्यक्ष नीरज नैथानी, महासचिव किसलय क्रांतिकारी, कोषाध्यक्ष पंकज त्यागी असीम, उपाध्यक्ष नवीन शरण निश्चल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ नव सृजन की महिला उपाध्यक्ष अलका घनशाला ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत कर किया। तत्पश्चात पंकज गर्ग, राम शंकर सिंह, घनश्याम बादल, राज कुमार उपाध्याय, अनुपमा गुप्ता, अशोक शर्मा, अनिल वर्मा अमरोही, डॉ. मनु शिवपुरी, कवि कुमार राम, डॉ. वंदना भारद्वाज, डॉ. अभिषेक भारद्वाज, डॉ. हरीश गुरार्नी एवं अन्य अतिथियों ने काव्य रचनाओं के माध्यम से स्व. नूतन भारद्वाज को श्रृद्धांजलि प्रदान की। डॉ. आनंद भारद्वाज ने रचना पढ़ी...तेरा जाना अखरा जैसे उपवन में पतझड़ आया, विधिना के काल चक्र ने छीन लिया तेरा साया। एसके पुण्डीर सरित ने पढ़ा...जब भी गढ़े पांव में वक्त के नागफन। बेटियां राह में बिछ गई बन उपवन। सुरेंद्र कुमार सैनी ने विरह गीत प्रस्तुत किया...बहुत मिलेंगे जो हमदर्दी जताएंगे, मगर हम तेरे जैसा दिल कहां से लाएंगे। डॉ. वंदना भारद्वाज ने मां के सर्वोच्च स्थान को इस तरह व्यक्त किया...दुनिया का कोई रिश्ता छोटा या बड़ा नहीं होता। पर मेरी मां के बराबर आज भी कोई खड़ा नहीं होता। हरिद्वार से पहुंची डॉ. मनु शिवपुरी ने रचना पाठ किया नहीं चाहिए कोई दक्षिणा तू तो मेरा अभिमान है, दो बातें मन की कर लूं बस यही मेरा अरमान है। पंकज त्यागी ने अपने अंदाज में गजल पढ़कर वाहवाही लूटी। पत्रकार व कवि गोपाल नारसन ने मनभावन रचना का पाठ कर उपस्थित श्रोताओं की खूब तालियां बटोरीं। किसलय क्रांतिकारी, राम शंकर सिंह, घनश्याम बादल, अशोक शर्मा, नवीन शरण, अनुपमा गुप्ता, राज कुमार उपाध्याय, कवि कुमार राम की कविताएं भी श्रोताओं ने खूब सराही। समारोह में आमंत्रित कवियों को डा आनंद भारद्वाज ने माल्यार्पण एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में इंटर कालेज झबरेड़ा की प्रधानाचार्या पूनम शर्मा, प्रा वि रहीमपुर की अध्यापिका कविता शर्मा, आरएमपीपी नारसन की प्रवक्ता डा कल्पना शर्मा, धनांश भारद्वाज आदि साहित्यानुरागी उपस्थित रहे। काव्य निशा का मंच संचालन नव सृजन संस्था के अध्यक्ष नीरज नैथानी ने किया।

# आत्म सशक्तिकरण से ही हो सकता है समस्याओं का समाधान

## चुनौतियो पर काबू के लिए दिया आत्म सशक्तिकरण पर जोर



» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के रुड़की सेवा केंद्र पर चुनौतियो पर काबू के लिए आत्म सशक्तिकरण विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रदीप बत्रा व विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तराखंड शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ आनन्द भारद्वाज ने भाग लिया। संस्था की देहरादून जोनल इंचार्ज बीके मंजू, हरिद्वार केंद्र प्रभारी बीके मीना, रुड़की सेवा केंद्र प्रभारी बीके गीता ने विषय संदर्भित विचार मंथन किया। ब्रह्माकुमार सुशील के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने अतिथियों का गुलाब देकर स्वागत किया व घरेलू हिंसा रोकने की नाटिका प्रस्तुत की। शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ आंनद भारद्वाज ने कहा कि आध्यात्मिक क्षति ही सबसे बड़ी क्षति है। उन्होंने श्रीमद्भागवत गीता का संदर्भ देते हुए कहा कि जहां शांति, धर्म और अध्यात्म होता होता है वही आत्मा सशक्त हो जाती है जिससे हम हर समस्या का पार पा सकते है। यह राजयोग से ही होना संभव है। राजयोगिनी बीके मीना दीदी ने कहा कि परमात्मा के बताए मार्ग पर चलकर ही हम चुनोतियो से पार पा सकते है। विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि सकारात्मक सोच से ही हम चुनोतियो से पार पा सकते है। उन्होंने राजयोग को जीवन के लिए आवश्यक बताया। अध्यक्षता कर रही राजयोगिनी बीके मंजू दीदी ने कहा कि आत्मा एक एनर्जी है, अगर एनर्जी कम होगी तो हम परिस्थितियों व चुनोतियो का सामना नही कर पाएंगे, हमे स्ट्रेस हो जाएगा, लेकिन अगर आत्म सशक्त है तो हर समस्या का समाधान करने में हम सक्षम होंगे। इस अवसर पर एआरटीओ एल्विन, नरेंद्र चैधरी, शिव कुमार, कृष्ण छाबड़ा श्रीगोपाल नारसन आदि ने भाग लिया।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

मदरलैण्ड वॉइस 05
नई दिल्ली, सोमवार, 21 मार्च 2022

## संक्षिप्त समाचार

### चतुर्थ राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ आज

मदरलैंड संवाददाता, नारनौल। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से 21 मार्च से 4 अप्रैल तक चतुर्थ राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त श्याम लाल पुनिया 21 मार्च को लघु सचिवालय के नजदीक स्थित सभागार भवन से चतुर्थ राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ करेंगे। यह जानकारी देते हुए जिला महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव ने बताया कि देश आजादी की 75 वीं वर्षगांठ मना रहा है। हमारा उद्देश्य है कि देश के हर नागरिक को पोषण के बारे में सही जानकारी हो ताकि वह पोषण आहार लेकर स्वस्थ रह सकें। उन्होंने कहा कि जब देश का नागरिक स्वस्थ रहेगा तभी देश तरक्की करेगा। आजादी की अमृत महोत्सव के तहत 21 मार्च को उपायुक्त श्याम लाल पूनिया चतुर्थ राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ करेंगे। यह पोषण पखवाड़ा 4 अप्रैल तक चलेगा। चतुर्थ राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के तहत सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी वर्कर व हेल्पर लोगों को पोषण के बारे में जागरूक करेंगी। उन्होंने बताया कि इस पोषण पखवाड़े का उद्देश्य हर नागरिक को पोषण आहार के बारे में जागरूक करना है।

### 12 से 18 वर्ष के बच्चों को कोरोना रोधी टीकें लगाये



मदरलैंड संवाददाता ,कनीना। कनीना 19 मार्च कोविड-19 के संक्रमण से बचाव के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेहलग द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खेड़ी तलवाना में 12 साल से 18 साल के बच्चों का टीकाकरण किया गया इस अवसर पर स्वास्थ्य निरीक्षक राजेंद्र सिंह खेड़ी की केंद्र प्रभारी संतरा देवी नर्स आशा कुमारी नर्स वरिष्ठ प्रवक्ता नरेश कौशिक राकेश कुमार कोच प्रवीन शास्त्री सत्यवीर सिंह संजय मेहरा सुरेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे स्वास्थ्य निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने बताया कि इस बार नई वैक्सीन में बेहतर ढंग की सुईं का इस्तेमाल किया गया है जिसमें सिरिंज प्रयोग के बाद उसकी सुई स्वत ही नष्ट हो जाती है उन्होंने बताया कि आज 80 विद्यार्थियों का टीकाकरण किया गया है इनमें कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों का टीकाकरण किया गया है तथा 12 साल से 14 साल की आयु वर्ग के विद्यार्थियों का टीकाकरण सोमवार को किया जाएगा।

### हमें अपने अंदर छुपी बुराइयों को दूर कर देना चाहिए

मदरलैंड संवाददाता ,कनीना। हमें अपने अंदर छुपी हुई बुराइयों को होली में दहन कर देना चाहिए और आज से अपने नए जीवन की शुरूआत कर सभ्य समाज का उत्थान करने में आगे बढना चाहिए। ये विचार कृष्णानंद महाराज ने धनौंदा में विश्व शांति के लिए किए गए यज्ञ के उपरांत भक्त जनों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हम दूसरों में बुराइयां देखते हैं तो हमें उससे पहले अपने अंदर एक बार अवश्य ही झांक लेना चाहिए क्योंकि जब हम अपने अंदर छुपी हुई बुराइयों को दूर कर लेंगे तो दूसरे साथियों में छुपी हुई बुराइयां अपने आप दूर हो जाएंगी। इस अवसर पर डॉ फतेहचंद दायमा जगदीश, विनय पाल खेड़ी, शिव कुमार जांगड़ा, घनश्याम शास्त्री, भीम सिंह तंवर, ठाकुर कर्मवीर सिंह, नरेंद्र शर्मा, विजय हलवाई, लक्ष्मण सिंह अतर सिंह,सत्येंद्र यादव,सुरेंद्र यादव कोटिया, डॉ सुरेंद्र सिंह के अलावा अन्य जन उपस्थित थे।

#### विधिवत हुआ श्रीमती सकिंद्रा देवी ब्लॉक का उद्घाटन

## महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल में सुदर्शन गर्ग ने कंप्यूटर लैब साइंस लैब और लाइब्रेरी का किया लोकार्पण

» विनोद कुमार, मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल दरिया, चंडीगढ़ के श्रीमती सकिंद्रा देवी ब्लॉक का उद्घाटन डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी नई दिल्ली के सचिव रविंद्र तलवाड़ ने किया। वहीं एनआरआई सुदर्शन गर्ग ने अपने ग्रैंड पेरेंट्स और पेरेंट्स की याद में लाखों की लागत से निर्मित कंप्यूटर लैब, साइंस लैब और लाइब्रेरी का लोकार्पण किया। प्रिंसिपल डॉ विनोद शर्मा ने कहा कि महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल दरिया चंडीगढ़ 2001 से अपनी सेवाएं दे रहा है। तीन कमरों से शुरू हुए सफर में स्कूल नो प्रॉफिट नो लोस पर कार्य कर रहा है। महर्षि दयानन्द सरस्वती जी ने समाज में फैली अनगिनत कुरीतियों को दूर किया। गांव का एकमात्र स्कूल है जो बोर्ड से जुड़ा हुआ है। यह प्री नर्सरी से दसवीं तक है। प्लस टू नेशनल ओपन स्कूल से करवाई जाती है। आज स्कूल की अपनी बिल्डिंग है। डॉ विनोद शर्मा ने बताया कि सकिंद्रा देवी उच्च विचारों वाली महिला थीं। शिक्षा के प्रचार- प्रसार में अगाध श्रद्धा थी। उसके अनुसार ज्ञान सब तक पहुंचे। उन्होंने गांव के बच्चों और महिलाओं को अपना ज्ञान बांटा।

वह शिक्षण संस्थाओं और शिक्षकों का बहुत सम्मान करती थीं। ऐसे उच्च विचारों वाली महिला के नाम पर स्कूल के ब्लॉक को रखा जाना सराहनीय कदम है। यह बेटी पढ़ाओ - बेटी बचाओ अभियान के तहत कदम है। स्कूल में पीने के पानी का उचित प्रबंध है। फिल्टर वाटर के लिए दो आरओ लगाए गए हैं। पर्याप्त मात्रा में फायर सिलेंडर लगे हुए हैं। सुरक्षा के मध्य नजर पूरे स्कूल के विशेष स्थानों पर कैमरे इनस्टॉल किये गए हैं। 24 घंटे बिजली की व्यवस्था है। इसके लिए इनवर्टर लगाए गए हैं। साफ-सुथरे इंडियन और इंग्लिश स्टाइल के टॉयलेट्स हैं । स्पोर्ट्स का सामान भी है। मेहनती टीचर्स है। स्कूल में वाई फाई और टेलीफोन की सुविधा उपलब्ध है। सोलर प्लांट भी स्कूल में लगाया गया है। कुल मिलाकर स्कूल में अधिकांश सुविधाएं उपलब्ध हैं। डॉ विनोद शर्मा ने बताया कि स्कूल में पधारे पथ प्रदर्शक रविंद्र तलवाड़ का योगदान अमूल्य है। डॉ विनोद शर्मा ने बताया कि कविवर प्रेम विज ने साहित्य के क्षेत्र में पहचान बनाने में अहम भूमिका निभाई। श्री वीपीएस राव और डॉ इंद्रा रानी राव पूजनीय गुरुओं में से हैं। डॉ विनोद शर्मा ने बताया कि एनआरआई सुदर्शन गर्ग मेरे मिशन को सफल बनाने के लिए तन मन धन से सहयोग दिया। स्कूल किसी विशेष व्यक्ति की संस्था नहीं। यह समाज,राष्ट्र और विश्व के उत्थान में कार्य करती हैं। इन्होने स्कूल की कंप्यूटर लैब, साइंस लैब, किचन का सामान और लाइब्रेरी के लिए दिल खोलकर दान दिया है। कार्यक्रम में डॉक्टर सरिता मेहता, ईश्वर हिंदुजा डॉक्टर अनीश गर्ग, नीरू मित्तल नीर, अशोक आर्य, प्रकाश चंद्र शर्मा, कृष्ण मोहन, राजेश शर्मा, बबीता कालिया, डॉ देवराज त्यागी, वीबी कपिल, प्रदीप शुक्ला, देवेंद्र अरोड़ा, सुखबीर सिंह, अमित गर्ग, हरि शंकर वर्मा, डीजी जुनेजा, प्रदीप कुमार नेहा होंडा, मधु, जिज्ञासा वर्मा, दीक्षा, और शबनम भी उपस्थित थीं। डॉ विनोद शर्मा ने उपस्थित पेरेंट्स, स्टूडेंट्स और आए हुए सभी मेहमानों का भी आभार व्यक्त भी व्यक्त किया।

## बाली पंडित बने भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

» सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता



गुरुग्राम। भारतीय जनता पार्टी में जमीन से जुड़कर कार्यकर्ता के रूप में वर्ष 2014 से काम करने वाले बाली पंडित को पार्टी में कर्मचारी प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य नियुक्त किया गया है। इन्होंने वर्ष 2014 के विधानसभा चुनाव के समय तत्कालीन पार्टी अध्यक्ष अमित शाह की मौजूदगी में और हरियाणा प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ली थी।

अपनी इस नियुक्ति पर बाली पंडित ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल, पार्टी प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, कर्मचारी प्रकोष्ठ भाजपा के प्रदेश संयोजक विद्यानंद लाम्बा, गुरुग्राम जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़, पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल समेत तमाम वरिष्ठ नेताओं का धन्यवाद किया है। बाली पंडित ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण विभाग हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल जी ने उन्हें सदैव पार्टी हित में कार्य करते रहने की प्रेरणा दी है। वे लंबे समय से उनके साथ जुड़े हैं। हर कदम वे हर कार्यकर्ता को पार्टी हित में कार्य करने के लिए प्रेरित करते रहते हैं। बाली पंडित का कहना है कि कर्मचारी प्रकोष्ठ में अधिक से अधिक कर्मचारियों को जोड़कर पार्टी की मजबूती के लिए वे सदैव काम करेंगे। बाली पंडित की इस नियुक्ति पर ग्रीवेंस कमेटी सदस्य प्रवीण अग्रवाल, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, हरीश यादव, सुधीर कलसन, ईशू वाल्मीकि, पारस बख्शी, ललित क्रांतिकारी, राजेश, अजय राय समेत अनेक पदाधिकारियों, कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया।

बता दें कि बाली पंडित वर्ष 2014 में भाजपा में शामिल होने पूर्व हरियाणा जनहित कांग्रेस (हजकां बीएल) के गुरुग्राम हल्का अध्यक्ष थे। भाजपा की नीतियों में विश्वास रखते हुए उन्होंने वर्ष 2014 के चुनाव के दौरान यहां बेरी वाला बाग में पार्टी अध्यक्ष अमित शाह की मौजूदगी में तत्कालीन हरियाणा प्रभारी विजयवर्गीय के नेतृत्व में भाजपा का दामन थामा था। उनके साथ सेंकड़ों कार्यकर्ता भी पार्टी में शामिल हुए थे। तब से लेकर अब तक वे एक निष्ठावान कार्यकर्ता के रूप में पार्टी के लिए काम करते आ रहे हैं। उनकी निष्ठा को देखते हुए अब उन्हें कर्मचारी प्रकोष्ठ में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व दिया गया है।

## कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन




» मदरलैंड संवाददाता

जीरकपुर। आज यहां मैक्सेल्थ फामेर्सी वीआईपी रोड जीरकपुर में बच्चों, वयस्कों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक कोविड-19 टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया।पंजाब के सरकारी औषधालय की डॉ. राशि और उनकी टीम ने शिविर के दौरान 80 से अधिक सदस्यों को टीका लगाया। इस कैंप में कोवैक्सिन, कोविशील्ड और बूस्टर डोजेज थे। उभरती हुई फामेर्सी चेन मैक्सेलथ के उद्यमियों दिलकरन सिंह भाटिया ने बताया कि टीकाकरण के महत्व और किए जाने वाले सुरक्षा उपायों के बारे में उनके बीच जागरूकता पैदा की गई। उन्होंने उन सदस्यों को प्रेरित किया जिन्हें शॉट लेने के लिए अभी तक टीका नहीं लगाया गया था। पंजीकरण और बैठने की सारी व्यवस्था मैक्सेलथ फामेर्सी जीरकपुर के पार्टनर शौर्य ने की थी।

## गौसेवा में हरी सब्जियों की सवामणि लगाकर गौभक्तों ने अनाथ गौशाला में की गायों की सेवा

» संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता



नारनौल। गो भक्तों के सहयोग से श्री श्याम खाटू गौसेवा दल रजिस्टर्ड द्वारा नव वर्ष के 12वें सप्ताह को निजामपुर रोड स्थित श्री अनाथ गौशाला में हरी सब्जियों की सवामणी लगाई गई।

श्री श्याम खाटू गौसेवा दल के आचार्य क्रांति निर्मल शास्त्री ने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक सप्ताह किसी न किसी गौशाला में हरी सब्जियों की सवामणि लगाकर गौवंश की सेवा की जाती है। जिसमें सहयोग देकर शहर के अनेक जागरूक समाजसेवी भी पुण्य कमा रहे हैं।

इस रविवार को कुलदीप निर्मल पुत्र सुरेंद्र निर्मल, कल्पना निर्मल, रेयांश निर्मल, कपिल निर्मल, जय निर्मल आदि ने सवामणी लगवा कर पुण्य प्राप्त किया।

युवा साथी ग्रुप के टिंकू प्रधान ने भी अपने भतीजे विराज दहिया के पहले जन्मदिन पर अपील कि वे गाय माता के लिए चारे की व्यवस्था करने में दान देकर सहयोग करे और पुण्य फल प्राप्त करे। वहीं गजेंद्र नंबरदार व किशन बहल ने सभी गौ सेवकों को जागरूक करते हुए बताया कि हिंदू धर्म में गौसेवा को सभी सेवाओं में सर्वश्रेष्ठ माना गया है, इसलिए हम सभी को अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ व अन्य शुभ अवसरों पर गौशाला में सवामणी लगाकर इन बेजुबान गौमाता से आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए।

इस अवसर पर हरियाणा व्यापार मंडल के प्रधान बजरंग लाल अग्रवाल, लखेरा समाज के प्रधान राजेश लखेरा ,टाइगर क्लब के उप प्रधान संजय सैनी, स्वर्ग आश्रम प्रधान धर्मेंद्र सोनी, भगवान परशुराम सेवा समिति के प्रधान प्रभास छक्कड़, कैलाश सोनी पहलवान, भावेश सोनी, कोमल सोनी, मुकेश वालिया, कृष वालिया, दया किशन शर्मा, डॉशिवकुमार, संजीव अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, काव्या अग्रवाल, योगेंद्र कौशिक, अमरनाथ सोनी, मदनलाल सोनी, पंकज लखेरा, शब्द लखेरा, जिगर लखेरा, भुवनेश सिंघल, आयुष शर्मा , अनिल कुमार जांगिड़, शशिकांत जांगिड़, यश शर्मा, मनीष भार्गव, प्रियांशु अग्रवाल, मोहित अग्रवाल व अनेक गोभक्त मौजूद थे।

## ग्रामीण विधानसभाओं में जीत के मार्जिन में बरौली से भाजपा के ठाकुर जयवीर सिंह प्रदेश में सबसे अव्वल



नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश का चुनाव देश के सभी राज्यों के चुनाव में से प्रमुख चुनाव होता है। जहां महत्वपूर्ण 80 लोकसभा सीट और 403 विधानसभा सीट मौजूद है। यूपी के अलीगढ़ जिले में मौजूद बरौली विधानसभा क्षेत्र के कद्दावर नेता ठाकुर जयवीर सिंह ने 2022 के चुनाव में भारी मतों के अंतर से जीत हासिल की है। वकालत से राजनीति में आने के बाद इनका एक ही मकसद रहा है, आम लोगों के जीवन स्तर को सुधारना और जनमानस को लाभ पहुंचाना।

यूपी में 2022 विधानसभा चुनाव में अलीगढ़ जिले के बरौली विधानसभा सीट से उन्होंने 90645 विशाल मतों के अंतर से जीत हासिल की है। जीत कितनी बड़ी है इस बात का अनुमान मतों के अंतर से लगाया जा सकता है। जहां 2017 में बीजेपी को 53.40% मत मिले थे वहीं इस बार 2022 में बढ़कर 60.57% मत मिले हैं । बरौली एक ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र है, इसके बावजूद ठाकुर जयवीर सिंह को सभी ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में से सर्वाधिक 60.57% मत मिले हैं, जबकि पूरे उत्तर प्रदेश में मतों का अंतर 37.10% है। जोकि यह दशार्ने के लिए काफी है कि इनकी और जनता के बीच के विश्वास की डोर कितनी मजबूत है। जो इनकी एकतरफा जीत को प्रदर्शित करता है और इतने बड़े मतों से जीतना इस बात की सुनिश्चित करता है और प्रमाणित करता है कि ठाकुर जयवीर सिंह के प्रति जनमानस का प्यार कितना अधिक है वह कहते हैं ना ₹सेवा परमो धर्मः₹ और यह कथन के प्रमुख उदाहरण ठाकुर जयवीर सिंह स्वयं है।

जनता ने इन्हें यूं ही नहीं अपने आंखों का तारा बना रखा है , इसके पीछे मुख्य वजह है विकास की अविरल धारा प्रवाहित करना। चाहे कासिमपुर हाउस में 220 मेगावाट की विद्युत पावर प्लांट की स्थापना हो या बेटियों के लिए उत्तम शिक्षा की व्यवस्था करना हो जो गवाना में राजकीय डिग्री कॉलेज की स्थापना से हुई है जैसा हमारे माननीय प्रधानमंत्री जी कहते हैं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तो बेटियों के लिए उनकी उच्च शिक्षा को प्राथमिकता देना ठाकुर जयवीर सिंह का शिक्षा बेटियों के विकास के प्रति समर्पण प्रदर्शित करता हैं। होम्योपैथिक कॉलेज की स्थापना में विधायक निधि से ₹250000000 खर्च कर विकास की गति में बल देना। इन सभी कार्यों में प्रमुख योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में यूपी के अलीगढ़ जिले के शाखा में चीनी मिल में नई यूनिट की स्थापना कर शुरूआत करवाना जिससे किसानों की आमदनी पर सीधा असर हुआ है। अलीगढ़ को उन्होंने मंडल बनवाया जिससे पूरे क्षेत्र में मंडल स्तरीय सुविधाएं मिली और विकास के अवसर मिले तथा बरौली विधानसभा में इन्होंने 2 आवासीय विद्यालय का निर्माण करवाया था ताकि शिक्षा का प्रसार बढ़ता ही रहे । ठाकुर जयवीर सिंह को 2 बार कैबिनेट मंत्री बनने का भी अनुभव प्राप्त है। इन्होंने वन मंत्री के रूप में रह कर पहले भी कई मुख्य कार्य का निष्पादन किया हैं। यही बातें ठाकुर जयवीर सिंह को जीते हुए नए प्रत्याशियों से भिन्न करता हैं। ठाकुर जयवीर सिंह का कार्य अतुलनीय रहा है। माननीय योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन में ठाकुर जयवीर सिंह को यह सौभाग्य पुनः प्राप्त हो तथा जन सेवा का कार्य निरंतर चलता रहे लोगों के जीवन में बदलाव आते रहे और लोग गरीबीमुक्त, भयमुक्त और सुशासन युक्त सरकार की छत्रछाया में सर्वांगीण विकास करते रहें ।

## किसानों की आगामी 9 दिसंबर को ज्ञापन व प्रदर्शन की चेतावनी

» सुरेश गुप्ता, मदरलैंड संवाददाता

पलवल। किसान मोर्चा के आह्वान पर जिला उपायुक्त कार्यालय पलवल में जिले के किसान अपनी मांगों के समर्थन में धरना देकर उपायुक्त पलवल के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। इस आशय का बयान देते हुए किसान मोर्चा के वरिष्ठ सदस्य मास्टर महेंद्र सिंह चौहान, धर्मचंद घुघेरा तथा उदय सिंह सरपंच ने बताया कि 9 दिसंबर 2020 को सरकार व किसान मोर्चा के बीच एक समझौता हुआ था जिसके अंदर न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी के लिए कमेटी गठित करना था। बिजली बिल 2020 को वापस लेना । आंदोलन के दौरान 700 से अधिक किसानों की मौत हुई थी, उनको रू500000 का मुआवजा देना आंदोलन के दौरान किसानों पर बनाए गए सभी प्रकार के मुकदमे वापस लेना व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी को बर्दाश्त करना आदि बातों पर सहमति बनी थी । परंतु आज तक मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई इसलिए किसान मोर्चा ने अब फैसला किया है कि आगामी 30 मार्च को पूरे देश के अंदर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किए जाएंगे तथा 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक एमएसपी खरीद सप्ताह मनाया जाएगा। किसान नेताओं ने स्थानीय समस्याओं जैसे भारी बारिश से जलभराव के कारण खराब हुई फसलों का मुआवजा देनाकिसा, आवारा पशुओं की समस्या का समाधान व अन्य मांगों को भी प्रशासन के सामने उठाया जाएगा। पलवल गन्ना मिल सुचारू रूप से न चलने के कारण काफी किसानों का गन्ना खेतों के अंदर खड़ा हुआ है, इसलिए किसान मोर्चा सरकार व प्रशासन से मांग करता है कि पलवल के गन्ना उत्पादक किसानों को अन्य मिलों में गन्ना पहुंचाने की सुविधा दी जाए । उन्होंने क्षेत्र के सभी किसान मजदूरों से अपील की कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर प्रदर्शन को कामयाब बनाएं।

## ईकोम एक्सप्रेस ने अपने दूसरे ऑल-वुमेन डिलीवरी सेंटर की स्थापना की

नई दिल्लीः ई-कॉमर्स उद्योग में भारत की अग्रणी टेक्नोलॉजी-इनेबल्ड आधुनिक लॉजिस्टिक्स समाधाना प्रदाता ईकोम एक्सप्रेस लिमिटेड ने आज अपने दूसरे ऑल-वुमेन डिलीवरी सेंटर की स्थापना की घोषणा की है। सेंटर के लिए 11 महिलाओं की भर्ती की गई है, जो डिलीवरी सेंटर हैड से लेकर डिलीवरी एसोसिएट्स तक की भूमिका निभाएंगी और सभी गतिविधियों का संचालन स्वतन्त्र रूप से करेंगी।

यह कंपनी द्वारा कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी को सशक्त बनाने और उन्हें लॉजिस्टिक्स सेक्टर में सफल बनाने की दिशा में एक और प्रयास है। दिसम्बर 2021 में कंपनी ने दिल्ली में अपने पहले ऑल-वुमेन डिलीवरी सेंटर की स्थापना की थी।

इस मौके पर मंजू धवन, सह-संस्थापक, ईकोम एक्सप्रेस लिमिटेड ने कहा, ह्यह्यहमें अपने फेसिलिटी सेंटरों, खासतौर पर डिलीवरी सेंटरों की क्षमता पर पूरा भरोसा है, ये सेंटर महिलाओं के लिए नौकरियों के अच्छे अवसर उत्पन्न करते हैं। डिलीवरी एसोसिएट रोल सहित विभिन्न स्तों पर ज्यादा से ज्यादा महिलाओं की भर्ती के साथ हम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में योगदान देना चाहते हैं और साथ ही अपने समावेशी कार्यबल में विविधता को सुनिश्चित करना चाहते हैं। यह सिर्फ महिलाओं को कार्यबल में शामिल करने की बात नहीं है, बल्कि हम यह भी सुनिश्चित करते हैं कि ईकोम की सभी नीतियां और प्रक्रियाएं तथा रोजमर्रा में कामकाज का माहौल महिलाओं के अनुकूल रहे। यहां सभी स्तरों पर समावेशी एवं विविध कार्यबल के विकास और प्रतिधारण को बढ़ावा दिया जाए।'

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर ईकोम एक्सप्रेस के कर्मचारियों ने समावेशी, एक समान एवं अनुकूल माहौल बनाने के प्रयासों की शपथ ली। अपने इन प्रयासों से हम सभी को एक ऐसी समावेशी कार्य संस्कृति का निर्माण करने और इसे बरकरार रखने के लिए प्रेरित करते हैं, जहां लिंग, जाति, नस्ल, धर्म, क्षमता और संस्कृति की विविधताओं को महत्व दिया जाए।



चारू पंत, डिलीवरी सेंटर हैड, ऑल-वुमेन डिलीवरी सेंटर ने कहा, 'ईकोम एक्सप्रेस के साथ मेरी यात्रा बहुत अच्छी रही है। मेरे पति और मैं अपनी बेटी को अच्छी शिक्षा देना चाहते हैं। मैं जानती हूं कि मैं सही स्थान पर हूं- एक ऐसा स्थान जिसने मुझे पंख दिए हैं, एक ऐसा स्थान जो मुझे मेरे सपने साकार करने में मदद करता है।' देश भर में ईकोम एक्सप्रेस के विभिन्न प्रोसेसिंग सेंटरों, हब्स, सेंटरों, फुलफिलमेंट सेंटरों और डिलीवरी एसोसिएट्स सेंटरों में तकरीबन 2000 महिला कर्मचारी कार्यरत हैं। इसके ज्यादातर सेंटरों का संचालन 50 फीसदी महिला कर्मचारियों द्वारा किया जाता है। कंपनी ने कार्यस्थल को महिलाओं के लिए सुरक्षित बनाने की दिशा में कई प्रयास किए हैं। जहां एक ओर इस बारे में जागरुकता बढ़ाई जाती है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए फीडबैक प्रणाली भी तैयार की गई है। इसके अलावा महिलाओं के लिए एक हेल्पलाईन नंबर भी है, जरूरत पड़ने पर वे इस नंबर पर फोन कर मदद ले सकती हैं।

ईकोम एक्सप्रेस देश भर से अपने महिला कर्मचारियों की कुछ प्रेरक कहानियों का जश्न भी मनाता है। ऐसी ही कुछ कहानियों के बारे में नीचे बताया गया हैः

कौशल्या तेलंगाना के मनाकोंडुर में ईकोम एक्सप्रेस के साथ एक सुपरवाइजर-ऑपरेशन्स के रूप में काम करती हैं। जब वे ग्रेजुएशन कर रही थीं, तभी उनके पिता चल बसे। तीन भाई-बहनों में सबसे बड़ी हैं, ऐसे में पिता के जाने के बाद छोटे भाई और बहन की जिम्मेदारी भी उनके कंधों पर आ गई। उन पर आर्थिक बोझ बढ़ गया। 2021 में वे ईकोम एक्सप्रेस के साथ जुड़ गईं। यहां स्थायी नौकरी के चलते वे अपने भाई-बहनों की पढ़ाई जारी रखने में मदद कर रही हैं।

सरन्या प्रसाद ईकोम एक्सप्रेस के साथ डिलीवरी एसोसिएट के रूप में काम कर रही हैं। वे केरल के कोल्लम में अपने घर के नजदीक ही छोटी सी दुकान चलाती थीं। महामारी के दौरान उनके कारेबार में नुकसान हुआ और उनके लिए बुनियादी जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल हो गया। वे सिंगल मदर हैं, ऐसे में अपनी और अपनी बेटी की आजीविका चलाने के लिए उन्हें स्थायी नौकरी की जरूरत थी। इस मुश्किल समय में उन्हें पता चला कि ईकोम एक्सप्रेस को डिलीवरी एसोसिएट की जरूरत है। उन्होंने इसके लिए आवेदन किया और अब वे यहां ऑन-रोल कर्मचारी के रूप में काम कर रही हैं। सरन्या ने कई मौकों पर अपने काम के लिए समर्पण दशार्या है, उन्होंने ऐसे क्षेत्रों में शिपमेन्ट डिलीवरी की, जो उनके एरिया में नहीं आते हैं।

# पंजाब की सत्ता में अब शायद कांग्रेस और अकाली लंबे समय तक वापसी नहीं कर सकें

» अजय कुमार

पंजाब विधानसभा चुनाव के नतीजे काफी चौंकाने वाले रहे। यह तो तय माना जा था कि कांग्रेस की सत्ता जा रही है और आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार बनने वाली है। कांग्रेस में पिछले दो-तीन वर्षों से जिस तरह से पार्टी नेताओं के बीच आपस में सिर-फुटव्वल चल रहा था, उसकी यह परिणति होनी ही थी, इसमें किसी को कोई संदेह नहीं था। लेकिन आप की इतने शानदार तरीके से वापसी होगी, इसका अनुमान तो बड़े से बड़ा राजनैतिक पंडित नहीं लगा पाया था। कांग्रेस ने एक दलित को मुख्यमंत्री बनाकर जो सियासी दांव चला था, वह भी काम नहीं आया। कांग्रेस की हार के सबसे बड़े खलनायक की बात की जाए तो सबसे पहला नाम कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू का आता है, जो पहले सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह की नाक में दम करे रहे और बाद में उनकी जगह बनाए गए सीएम चरणजीत सिंह चन्नी को भी सिद्धू ने काम नहीं करने दिया। इससे भी बड़ी बात यह थी कि सिद्धू के सिर पर गांधी परिवार का हाथ था, जो सब कुछ जानते-समझते और देखते हुए भी चुप्पी साधे रहा। गांधी परिवार की तरफ से कभी यह प्रयास ही नहीं किया गया कि पंजाब कांग्रेस का विवाद सुलझ सके।

पंजाब में कांग्रेस की बुरी हार पर उसके सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने हार का ठीकरा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू पर फोड़ते हुए उन्हें आत्मघाती हमलावर बताया। वह यहीं नहीं रुके, उन्होंने यहां तक कह दिया कि पंजाब की हार नेताओं की नाकामी है। इस दौरान उन्होंने सिद्धू की नाराजगी पर भी कहा कि कांग्रेस के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि जब केंद्रीय नेतृत्व (प्रियंका गांधी) एक मंच पर बैठी हों और प्रदेश अध्यक्ष (नवजोत सिद्धू) लोगों को संबोधित करने से इनकार कर दें।

कांग्रेस की दुर्दशा की घंटी तभी से बजने लगी थी जब नवजोत सिद्धू भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए थे। उसी समय से राजनीतिक विश्लेषकों ने चेतावनी देनी शुरू कर दी थी कि विधानसभा चुनावों के बीच कांग्रेस के भीतर पंजाब की राजनीति में कैप्टन अमरिंदर सिंह की जगह किसी और को देना एक नासमझी भरा फैसला होगा, लेकिन इन आवाजों को सुना ही नहीं गया। थोड़ा पीछे मुड़ कर देखें तो पता चलता है कि पंजाब में एक स्वतंत्र नेता के रूप में राज कर रहे कैप्टन अमरिंदर सिंह को रोकने के लिए राहुल गांधी और प्रियंका ने नवजोत सिंह सिद्धू को लगभग खुली छूट दे रखी थी। सिद्धू ने कैप्टन अमरिंदर सिंह पर लगभग एक साल तक बिना किसी रोक-टोक, अधूरे वादों और भ्रष्टाचार को लेकर हमला बोला। यहां तक कि सिद्धू ने एक यूट्यूब चैनल तक लॉन्च कर दिया और उस पर कैप्टन अमरिंदर सरकार की आलोचना करने लगे। उन्होंने कैप्टन अमरिंदर सरकार के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर का माहौल बनाया और फिर चरणजीत सिंह चन्नी के मुख्यमंत्री के रूप में पदोन्नत होने के बाद भी इसे आगे बढ़ाया। इतना ही नहीं सिद्धू के पाकिस्तानी नेताओं से संबंध और उनके पक्ष में दिए गए बयानों को भी गांधी परिवार ने कभी गंभीरता से नहीं लिया।



उधर पंजाब विधानसभा चुनाव 2022 में कांग्रेस की हार के बाद सोनिया गांधी का बड़ा बयान सामने आया है। सोनिया गांधी ने कहा कि कैप्टन अमरिंदर सिंह का बचाव करना उनकी गलती थी। बता दें कि अमरिंदर सिंह ने चुनाव से ठीक पहले पंजाब सीएम के पद से इस्तीफा दे दिया था और कांग्रेस पार्टी भी छोड़ दी थी। इसके बाद उन्होंने नई पार्टी (पंजाब लोक कांग्रेस) बनाई और बीजेपी संग गठबंधन करके पंजाब विधानसभा चुनाव 2022 लड़ा, हालांकि, पार्टी कोई कमाल नहीं कर सकी। कांग्रेस की उहउ मीटिंग में रविवार को बात उठी थी कि अगर कैप्टन को पद से हटाया जाना था तो पहले हटाना था। इस पर सोनिया गांधी ने कहा कि मैं कैप्टन साहब को बचाती रही, यह मेरी गलती थी।

बहरहाल, पंजाब में इतिहास लिखा गया है। विधानसभा चुनाव के नतीजों ने एक साथ कई रिकॉर्ड बना दिए। आम आदमी पार्टी ने पंजाब की 117 में से 92 सीटों पर जीत हासिल करके किसी भी दूसरी पार्टी को मुकम्मल विपक्ष बनने तक का मौका नहीं दिया। यह 56 साल में किसी एक पार्टी की सबसे बड़ी जीत है, जबकि आजादी के बाद आप ने सूबे में तीसरी सबसे बड़ी जीत हासिल की है।

पंजाब में सियासी फेरबदल के कयास तो पहले से थे, लेकिन नतीजों ने बदलाव की नई परिभाषा तय कर दी है। यहां आप ने न सिर्फ बहुमत के आंकड़े को पीछे छोड़ दिया, बल्कि विनिंग सीट्स का ऐसा पहाड़ खड़ा कर दिया कि कांग्रेस, अकाली दल और भाजपा समेत उसके सहयोगी मिलकर भी आप के लगभग चौथाई हिस्से तक ही पहुंच पा रहे हैं।

1966 में हरियाणा के अलग होने के बाद पिछले 56 साल में यह पंजाब में किसी एक राजनीतिक पार्टी की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले, 1992 में पंजाब में आतंकवाद के दौरान कांग्रेस ने अपने बूते 87 सीटें जीती थीं, लेकिन उस समय शिरोमणि अकाली दल ने चुनाव का बहिष्कार किया था। इसके बाद 1997 के चुनाव में अकाली दल और इखढ ने मिलकर 93 सीटें जीती थीं। उस समय अकाली दल को 75 और इखढ को 18 सीटों पर जीत मिली थी। पंजाब में बंपर जीत हासिल करने वाली आप वोट प्रतिशत के मामले में भी सबसे आगे है। उसे कुल पड़े वोट में से 44% हिस्सा मिला। वहीं, कांग्रेस को 23% वोट मिले। इधर, अकाली दल ने 18.4% वोट तो हासिल किए, लेकिन पार्टी कुल 5 सीटें भी नहीं जीत पाई।

शानदार जीत से गदगद पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर पंजाब में मोहल्ला गवर्नेंस के संकेत दिए हैं। भगवंत मान ने विधायक दल की बैठक में साफ कहा कि विधायक और अधिकारी अपनी गतिविधियों को गांव की ओर शिफ्ट करें। आम आदमी पार्टी को वोट देने वालों को उनके दरवाजे पर सुविधाएं दी जाएं। पंजाब के मुख्यमंत्री भले ही भगवत मान बने, लेकिन यह भी तय हो गया है कि सुपर सीएम के तौर पर अरविंद केजरीवाल का सिक्का पंजाब में चलता रहेगा। इसकी बानगी तब देखने को मिली जब पंजाब जीतकर दिल्ली पहुंचे भगवंत मान ने पैर छूकर केजरीवाल का आशीर्वाद लिया।

उधर पंजाब में विधायक दल की बैठक में भगवंत मान ने कहा कि मैं इसे लेकर सख्त हूं कि आप चंडीगढ़ में नहीं रहोगे। हम वार्ड और मोहल्ला की सरकार देंगे। पंजाब सरकार में मुख्यमंत्री समेत कुल 17 मंत्री बनाए जाने हैं। भगवंत मान ने विधायकों को लॉबिंग नहीं करने का संदेश दिया और कहा कि मैं सभी विधायकों को मंत्री समझकर ही बर्ताव करूँगा। आम आदमी पार्टी की सरकार कमर कसने जा रही है, पंजाब को आइडियल प्रदेश बनाकर आम आदमी पार्टी अन्य राज्य में भी अपनी पार्टी का विस्तार करने का सपना पाले हुए है।

## संपादकीय



### बदला सियासी नक्शा

उत्तर प्रदेश समेत पांच राज्यों के चुनाव नतीजे आ चुके हैं। नतीजे भाजपा के लिए उत्साहजनक हैं, तो विपक्ष के लिए निराशाजनक। यह तय है कि इन नतीजों के बाद विपक्ष को नए सिरे से रणनीति बनानी होगी और जनता के बीच अपनी छवि बदलनी होगी। राजनीति का ट्रेंड अब बिल्कुल बदल चुका है। पुरानी धारा पर चुनाव जीतना अब मुश्किल है। अब विकास की बात होती है, जातियों की नहीं। पांच राज्यों में परिणाम आने के बाद देश का सियासी नक्शा बदल गया है। फिलहाल 18 राज्यों में भाजपा और उसके गठबंधन की सरकारें हैं। इन राज्यों में देश की करीब 50 फीसदी फीसदी आबादी रहती है। यानी, देश की करीब आधी आबादी वाले राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं। वहीं, छह राज्यों में कांग्रेस और उसके गठबंधन की सरकारें हैं। जहां देश की करीब 28 फीसदी आबादी रहती है। मई 2014 में नरेंद्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री बने। मोदी के सत्ता में आने के वक्त देश के सात राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगियों की सरकारें थीं। इनमें पांच राज्यों में भाजपा के मुख्यमंत्री थे। वहीं, बिहार और पंजाब में उसकी सहयोगी पार्टी सरकार चला रही थी। इन दो राज्यों में देश की 11 फीसदी से ज्यादा आबादी रहती है। बाकी पांच राज्यों छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भाजपा के मुख्यमंत्री थे। इन राज्यों में देश की 19 फीसदी आबादी रहती है। यानी, जब मोदी सत्ता में आए उस वक्त करीब 30 फीसदी आबादी पर भाजपा और उसकी सहयोगी सरकारें चल रही थीं। 2014 में जब नरेंद्र मोदी सत्ता में आए उस वक्त देश के 14 राज्यों में कांग्रेस और उसके सहयोगी पार्टियों की सरकार थी। कांग्रेस शासित इन राज्यों में देश की 27 फीसदी से ज्यादा आबादी रहती है। इन राज्यों में महाराष्ट्र और कर्नाटक जैसे दो बड़े राज्य शामिल थे। 2014 में सात राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगियों की सरकार थी। चार साल बाद मार्च 2018 में 21 राज्यों में भाजपा और उसके सहयोगियों की सरकार थी। इन राज्यों में देश की करीब 71 फीसदी आबादी रहती है। ये वो दौर था जब भाजपा शासन आबादी के लिहाज से पीक पर था। वहीं, चार राज्यों में कांग्रेस की सरकार थी। इन राज्यों की सात फीसदी आबादी रहती है। भाजपा इस वक्त करीब 50 फीसदी आबादी पर राज कर रही है। भाजपा तो 18 राज्यों में अपनी सत्ता बरकरार रखने में कामयाब रही, लेकिन कांग्रेस के हाथ से एक और राज्य चला गया। अभी कांग्रेस और गठबंधन की छह राज्यों में सरकार है। पंजाब हाथ से जाने के बाद पांच राज्यों में ही सरकार रह जाएगी। इनमें भी केवल दो राज्य ऐसे हैं, जहां कांग्रेस ने पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाई है। मतलब यहां इनके मुख्यमंत्री हैं। जबकि अन्य तीन राज्यों में गठबंधन की सरकार है। कांग्रेस को इस प्रदर्शन से सबक लेना होगा। उसके सामने 2023 का लोकसभा चुनाव है। इससे पहले गुजरात और हिमाचल प्रदेश में चुनाव होने हैं। उसके बाद मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में चुनाव मैदान में जाना है।

# शीघ्र-सहज न्याय का मंदिर है उपभोक्ता आयोग !



डॉ श्रीगोपाल नारसन

**उपभोक्ता कानून के इतिहास का अवलोकन करें तो पता चलता है कि सन 1966 में जेआरडी टाटा के नेतृत्व में कुछ उद्योगपतियों द्वारा उपभोक्ता संरक्षण के तहत फेयर प्रैक्टिस एसोसिएशन की मुंबई में स्थापना की गई थी और इसकी शाखाएं कुछ प्रमुख शहरों में स्थापित की गईं। भारत मे उपभोक्ताओं के हित सुरक्षित करने के लिए उपभोक्ता आंदोलन का यह प्रथम प्रयास कहा जा सकता है।वही स्वयंसेवी संगठन के रूप में ग्राहक पंचायत की स्थापना बीएम जोशी द्वारा 1974 में पुणे में की गई।समय के साथ अनेक राज्यों में उपभोक्ता कल्याण हेतु संस्थाओं का गठन हुआ। इस प्रकार उपभोक्ता आन्दोलन देश मे आगे बढ़ता रहा और सन 24 दिसम्बर 1986 को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पहल पर उपभोक्ता संरक्षण विधेयक संसद ने पारित किया और जो राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित होने के बाद देशभर में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के रूप में लागू हुआ।**



प्रायः न्यायालयो में तारीख पर तारीख दी जाती है,जिसकारण वादकारियों की चप्पलें तक घिस जाती है।दीवानी न्यायालय के बारे में तो कहावत है कि दावा दादा करता है तो न्याय पोते को मिलता है।इस मिथक को तोड़ने की आज सबसे बड़ी आवश्यकता है।हालांकि यह काम यानि तारीख पर तारीख न देकर शीघ्र सहज न्याय देने का काम देश की उपभोक्ता अदालते,जो अब आयोग के रूप में परिवर्तित होकर उपभोक्ताओं को त्वरित न्याय उपलब्ध करा रही है।हम कह सकते है, समय के साथ उपभोक्ताओ की सोच में भी अब बदलाव आया है।अब खरीदी गई वस्तु के खराब निकलने पर सिर्फ अफसोस व्यक्त करके उपभोक्ता घर नही बैठता, बल्कि दुकानदार से शिकायत करने के साथ ही खराब वस्तु को बदलवाने के लिए उपभोक्ता आयोग तक का दरवाजा खटखटाता है।इसी प्रकार खरीदी गई किसी सेवा में कमी मिलने पर उपभोक्ता अपने साथ हुए अन्याय के लिए प्रतिवाद करने लगा है और विभिन्न मंचो पर न्याय के लिए जाने लगा है।

उपभोक्ता के साथ कोई भी ठगी या सेवा में कमी न कर पाए,उपभोक्ता को कोई धोखा न दे सके ,कोई दुकानदार या सेवा प्रदाता झूठी सच्ची बाते करके किसी को खराब गुणवत्ता का सामान न बेच सके और किसी को खराब सेवा न दे सके ।इसके लिए सभी को जागरूक रहना आवश्यक है। उपभोक्ता आयोग एक ऐसा न्याय का मंदिर है जहां आप सुगमता से न्याय मांग सकते है।उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 यथा संशोधित 2019 की अधिसूचना भारत सरकार ने 15 जुलाई 2020 को जारी कर दी थी।जिसके तहत 20 जुलाई सन 2020 से उक्त संशोधित कानून प्रभावी हो गया था। इस बदले कानून से उपभोक्ताओं को शोषण और अन्याय से मुक्ति मिल रही है। इस कानून में किये गए बदलाव से उपभोक्ताओं को न्याय दिलाने के क्षेत्र में नई पहल का सूत्रपात हुआ है। उपभोक्ता संरक्षण संशोधित कानून, 2019 के तहत उपभोक्ता कही से भी उपभोक्ता अदालत में अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है। इस कानून में उपभोक्ताओं के हित में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए साथ ही पुराने नियमों में सुधार की कोशिश भी की गई है।

जैसे सेंट्रल रेगुलेटर का गठन, भ्रामक विज्ञापनों पर भारी दंड और ई-कॉमर्स फर्मों और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस बेचने वाली कंपनियों के लिए सख्तक दिशानिर्देश इस नये कानून में शामिल किये गए हैं।उपभोक्ता अब कहीं से भी यानि जहां वह निवास करता है या जहां से उसने सामान या सेवा खरीदी है ,में से कही से भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।

उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनने के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उपभोक्ता अदालतें गठित हैं जिन्हें आयोग के रूप मान्यता दी गई है।नए कानून के तहत उपभोक्ता अदालतों के क्षेत्राधिकार में बदलाव किया गया है। राज्य और राष्ट्रीय उपभोक्ता अदालतों के मुकाबले जिला अदालतों तक पहुंच ज्यादा होती है। इसलिए अब जिला उपभोक्ता अदालतें 50 लाख रुपये तक के मामलों की सुनवाई कर सकेंगी।पहले जिला आयोग को एक करोड़ रुपये मूल्य के वादों की सुनवाई का अधिकार था,जो अब घटाकर 50 लाख रुपये तक किया गया है।

अब उपभोक्ता अपनी शिकायत कही से भी दर्ज कर सकता है। पहले उपभोक्ता वहीं शिकायत दर्ज करा सकता था, जहां विक्रेता अपनी सेवाएं देता है या फिर उसकी कोई शाखा या कार्यालय जहां मौजूद है। ई-कॉमर्स अर्थात ऑन लाइन से बढ़ती खरीदारी को देखते हुए यह उपभोक्ताओं के हित मे यह एक अच्छा कदम है। इसके अलावा कानून में उपभोक्ता को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए भी सुनवाई में शिरकत करने की इजाजत दी गई है। इससे उपभोक्ता का पैसा और समय दोनों बच सकेंगे और उसे न्याय भी जल्दी मिल सकेगा। उपभोक्ता कानून के इतिहास का अवलोकन करें तो पता चलता है कि सन 1966 में जेआरडी टाटा के नेतृत्व में कुछ उद्योगपतियों द्वारा उपभोक्ता संरक्षण के तहत फेयर प्रैक्टिस एसोसिएशन की मुंबई में स्थापना की गई थी और इसकी शाखाएं कुछ प्रमुख शहरों में स्थापित की गईं। भारत मे उपभोक्ताओं के हित सुरक्षित करने के लिए उपभोक्ता आंदोलन का यह प्रथम प्रयास कहा जा सकता है।वही स्वयंसेवी संगठन के रूप में ग्राहक पंचायत की स्थापना बीएम जोशी द्वारा 1974 में पुणे में की गई।समय के साथ अनेक राज्यों में उपभोक्ता कल्याण हेतु संस्थाओं का गठन हुआ। इस प्रकार उपभोक्ता आन्दोलन देश मे आगे बढ़ता रहा और सन 24 दिसम्बर 1986 को तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पहल पर उपभोक्ता संरक्षण विधेयक संसद ने पारित किया और जो राष्ट्रपति द्वारा हस्ताक्षरित होने के बाद देशभर में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के रूप में लागू हुआ। इस अधिनियम में बाद में सन 1993 ,सन 2002 व अब 2019 में महत्वपूर्ण संशोधन किए गए। इन व्यापक संशोधनों के बाद यह एक सरल व सुगम अधिनियम हो गया है। इस अधिनियम के अधीन पारित उपभोक्ता अदालतों के आदेशों का पालन न किए जाने पर धारा 72 के अधीन कारावास व दण्ड का प्रावधान किया गया है।

नए कानून में उत्पाद व विक्रेता कंपनी की जवाबदेही तय की गई है ।उत्पाद में निर्माण त्रुटि या खराब सेवाओं से अगर उपभोक्ता को नुकसान होता है तो उसे बनाने वाली कंपनी को हजार्ना देना होगा. यानि निर्माण त्रुटि में खराबी के कारण प्रेशर कुकर के फटने पर उपभोक्ता को चोट पहुंचती है तो उस हादसे के लिए कंपनी को हजार्ना देना होगा। पहले उपभोक्ता को केवल कुकर की लागत मिलती थी। उपभोक्ताओं को क्षति पूर्ति के लिए भी सिविल कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता था।जिससे मामले के निपटारे में सालों साल लग जाते थे।पहले कंपनियां अनैतिक तरीके से कोर्ट से तारीख पर तारीख ले लेती थीं, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। उपभोक्ताओं को 90 दिन की समय सीमा में न्याय मिल जाना चाहिए।हालांकि इसमें प्रायः थोड़ा ज्यादा समय लग रहा है।पहले जहां से उपभोक्ता ने सामान खरीदा था, वहीं के उपभोक्ता फोरम में वाद दायर करना होता था। अब उपभोक्ता कहीं से भी सामान खरीदा हो, यदि उसमें खराबी है तो उसकी शिकायत घर या काम की जगह के आसपास के उपभोक्ता अदालत में कर सकता है। इस नये कानून का सबसे ज्यादा असर ई-कॉमर्स बिजनेस के क्षेत्र में होगा।अब इसके दायरे में सेवा प्रदाता भी आ जाएंगे. ह्लउत्पाद की जवाबदेही अब निमार्ता के साथ सेवा प्रदाता और विक्रेताओं पर भी होगी. इसका अर्थ यह हुआ कर्ई-कॉमर्स साइट खुद को एग्रीगेटर बताकर पल्ला नहीं झाड़ सकती हैं.ह्लई-कॉमर्स कंपनियों पर सीधे बिक्री पर लागू सभी कानून प्रभावी होंगे. अब अमेजन, फ्लिपकार्ट, स्नैपडील जैसे व्यापारिक मंच को विक्रेताओं के ब्योरे का खुलासा करना होगा. इनमें उनका पता, वेबसाइट, ई-मेल इत्यादि शामिल करना जरूरी हैं.ई-कॉमर्स फर्मों की जिम्मेदारी होगी कि वे सुनिश्चित करें कउिनके स्तर पर किसी तरह के नकली उत्पादों की बिक्री न हो. अगर ऐसा होता है तो कंपनी पर दंड लग सकता है, क्योंकि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मों पर नकली उत्पादों की बिक्री के मामलो की शिकायतें मिलती रही हैं।

कानून में सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (सीसीपीए) नाम का केंद्रीय रेगुलेटर बनाने का प्रस्ताव है।यह उपभोक्ता के अधिकारों, अनुचित व्यापार व्यवहार, भ्रामक विज्ञापन और नकली उत्पादों की बिक्री से जुड़े मामलो को देखेगा और जरूरत पड़ने पर उनके विरुद्ध कार्यवाही कर सकता है। उपभोक्तता संरक्षण अधिनियम 2019के पारित हो जाने के बाद कंपनियों पर इस बात की ज़िम्मेदारी अब और ज्यादा होगी कि उनके उत्पादों के विज्ञापन भ्रामक न हों और उनके उत्पाद दावों के अनुरुप ही हों।वही नई विधिक व्यवस्था में राज्य उपभोक्ता आयोग की आर्थिक शक्ति थोड़ा कम की गई है।पहले राज्य आयोग को 10 करोड़ रुपये मूल्य तक की उपभोक्ता शिकायत सुनने की शक्ति थी,जिसे घटाकर 2 करोड़ रुपये तक कर दिया गया है।

# आज का अहम सवाल - घुटने से फटी पैंट सही या हिजाब....?



ओमप्रकाश मेहता

अब पहली बार ऐसा लगने लगा है कि देश में साम्प्रदायिक धुवीकरण अब दक्षिण राज्यों से आ रहा है, अभी तक इसके लिए हिन्दी और हिन्दू बाहुल्य उत्तरी राज्यों को दोषी ठहराया जाता रहा है। मुस्लिम महिलाओं द्वारा पहने जाने वाले हिजाब (बुरखा) को लेकर यह विवाद कर्नाटक उच्च न्यायालय की एक टिप्पणी से शुरू हुआ, जिसमें कहा गया कि किसी भी धर्म का अनिवार्य हिस्सा हिजाब नही है, इसलिए सभी धर्म के छात्र-छात्राओं को स्कूल की यूनीफार्म पहनना जरूरी है। उच्च न्यायालय के इस फैसले से देश के एक धर्म विशेष के अनुयायियों में उबाल सा आ गया है और इस टिप्पणी के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय का द्वार भी खटखटाया गया है। इस विवाद को लेकर मुख्यतः तीन सवाल हवा में लहराये गए, पहला- क्या ईस्लाम में हिजाब पहनना आवश्यक बताया गया है। दूसरा- क्या स्कूल व कॉलेजों में यूनीफार्म पहनना जरूरी होने से मौलिक अधिकारों पर हमला हुआ है और तीसरा- कर्नाटक कोर्ट ने पांच फरवरी को जो फैसला सुनाया था संविधान के अनुच्छेद 14 और 15 का उल्लंघन करता है? इन सवालों पर कोर्ट का जवाब था कि ईस्लाम में हिजाब पहनने को जरूरी नहीं बताया गया है और वह आवश्यक प्रथा नही है, दूसरे सवाल के जवाब में कोर्ट ने कहा कि स्कूलों और कॉलेजों में ह्लडेसकोडह्ल लागू करना गलत नही है और इस पर छात्र-छात्राएं अपनी नही कर सकते, तीसरे सवाल के जवाब में कोर्ट का कहना है कि सरकार के पास आदेश देने का अधिकार है। कर्नाटक उच्च न्यायालय के इसी फैसले के खिलाफ चैन्नई से खिलाफत शुरू हुई और छात्राओं ने सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की। यही नहीं छात्राओं ने इस फैसले के बाद राज्य के एक प्रमुख कॉलेज की मुस्लिम छात्राओं ने



हिजाब को अहमियत देते हुए परीक्षा का बहिष्कार कर दिया। इस फैसले पर विवाद इतना बढ़ गया कि इस पर जम्मू-कश्मीर से चैन्नई तक बवाल खड़ा हो गया, कश्मीरी घुरविरोधी नेता मेहबूबा मुती और उमर अब्दुल्ला इस मसले पर एक साल खड़े नजर आए, वही वरिष्ठ मुस्लिम नेता असदुदीन औबेसी ने भी विरोधी स्वर अख्तियार किया जबकि महिला मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की सदस्य ने कोर्ट को इस टिप्पणी को स्वागत योग्य माना, सुश्री शाहिस्ता अम्बर ने कहा कि शिक्षण संस्थाओं के नियम सभी के लिए बाध्यकारी है। यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि कर्नाटक उच्च न्यायालय ने यह भी आशंका व्यक्त की है कि इस हिजाब विवाद को कोई तो हवा दे रहा है? सामाजिक समरसता खत्म करने और अशांति पैदा करने की गरज से ऐसा किया जा रहा है। इसी हिजाब विवाद के बीच एक अहम्-सवाल यह भी उठाया जा रहा है कि आज तो कॉलेज स्कूल की लड़कियां घुटने से फटी पैंट पहन शिक्षण संस्थाओं में जाती है, यही नहीं अब तो इसे फैशन में शुमार कर लिया गया है, फिर ऐसे माहौल में हिजाब को लेकर इतना विवाद क्यों? वैसे भी हमारे संविधान में खाने-पहनने और अपने तरीके से जीवन बसर करने की पूरी स्वतंत्रता दे रखी है और फिर इसी स्वतंत्रता के तहत यदि कोई अपना सौन्दर्य सार्वजनिक नहीं करना चाहता है और हिजाब पहना जाता है तो फिर इस पर आपत्ती का सवाल ही कहां पैदा होता है, किंतु यदि आप किसी शिक्षण संस्थान के छात्र है और वहां अध्ययन जारी रखना चाहते है तो फिर उक्त शिक्षण संस्थान के नियमों का पालन तो करना ही पड़ेगा। क्योंकि ये शिक्षण संस्थाएं किसी धर्म विशेष की न होकर सरकार की होती है और सरकारी संस्थानों में धर्म सम्बंधी भेदभाव नहीं किया जाता। कर्नाटक हाई कोर्ट की भी अपने फैसले में यही भावना निहित है।

पर पता नहीं, आज-कल तो हर मामले में राजनीति का प्रवेश पहले होता है, इसी कारण से कहा जा रहा है कि- ह्लअब घट-घट में भगवान नहीं, बल्कि उनकी जगह राजनीति ने ले ली हैह्ल। हिजाब काण्ड के साथ ही इस बात का दूसरा उदाहरण कश्मीर पर आई फिल्म ह्लद कश्मीर फाईल्सह्ल है, जिसके रिलीज होते ही राजनीति शुरू हो गई, जिसके प्रथम सूत्रधार माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी रहे, उन्हें इस फिल्म को लेकर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार को कोसने का मौका जो मिल गया, जबकि कश्मीरी पण्डितों का निर्दयतापूर्ण निष्कासन केन्द्र में आरूढ़ भाजपा सरकार के दौरान ही हुआ था, अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस कटु सत्य को भुला देना कहां तक उचित है?

खैर, जो भी हो, किंतु आज विभिन्न मसलों को लेकर जिस तरह का जानबूझकर माहौल बनाया जा रहा है, क्या वह देशहित में है? इस गंभीर प्रश्न का गहन चिंतन कर जवाब खोजना चाहिये।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

## संक्षिप्त समाचार

### बीएड कॉलेज के संगीत प्राध्यापक के असामायिक निधन पर शोकसभा



मदरलैंण्ड संवाददाता, बेगुसराय। बीएड कॉलेज रोसड़ा के संगीत विभाग के प्राध्यापक व मिजार्पुर गांव निवासी अजय शर्मा उर्फ गुड्डू के असामायिक निधन पर रविवार को बरियारपुर पूर्वी गांव में शोकसभा का आयोजन किया गया.आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए समाज कल्याण समिति बरियारपुर पूर्वी के अध्यक्ष राजाराम कुमार ने बताया कि शिक्षक अजय शर्मा कॉलेज से होली मिलन समारोह में भाग लेकर वापस अपने घर लौट रहे थे. तभी सड़क दुर्घटना में उनकी दर्दनाक मौत हो गयी. वे लोक गायक थे. उनके असामायिक मौत से शिक्षा जगत एवं संगीत के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है. कार्यक्रम में शिक्षक अरविंद कुमार, विपिन कुमार, दयानन्द प्रभाकर, चंदन कुमार, रमेश कुमार, मनीष कुमार, राधे कुमार, चन्द्र किशोर कुमार, राहुल कुमार, दीपक कुमार, संजय कुमार, सुनील कुमार, ललित कुमार, राम बाबू, मौसम, विवेक, श्रवण, जीविका की सीएम ललिता कुमारी, आशा कार्यकर्ता मिलन देवी समेत अनेक लोग मौजूद थे।

### पारम्परिक तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली



मदरलैंण्ड संवाददाता, बेगुसराय। बसन्तोत्सव होली का पर्व पारम्परिक तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया.इस पर्व को लेकर गुरुवार की रात्रि में होलिका दहन किया गया.शुक्रवार एवं शनिवार को रंगों का त्योहार होली मनायी गयी.लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल देकर होली का पर्व मनाया.इसी दौरान शुक्रवार को मुसलमान भाइयों ने शब ए बारात भी मनाया.क्षेत्र में शांतिपूर्वक यह पर्व संपन्न हो गया. कहीं से भी कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है. इस दौरान एसडीएम मुकेश कुमार, एसडीपीओ सत्येंद्र कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक दीपक कुमार, बीडीओ राघवेंद्र कुमार, सीओ अमरनाथ चौधरी, थानाध्यक्ष सुदीन राम, अपर थानाध्यक्ष अर्चना झा, एएसआई बलबंत कुमार सिंह, मुंजीत सिंह पुलिस बल के साथ लगातार क्षेत्र में गश्ती करते दिखें।

### इंटर की परीक्षा में भारती कुमारी ने 432 अंक लाकर प्रखंड का किया नाम रोशन



मदरलैंण्ड संवाददाता, कटिहार। मनसाही प्रखंड के नारायणपुर पंचायत के लखपुरा गांव की भारती कुमारी पिता शिवचरण साह ने इंटर की परीक्षा में 432 अंक लाकर प्रखंड का नाम रोशन किया ।इस मौके पर ग्राम लखपुरा की रहने वाली भारती कुमारी ने बताया कि 2020 में मैट्रिक की परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास किए थे। 396 अंक आया था ।वहीं एमजेएम महिला कॉलेज कटिहार से इंटर की पढ़ाई चल रहा था। इस वर्ष 2022 में महेश्वरी अकैडमी कटिहार में इंटर का सेंटर पड़ा था जिसमें मैंने आर्ट्स पेपर से पढ़ाई किए थे। परीक्षा समिति के द्वारा रिजल्ट जारी किया गया। जिसमे मैंने 432 अंक लाकर प्रखंड का नाम रोशन किए। मैं अपनी कामयाबी माता- पिता के साथ अपनी रॉयल कोचिंग सेंटर मनोहरपुर के टीचर को देना चाहती हूं जो कि हर वक्त टीचिंग क्लास में हमें विशेष रुप से परीक्षा की तैयारी कराते थे और इसी का परिणाम मिला मैंने प्रखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किए। वहीं रॉयल कोचिंग सेंटर के प्राचार्य ने बताया कि इस कोचिंग संस्थान से 14 छात्र- छात्राओं ने इंटर की परीक्षा में भाग लिया था। जिसमें 13 छात्र-छात्राओं ने इंटर की परीक्षा में प्रथम श्रेणी से पास कर प्रखंड का नाम रोशन किया ।वहीं भारती कुमारी ने बताया कि मेरी माता आशा देवी, बड़े भाई अनिल कुमार, पंकज कुमार ,संतोष कुमार, हर वक्त पढ़ाई पर ध्यान देने के बारे में कहते रहते थे और इसी का परिणाम मिला कि हम इंटर में 432 अंक लाकर प्रखंड में नाम रोशन किए।

### घरेलू विवाद में महिला से मारपीट, बचाने गये पति को भी पीटा, तरैया थाने में प्राथमिकी दर्ज

मदरलैंण्ड संवाददाता, सारण। थाना क्षेत्र के गलिमापुर गांव में घरेलू विवाद में एक महिला के साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। बचाने गए उसके पति को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया है। इस संबंध में पीड़ित महिला शहनाज खातून ने तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें अमजद अली, गुड़िया खातून और असगरी खातून को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। आरोप है कि घरेलू विवाद को लेकर आरोपी गण अपने-अपने हाथों में लाठी-डंडा लेकर आये और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान महिला के पति बचाने आये तो उन्हें भी मारपीट कर घायल कर दिया गया। मारपीट के दौरान महिला के गले से सोने का चेन छीन लिया गया। घायल व्यक्तियों का रेफरल अस्पताल तरैया में इलाज किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## फतुहां पुलिस ने ग्रामीण एसपी के निर्देश पर अन्तर्राजिय लुटेरा गिरोह के तीन लूटेरों को किया गिरफ्तार

### बिहार व झारखंड के कई जिलों में लूट का घटना को दिया अंजाम



» मदरलैंण्ड संवाददाता

पटना।फतुहा पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार की देर फतुहा फोरलेन पर छापेमारी कर लूटपाट की योजना बना रहे अंतर राज्यीय लुटेरा गिरोह के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार लुटेरों के पास से दो देशी कट्टा, छह जिंदा कारतूस, लूट की एक कार, दो मोटरसाइकिल के अलावे तीन मोबाइल भी बरामद किया है। गिरफ्तार लुटेरों की पहचान वैशाली जिले के नगर थाना क्षेत्र के बाघमली निवासी रविंद्र कुमार, समस्तीपुर जिले के ताजपुर थाना क्षेत्र के हरपुर भिंडी निवासी राजू सहनी और बेगूसराय जिले के बछवाडा थानाक्षेत्र के समसीपुर निवासी मनीष कुमार के रूप में की गई है। बताया जाता है कि पटना ग्रामीण एसपी विनीत को यह गुप्त सूचना मिली की फतुहा फोरलेन पर लूटपाट के उद्देश्य कुछ लुटेरे इकट्ठा हुए हैं। सूचना मिलते ही उनके निर्देश पर फतुहा डीएसपी राजेश कुमार मांझी के नेतृत्व में थानांध्यक्ष मनोज कुमार सिंह,एसआई मिथलेश कुमार,ललित विजय व राजेश कुमार के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया, और टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर फोरलेन से तीन लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के क्रम में इनके पास से दो देसी कट्टा, छह जिंदा कारतूस, लूट की एक कार दो मोटरसाइकिल के अलावे तीन मोबाइल भी बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में पुलिस के समक्ष गिरफ्तार आरोपियों ने अपना अपराध कबूल लिया है। फतुहा थाने में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ग्रामीण एसपी विनीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार लुटेरे अंतर राज्य लुटेरा गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लुटेरों द्वारा समस्तीपुर जिले में फ्लिपकार्ड और उत्कर्ष बैंक में लूट की घटना को अंजाम दिया गया था, साथ ही सोनपुर में फ्लिपकार्ड में लूट और झारखंड के गोड्डा जिले में बैंक लूट की घटना में भी इनकी संलिप्ता थी। ग्रामीण एसपी ने बताया कि लुटेरों द्वारा हाल ही में मुजफ्फरपुर जिले में बाइक लूट की घटना को भी अंजाम दिया गया था। ग्रामीण एसपी ने गिरफ्तार लुटेरों की निशानदेही पर गिरोह के अन्य सदस्यों को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिए जाने का भरोसा दिलाया है। फिलहाल पुलिस अंतर राज्यीय लुटेरा गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी को लेकर सघन छापेमारी अभियान में जुटी है।

## जोगबनी थाना क्षेत्र अंतर्गत एकमात्र हिंदू मीट का दुकान जी रहा है, गुमनामी की जिंदगी




» मदरलैंण्ड संवाददाता

अररिया। तस्वीरों में जो आप देख रहे हैं ये व्यक्ति गुमनामी की जिन्दगी जी रहा हैं। जहाँ देश और प्रदेश में अखंड हिंदुत्व की ज्योति जलायी जा रही हैं जिससे पूरे भारत वर्ष के सभी जो हिन्दू हैं और हिन्दू(सनातन) धर्म को मानते है उनको एक करना है। सनातनी रीतिरिवाज व सभ्यता का पालन करना है। लेकिन मौजूदा परिवेश में सोसल नेटवर्क जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, ट्विटर आदि से ही सनातन धर्म को मजबूत किया जा रहा हैं। ताजा उदाहरण हैं कि बथनाहा बस्ती निवासी संतोष मंडल नामक व्यक्ति विगत पांच वर्षो से हिन्दू झटका मीट(बकरा) बेच रहे हैं आज होली के अवसर पर जहाँ सभी चौक चौराहों पर गैर हिन्दुओ की मिट दुकान पर कतारबद्ध हो कर हिन्दू भाई मीट खरीद रहे हैं। वही संतोष मंडल की दुकान पर भीड़ का कोई नामो निशान नही हैं। होली के पावन अवसर पर समाज सेवी मिट्ठू सोनी,विकास मल्लिक,रवीं आर्य, विजय दास ने श्री मंडल की दुकान पहुँच कर एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी और कहा कि हमारे हिंदू समाज के लिए काफी गर्व की बात है कि हमारे समाज के एक भाई जो झटका मीट बेचते हैं। हम बथनाहा वासियों के सभी सनातनी भाइयों से अपील करते हैं यह विचारनीय विषय है, हम लोगों को इन को आगे बढ़ाना चाहिए।

## बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के लोगों में दिखा उत्साह और उमंग, नवनिर्वाचित मुखिया ने होली मिलन समारोह का आयोजन कर बदल दिया इतिहास



» मदरलैंण्ड संवाददाता

बेगुसराय। होली के मौके पर बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के लोगों में उमंग एवं उत्साह देखा गया.पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया बाबू प्रसाद वर्मा द्वारा अपने आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया.ग्रामीणों ने इस मौके पर खुशी जताते हुए कहा कि इस पंचायत में पहली बार किसी मुखिया द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है. मौके पर मुखिया श्री वर्मा ने उपस्थित लोगों को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि रंगोत्सव का यह पर्व होली हमें सामाजिक समरसता, भाईचारा, उत्साह एवं प्रेम की सौगात देता है.उन्होंने कहा कि मुसलमान भाइयों का शब ए बारात पर्व भी है. इसलिए बरियारपुर पश्चिमी पंचायत में हिन्दू मुस्लिम के गंगा यमुना की पुरानी संस्कृति को जीवंत बनाए रखने की जरूरत है. मुखिया ने पंचायत के वार्ड सदस्यों, सामाजिक कार्यकताओं को कुर्ता पायजामा एवं रंग गुलाल देकर सम्मानित किया. इस मौके पर पत्रकार बिमलेश कुमार चौधरी, श्याम नन्दन महतो, राजेश कुमार, अभिषेक कुमार सिन्हा ने जीवन में होली को ऊर्जा का संचार करने वाला उत्सव बताया. इस मौके पर मौजूद लोगों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी. होली मिलन समारोह के आयोजन ने पंचायत वासियों की खुशी का ठिकाना न रहा।

## गायत्री महायज्ञ को लेकर भूमिपूजन, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया ध्वजारोहण

» मदरलैंण्ड संवाददाता




बेगुसराय। आगामी 27 से 29 मार्च तक होने वाले 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ व संस्कार महोत्सव को लेकर रविवार को भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया. शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में होने वाले इस महायज्ञ के लिए गायत्री परिवार से जुड़े परिजनों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ध्वजारोहण भी किया गया. इसकी जानकारी देते हुए यज्ञ समिति के संयोजक नरेंद्र प्रसाद सैनी ने बताया कि 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ व संस्कार महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. जिसमें 27 मार्च की सुबह गाजेबाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा भी निकाली जाएगी. उन्होंने इस कलशयात्रा में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की.यज्ञ समिति के संयोजक ने बताया कि भूमि पूजन समारोह के लिए बनाये गये पांच कुंड के मुख्य यजमान के रुप में बरियारपुर पश्चिमी पंचायत के मुखिया बाबू प्रसाद वर्मा व उनकी धर्मपत्नी सावित्री देवी, पंचायत के सरपंच नवीन प्रसाद यादव व उनकी पत्नी सुधा देवी, एमआरडी इण्टरमीडिएट कॉलेज मेघौल के प्राध्यापक प्रो राजेश कुमार सैनी व उनकी पत्नी रेणु कुमारी, राजकीयकृत किसान प्लस टू विद्यालय तारा बरियारपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक अरुण कुमार व उनकी पत्नी कल्पना कुमारी तथा शिक्षक राजीव कुमार रंजन व उनकी पत्नी पंसस अंजना कुमारी ने अपनी भूमिका निभायी.उन्होंने बताया कि इस महायज्ञ को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है. महायज्ञ को सफल बनाने के लिए गायत्री परिवार के राजेन्द्र महतो, डॉ देवेंद्र कुमार विमल, जवाहर महतो, अरविंद कुमार, नंदलाल ठाकुर, बैद्यनाथ सहनी, रामेश्वर पासवान, राम चन्द्र साह, गजेंद्र प्रसाद जायसवाल, जवाहर सहनी, चन्द्रभूषण कुमार, सेवानिवृत शिक्षक राम कृष्ण पोद्दार, समाजसेवी राजेश कुमार, विपिन कुमार, रोहित कुमार, अशोक कुमार, नंदलाल महतो, रवीन्द्र कुमार, अमित कुमार समेत अन्य के द्वारा क्षेत्र के विभिन्न टोले मुहल्लों में जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है.

## पटना की लड़कियों पर भी खूब चढ़ा रंग



» मदरलैंण्ड संवाददाता

पटना। उमंग, तरंग और मस्ती का त्योहार होली पूरे देश में शनिवार को धूमधाम से मनाया गया है। बिहार में त्योहार का रंग ऐसा बिखरा है कि हर ओर मस्ती छाई रही। बच्चे हों या युवा, राजनेता हों या आम लोग सभी एक-दूसरे को रंग से सराबोर कर रहे थे। गुलाल लगा रहे थे। बच्चों की टोली रास्ते से गुजरने वालों पर रंगों की बौछार कर रही थी।

पटना के फतुहा में भी बच्चे ऐसे ही मस्ती में होली मनाते दिखे। होली को लेकर हर तरफ माहौल में उमंग था। दो वर्षों तक कोरोना के साये ने होली की खुशियां छीन ली थी। लेकिन इस बार होली कोरोना मुक्त था। इस कारण लोग कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते। पुआ-पकवान से लेकर रंग-गुलाल तक की पूरी व्यवस्था की गई थी। वही पुलिस भी शराबीयो की धरपकड़ में जुटी रही।

## एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ एक युवक गिरफ्तार

» मदरलैंण्ड संवाददाता



पटना। फतुहा पुलिस ने होलिका दहन के दिन रात्रि करीब बारह बजे के आस-पास धोबा पूल के पास से एक युवक को एक देशी कट्टा व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इस सम्बंध थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताता की गुरुवार की देर रात ग्रामीणों की शिकायत पर होलिका दहन के दौरान उपद्रव मचाने वाले युवकों को पकड़ने के लिए जनार्धनपुर गाँव में एसआई मिथलेश कुमार के साथ एक टीम गठित कर पेट्रोलिंग गाड़ी को भेजा गया था ।इसी दरम्यान एक बाइक पर सवार दो लोग फतुहा-दनियावां एनएच-30ए पर धोबा पूल के समीप भागने का प्रयास किया ।जिस पर सवार एक यूवक को पुलिस ने खदेड़ कर गिरफ्तार कर लिया ।जिसके पास से एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस मिला ।गिरफ्तार युवक संदीप कुमार उर्फ गुड्डू जनार्धनपुर गाँव निवासी उदय सिंह का पुत्र बताया जाता है ।जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## केसरिया में गंडक नदी में स्नान करने गये तीन युवक लापता

» मदरलैंड संवाददाता



मोतिहारी ।गंडक नदी में स्नान करने गए तीन युवक लापता हो गए हैं ।वहीं दो को बेहोशी की हालत में निकाला गया ।जिनका इलाज चल रहा है ।घटना केसरिया थाना क्षेत्र के कढ़ान की है ।जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर करीब डेढ़ दर्जन की संख्या में युवक गंडक नदी में स्नान करने गए ।स्नान के क्रम में कढान निवासी रामनरेश राय का 15 वर्षीय पुत्र कृष कुमार,बिंदा राय का 18 वर्षीय पुत्र मिथिलेश कुमार व पताही के बेतौना निवासी अमृत साह के 14 वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार व कढ़ान के मोहरलाल यादव के पुत्र प्रभात कुमार सहित एक अन्य युवक गहरे पानी में चला गया ।जिसके बाद स्नान करने गए अन्य युवकों ने किसी तरह प्रभात व एक अन्य को पानी से बाहर निकाला ।वहीं अन्य तीनों का कोई पता नहीं चला ।ग्रामीणों ने करीब चार घंटा तक खोजबीन की परंतु तीनों युवकों का कोई पता नहीं चल सका ।सूचना पर केसरिया थानाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार सिंह,सीआई विजय कुमार सिंह ने घटनास्थल पर पहुंच स्थिति की जानकारी ली ।जिसके बाद लापता युवकों की खोजबीन के लिए एनडीआरएफ की टीम को सूचना दी गयी ।समाचार प्रेषण तक एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंची थी ।घटनास्थल पर एसआई रामकुमार राम दलबल के साथ मौजूद थे।

**अपने पिता के दोस्त के घर आया था आदित्य**



लापता युवक आदित्य मोतिहारी स्थित शांतिनिकेतन विद्यालय के वर्ग आठवीं का छात्र है ।वह होली में कढ़ान निवासी शिवजी राय के यहां आया हुआ था ।शिवजी राय व लापता युवक के पिता अमृत साह बिजनेस पार्टनर हैं। वहीं लापता मिथलेश अंधा है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने दिव्यांगों के साथ मनायी होली



मदरलैंण्ड संवाददाता, कटिहार। दिव्यागं महापरिवार के साथ कटिहार जिला पदाधिकारी उदयन मिश्रा ने अपने आवास में दिव्यांग जनों को बधाई एवं शुभकामनाएं रंगों का पर्व होली सामुदायिक सद्भाव और मेल मिलाप का जीवंत उदाहरण है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि यह त्योहार सभी दिव्यांग महापरिवार के कार्यकर्ता के साथ जिला वासियों के जीवन में आनंद उमंग और नई ऊर्जा का संचार हो। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी उदयन मिश्रा ने सभी दिव्यांग जनों को रंग और गुलाल के साथ इस पर्व को मना कर सभी को अपने हाथों से मिठाई खिलाये। कटिहार के दिव्यांग जन जिला पदाधिकारी के इस तरह का स्वागत एवं शुभकामना से काफी गदगद और फूले नहीं समा रहा थे। सचिव शिव शंकर रमाणी के नेतृत्व में दिव्यांगजन काफी उत्साहित होकर जिला पदाधिकारी को रंग गुलाल के साथ होली मनाई। इस अवसर पर शिव शंकर रामानी के अलावा विजय कुमार, रामकुमार, अमर कुमार, मोहम्मद लोको, मोहम्मद जमाल,सुधीर पासवान, रंजन कुमार राय,प्रशांत, लेलू मंडल, मोहम्मद शमशेर अंसारी, पांचो चौहान इत्यादि प्रमुख रूप से शामिल थे।

### अमदाबाद में भतीजे ने चाचा की पीट पीट कर हत्या कर दी



मदरलैंण्ड संवाददाता, कटिहार। अमदाबाद प्रखंड के अंतर्गत बैरिया गांव में आपसी विवाद मे दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना में जोगेंद्र ठाकुर सहित चार लोग घायल हुये है। जोगिंदर ठाकुर को परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से आनन-फानन में अमदाबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टर ने जोगिंदर ठाकुर के नाजुक स्थिति को देखते हुए कटिहार असपताल रेफर कर दिया। लेकिन सदर अस्पताल मे भी उनकी स्थिति मे सुधार नही हुआ और बेहतर इलाज के लिए पूर्णिया ले जाते समय उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजनो के अनुसार टूटी के पानी के बहाव को लेकर भतीजा संतोष ने अपने परिजनों के साथ अपने चाचा जोगेंदर ठाकुर एवं उनके परिवार पर तलवार, लाठी एवं फाल्शा से हमला किया गया था। इस तरह से भतीजे ने ही अपने चाचा की हत्या कर दी मृतक के पक्ष से अमदाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। और अमदाबाद पुलिस ने मृतक के बॉडी को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कटिहार भेज दिया है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने छापेमारी कर रही है।

### होली के गीतों पर जमकर थिरके लोग, एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं



मदरलैंण्ड संवाददाता, कटिहार। अमला टोला में सिंधी समुदाय की होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें एक निजी भवन में सिंधी समुदाय से जुड़े लोगों के अलावा अन्य लोग भी शामिल होकर होली मिलन का आनंद लिया। जहां स्थानीय कलाकारों के द्वारा होली से जुड़े गीतों की धुन पर लोग थिरकते नजर आए। वही इस मौके पर पूर्व विधान पार्षद राजवंशी सिंह, चंद्र भूषण ठाकुर, कमल वाधवानी, समरेंद्र कुणाल सहित कई लोग शामिल हुए। होली मिलन समारोह में सभी लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां स्थानीय कलाकारों के द्वारा होली के गीत गाए गए। रंग अबीर गुलाल लगाने के बाद लोग होली के गीतों में जमकर थिरके। इस बीच खानपान का भी व्यवस्था किया गया था। लोगों ने पकवानों का भी जमकर आनंद उठाया। होली मिलन समारोह पर आयोजक भाजपा मानिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कमल वाधवानी ने बताया कि पिछले 2 सालों से होली का त्यौहार काफी फीका रहा है। इस बार कोरोना काल के समाप्ति के बाद लोग जमकर होली का त्यौहार का आनंद उठाएं हैं। होली मिलन समारोह में सिंधी समुदाय के साथ पार्टी से जुड़े नेता भी मौजूद थे।

### रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनायी



मदरलैंण्ड संवाददाता, कटिहार। समेली प्रखंड क्षेत्र में रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्ण एवं सोहार्द पूर्ण वातावरण में मनाया गया। प्रखंड के विभिन्न चौक चौराहे पर होलिका दहन कार्यक्रम में लोगों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। सुबह से ही लोगों ने अपने रिश्तेदारों एवं दोस्तों को होली की शुभकामनायें दी। दिनभर रंग गुलाल लगाकर लोगों ने एक दूसरे के साथ होली मनाई। कई जगहों पर होली मिलन समारोह का आयोजन भी किया गया। शराबबंदी कानून लागू होने की वजह से होली में जाम छलकने की परंपरा पर लगभग ब्रेक सा लग गया। लोग एक दूसरे का गले मिलकर अबीर गुलाल लगाते हुए होली की बधाई दी। होली पर्व को लेकर बच्चे, बूढ़े, युवा, महिलाएं सभी उत्साहित नजर आए। प्रशासन की ओर से चौक चौराहे पर जगह --- जगह दंडाधिकारी की नियुक्ति की गई थी। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए समेली बीडीओ सुनील कुमार , अंचल पदाधिकारी गुलाम शाहिद,पोठिया ओपीध्यक्ष डा0 सुनील कुमार राय पुलिस बलों के साथ क्षेत्रों का सुरक्षा का जायजा लेते रहे।

# कदवा में हर्षोल्लास के साथ मनाया होली पर्व

» मदरलैंण्ड संवाददाता



कटिहार। ताने-बाने के साथ कदवा प्रखंड क्षेत्र में रंगों का त्योहार होली शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होली के उत्सव के दौरान प्रखंड क्षेत्र रंगों से सराबोर नजर आया। प्रखंड के शहरी सहित देहाती क्षेत्रों में भाईचारे के साथ रंगों कक त्योहार मनाया गया। इस दौरान लोग रंग-गुलाल लगाते हुए सड़कों पर निकल आए। पूरे दिन ढोल एवं होली के गीतों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा और नाचते-गाते लोगों ने एक दूसरे के घरों में जाकर रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही कई स्थानों पर युवाओं की टोली ने कपड़ा फाड़ होली खेला। शाम होते ही लोगों ने स्नान कर नए कपड़े पहने और बड़ो के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। लोगों ने एक दूसरे के घर जाकर पर्व की खुशियों को आपस में बंटी। इस दौरान घर-घर बने पुआ व तरह-तरह के व्यंजनों का लोगों ने आनंद लिया।

होली पर्व को लेकर प्रखंड क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह दिखाई दिया। हालात यह रहा कि प्रखंड के शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक होलु पर्व को लेकर बच्चे,बूढ़े,युवा,महिलाएं सभी उत्साहित नजर आए। होली के दिन सुबह सात बजे से सड़कों पर निकल कर रंग खेलने की शुरूआत बच्चों ने शुरू किया। वे पिचकारी में रंग लेकर आने-जाने को वालों को भिगाने लगे। बाद में बड़ों के साथ मिलकर उन्होंने रंगों भरी बाल्टी से रंग खेलना शुरू कर दिया। महिलाएं व युवतियां भी रंग लगाने में पीछे नहीं रहीं। वहीं बुजुर्गों ने टोलियों में निकल कर मोहल्लों-मोहल्लों जाकर लोगों को रंग लगाया। इस दौरान 'रंग बरसे भीगे चुनरवाली, रंग बरसे....होली है' 'होली खेलें रघुबीर अवध में,होली खेलें रघुबीरा.....' आदि गाने फिजां में गूंज रहे थे। फाग की मस्ती में मदमस्त युवा नाच रहे थे। हवा में उड़ते अबीर-गुलाल आसमान को सतरंगी बना रहे थे। होली पर्व पर चारों तरफ आपसी भाईचारगी झलकता नजर आया। क्षेत्र के कुम्हड़ी, दुगार्गंज,चांदपुर,गेठौड़ा,सोनैली, भोगांव आदि स्थानों पर लोगों ने होली जुलूस निकालते हुए जमकर अबीर, गुलाल,विभिन्न प्रकार के रंग के साथ सामूहिक होली का आनंद उठाया। उधर रंग में भंग न पड़े इसे लेकर प्रशासन भी सजग थे। क्षेत्र के गलियों में पुलिस प्रशासन के जवान तैनात नजर रखे हुए थे। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र में भी हर्षोल्लास व उत्साह के साथ लोगों ने होली पर्व मनाया।

## रामनवमी की तैयारीः रामनवमी शोभायात्रा निकालने की तैयारी को ले संस्था की बैठक



» मदरलैंण्ड संवाददाता

कटिहार। हसनगंज में रविवार को राम जनसेवा समिति हसनगंज के तत्वावधान में राम जनसेवा समिति संस्था के सचिव प्रशान्त झा व अध्यक्ष चंदन सोनी की अध्यक्षता में आगामी रामनवमी की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित किया गया। जिसमें रामनवमी शोभायात्रा की पूरी तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया गया। आयोजित बैठक में शोभायात्रा को सफल बनाने को लेकर अन्य कई महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर विचार विमर्श किया गया। शोभायात्रा के रूट चार्ट प्रशासनिक व्यवस्था एवं अनुशासन को लेकर भी चर्चा हुआ। संस्था के सचिव प्रशांत झा ने प्रखंड के लोगों से अपील किया है कि यह आगामी शोभायात्रा में शामिल होकर अपनी अपनी भागीदारी को आवश्यक सुनिश्चित करेंगे। मौके पर उपस्थित गणमान्य ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से समाज मे एकता, अखण्डता और समरसता का भाव बढ़ता है। बैठक को सफल बनाने में प्रखंड प्रमुख नीलू देवी, मुकेश कुमार श्रीवास्तव, ज्योतिष कांत कुंवर, अजय अग्रवाल, राजू साह, राजकुमार मंडल, अशोक मंडल, हृदय कुमार उरांव, उत्तम भगत, रवि साह, महेन्द्र वर्मा, मंगल महलदार, शम्भू सुमन, सुबोध रजक, प्रेम पोद्दार, समाज सेवी, गौतम कुमारआदि उपस्थित रहे।

## कदवा पुलिस ने 85 लीटर विदेशी शराब के दो को किया गिरफ्तार

» मदरलैंण्ड संवाददाता



कटिहार। कदवा थाना क्षेत्र के झौआ-सोनैली मुख्य पथ पर वाहन चेकिंग के दौरान कदवा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए टाटा इंडिका विस्टा कार जिसका संख्या बीआर-09 एम-5376 से भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ चालक व एक सहयोगी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बताया जाता है कि होली त्यौहार को देखते हुए शराब व्यवसायियों की धरपकड़ के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद थी। पुलिस झौआ-सोनैली मुख्य पथ पर गश्त कर रही पुलिस को देखते ही कार वापस मुड़ने लगी। जिसे देखते ही संदेह के आधार पर जब पुलिस ने काफी दूर तक खदेड़ कर कार को निगम चौक के पास धर दबोचा। कार की तलाशी लेने के क्रम में 85 लीटर से भरी भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई साथ ही मौके पर से कार चालक व उप चालक दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पकराये व्यक्ति में एक बेगूसराय के मुफस्सिल थाना क्षेत्र कैलामा निवासी रामलखन सिंह के पुत्र अमर कुमार एवं दूसरा सोनैली निवासी तुलसी रजक के पुत्र आर्यन राज बताया जाता है। वहीं कदवा पुलिस ने दोनो को मद्य निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया। कदवा थानाध्यक्ष रंजय कुमार सिंह ने बताया की मद्य निषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए कार व शराब को जब्त कर लिया गया है। दोनों को चिकित्सकीय जांचोपरांत जेल भेज दिया गया है।

## कुरसेला प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली का त्यौहार

» मदरलैंण्ड संवाददाता



कटिहार। कुरसेला प्रखंड क्षेत्र में आपसी भाई-चारे व रंगों का त्योहार होली शुक्रवार तथा शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होली के उत्सव के दौरान कुरसेला परिक्षेत्र रंगों से सराबोर नजर आया। कुरसेला नगर पंचायत सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भाईचारे के साथ रंगों का त्योहार मनाया गया। इस दौरान लोग रंग-गुलाल लगाते हुए सड़कों पर निकल आए।

होली पर्व को लेकर बच्चे, बूढ़े, युवा, महिलाएं सभी उत्साहित नजर आए। होली के दिन सुबह सात बजे से सड़कों पर निकल कर रंग खेलने की शुरूआत बच्चों ने शुरू किया। वे पिचकारी में पानी लेकर ही आने-जाने वालों को भिगोने लगे। बाद में बड़ों के साथ मिलकर उन्होंने रंगों भरी बाल्टी से रंग खेलना शुरू कर दिया। महिलाएं व युवतियां भी रंग लगाने में पीछे नहीं रहीं। वहीं बुजुर्गों ने टोलियों में निकल कर मोहल्ले-मोहल्ले जाकर लोगों को रंग लगाया। इस दौरान 'रंग बरसे भींगे चुनरवाली, रंग बरसे.. होली है' 'होली खेलें रघुवीरा अवध में, होली खेलें रघुवीरा..' आदि गानो की आवाज गूंज रही थी। फाग की मस्ती में मदमस्त युवा नाच रहे थे। हवा में उड़ते अबीर-गुलाल आसमान को सतरंगी बना रहे थे। होली पर्व पर चारों तरफ आपसी भाईचारगी झलकता नजर आया।

पूरे दिन ढोल एवं मंजीरे की थाप पर नाचते-गाते लोगों ने एक दूसरे के घरों में जाकर रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। साथ ही साथ कई स्थानों पर युवाओं की टोली ने कपड़ा फाड़ होली खेला। शाम होते ही लोगों ने स्नान कर नए कपड़े पहने और बड़ों के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर पर्व की खुशियों को आपस में बांटी। इस दौरान घर-घर बने गुझिया व तरह-तरह के व्यंजनों का लोगों ने आनंद लिया।

## आमदाबाद प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली का त्यौहार



» मदरलैंण्ड संवाददाता

कटिहार। अमदाबाद प्रखंड क्षेत्र में आपसी भाई-चारे व रंगों का त्योहार होली शुक्रवार तथा शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होली के उत्सव के दौरान आमदाबाद परिक्षेत्र रंगों से सराबोर नजर आया। अमदाबाद नगर पंचायत सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भाईचारे के साथ रंगों का त्योहार मनाया गया। इस दौरान लोग रंग-गुलाल लगाते हुए सड़कों पर निकल आए।

होली पर्व को लेकर बच्चे, बूढ़े, युवा, महिलाएं सभी उत्साहित नजर आए। होली के दिन सुबह सात बजे से सड़कों पर निकल कर रंग खेलने की शुरूआत बच्चों ने शुरू किया। वे पिचकारी में पानी लेकर ही आने-जाने वालों को भिगोने लगे। बाद में बड़ों के साथ मिलकर उन्होंने रंगों भरी बाल्टी से रंग खेलना शुरू कर दिया। महिलाएं व युवतियां भी रंग लगाने में पीछे नहीं रहीं। वहीं बुजुर्गों ने टोलियों में निकल कर मोहल्ले-मोहल्ले जाकर लोगों को रंग लगाया। इस दौरान 'रंग बरसे भींगे चुनरवाली, रंग बरसे.. होली है' 'होली खेलें रघुवीरा अवध में, होली खेलें रघुवीरा..' आदि गानो की आवाज गूंज रही थी। फाग की मस्ती में मदमस्त युवा नाच रहे थे। हवा में उड़ते अबीर-गुलाल आसमान को सतरंगी बना रहे थे। होली पर्व पर चारों तरफ आपसी भाईचारगी झलकता नजर आया।

पूरे दिन ढोल एवं मंजीरे की थाप पर नाचते-गाते लोगों ने एक दूसरे के घरों में जाकर रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। साथ ही साथ कई स्थानों पर युवाओं की टोली ने कपड़ा फाड़ होली खेला। शाम होते ही लोगों ने स्नान कर नए कपड़े पहने और बड़ों के पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर पर्व की खुशियों को आपस में बांटी। इस दौरान घर-घर बने गुझिया व तरह-तरह के व्यंजनों का लोगों ने आनंद लिया। सावधानी के साथ मनाये होली. साथ ही अपने जीवन को बनाये रंगीन, मिलाकर उसमे यादों के पलछिन. अपनों के साथ मिलजुल कर मनाने का त्यौहार होली है,

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली का त्यौहार

» मदरलैंण्ड संवाददाता



कटिहार। प्राणपुर प्रखंड क्षेत्र में भी आपसी भाई-चारे व रंगों की त्योहार शुक्रवार तथा शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होली के उत्सव के दौरान पूरे प्राणपुर प्रखंड रंगों से सराबोर नजर आया। वही प्रखंड से पंचायत सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भाईचारे के साथ रंगों का त्योहार मनाया गया। इस दौरान लोग रंग-गुलाल लगाते हुए सड़कों पर निकल आए।

होली पर्व को लेकर बच्चे, बूढ़े, युवा, महिलाएं सभी उत्साहित नजर आए। होली के दिन सुबह सात बजे से ही सड़कों पर निकल कर रंग खेलने की शुरूआत छोटे-छोटे बच्चों ने किया। वे पिचकारी में रंग एवं पानी लेकर आने-जाने वाले को भिगोने लगे। वही गौरीपुर पंचायत के भूत पूर्व मुखिया प्रताप सिंह ने शाह नगर गांव के बच्चों को रंग डालने को लेकर कई दिशा निर्देश देते हुए छोटे-छोटे बच्चों के साथ मिलकर उन्होंने भी रंग खेलना शुरू कर दिए। उक्त पर्व में महिलाएं एवं पुरुष व किशोरी बालिकाओं भी रंग लगाने में पीछे नहीं रहीं। वहीं बुजुर्गों ने टोला मोहल्ले में जाकर लोगों को रंग लगाया। इस दौरान 'रंग बरसे भींगे चुनरवाली, रंग बरसे एवं होली है' 'होली खेलें रघुवीरा अवध में, होली खेलें रघुवीरा आदि गानो की आवाज गूंज रही थी। फागुन की मस्ती में मदमस्त युवा, बुजुर्ग व नाचते गाते आनंद उठाते हुए होली शांतिपूर्ण संपन्न हुई।

## बिहार के उपमुख्यमंत्री पहुंचे हसनगंज पार्टी कार्यकर्ताओं को दी बधाई



» मदरलैंण्ड संवाददाता

कटिहार। बिहार के उपमुख्यमंत्री तारकेश्वर प्रसाद गृह विधानसभा कटिहार स्थित शनिवार को हसनगंज पहुंचे इस दौरान भाजपा पार्टी कार्यकताओं में काफी हर्ष का माहौल देखा गया। पार्टी कार्यकताओं ने बिहार के उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद को होली के मद्देनजर अबीर गुलाल लगाया। मौके पर बिहार के उपमुख्यमंत्री तारकेश्वर प्रसाद ने सभी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण वासियों को होली पर्व की खूब बधाई दिया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने केलाबारी कोरगामा में पहुंच पार्टी कार्यकताओं से मिले और सरकार द्वारा मिलने वाली विकास सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की। बताया कटिहार विधानसभा के साथ-साथ पूरे सीटों में विधान परिषद चुनाव में एनडीए प्रत्याशी की जीत होगी। मौके पर डिप्टी सीएम ने कार्यकताओं से मिलकर बिहार विधान परिषद के एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में मत को लेकर साथ ही क्षेत्र के विकास संबंधित मुद्दों पर चर्चा करते हुए बताया कि सभी सीटों में एनडीए प्रत्याशी ही जितेगी। वहीं उपमुख्यमंत्री ने कार्यकताओं को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई व शुभकामनाएं दी साथ ही क्षेत्र की जनता को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह होली की त्यौहार आपके जीवन में सुख समृद्धि लाए आपका जीवन खुशियों से भरा रहे। मौके पर कार्यकताओं ने भी उपमुख्यमंत्री को अबीर गुलाल लगाकर बधाई व शुभकामनाएं दी साथ ही कार्यकताओं ने क्षेत्र की कई समस्याओं से अपने उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया। इस अवसर पर भाजयुमो जिला महामंत्री प्रशांत झा, प्रखंड अध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव, प्रखंड प्रमुख नीलू देवी, समाज सेवी गौतम कुमार, ज्योतिष कांत कुँवर, महेंद्र मंडल आदि उपस्थित रहे।

## सामाजिक और धार्मिक त्योहार होली पूरे आजमनगर प्रखंड क्षेत्र में धूम-धाम से मनाया गया प्रशासनिक व्यवस्था रही सख्त



» मदरलैंण्ड संवाददाता

कटिहार। आजमनगर प्रखंड क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में धूम धाम से हर्सोल्लास के साथ मनाया गया तिथि में उलट फेर रहने के कारण 18एवं19मार्च दो दिनों तक होली का त्योहार मनाया गया।

कटिहार जिले सहित सालमारी ओपी क्षेत्र की होली में मारवाड़ी बिहारी रंगों का मिला जुला असर देखा गया।

होली के आगमन से पूर्व माघ की पूर्णिमा पर होली का डंडा रोप दिया जाता है। आबाल वृद्ध नर-नारी सभी बड़े उत्साह से होली का त्योहार मनाया। वहीं जिले के विभिन्न हिस्सों में होली की पूर्व संध्या लकड़ियों के कंडों आदि का ढेर लगा कर होली कोत्सव मनाया गया। इस पर्व में खेत से नवीन अन्न को यज्ञ में हवन कर के प्रसाद लेने की परंपरा भी है। बताते चलें कि होली आनंद उल्लास का पर्व में लोगों में उत्साह चरम पर रहा। उत्साह उमंग की लहरें हैं। आज के युवाओं में होली के अवसर पर अबीर गुलाल के स्थान पर कीचड़ गोबर मिट्टी आदि भी फेंकते देखे गए। वेदज्ञ सुभाष चंद्र झा ने मदरलैंड वाइस को बताया मिथिला और बनारसी पञ्चाङ्ग के मुताबिक होली त्योहार19मार्च को मनाई जाएगी। इससे पूर्व17मार्च की रात में1बज कर11से15मिनट पर होलिका दहन किया जाएगा17मार्च के दिन 1बजे से पूर्णिमा प्रवेश कर जाने की स्थिति में होली18और19मार्च को मनाई जाएगी हलांकि अन्य पञ्चाङ्ग के अपने अपने मत निहित है। क्यों कि होली चैत में मनाई जाती है। और चैत19मार्च को प्रवेश होने की वजह से होली त्योहार दो दिन मनाया गया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में थाना प्रभारी सक्रिय नजर आए वहीं आजमनगर थाना क्षेत्र में थानाध्यक्ष मानुतोष कुमार,सालमारी ओपी क्षेत्र में ओपीध्यक्ष विजय कुमार अपने अपने दल बल संग मुस्तैद नजर आयी। वहीं बारसोई अनुमंडल क्षेत्र में एसडीओ राजेश्वरी पाण्डेय एसडीपीओ प्रेमनाथ राम सुरक्षा व्यवस्था का अनुश्रवण कर रहे थे। तो जिले में डीएम उदयन मिश्रा एसपी जीतेन्द्र कुमार भी पूरे जिले पर नजर रखे हुए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### सारण तटबंध से अंग्रेजी शराब के साथ दो धंधेबाज गिरफ्तार

मदरलैंण्ड संवाददाता, सारण। थाना क्षेत्र के भटगाई गांव स्थित सारण तटबन्ध के किनारे शराब बेच रहे दो शराब के धंधेबाजों को तरैया पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उन धंधेबाजों के पास से पुलिस ने साढ़े सात लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। इस संबंध में पीएसआई रवि रंजन कुमार ने तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर भटगाई गांव में छापेमारी किया गया तो गंडक बांध पर चोरी छिपे शराब की बिक्री कर रहे दो धंधेबाजों को साढ़े सात लीटर अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार धंधेबाज भटगाई निवासी अरविंद साह एवं रामपुर महेश निवासी अर्जुन राय है। गिरफ्तार दोनों धंधेबाजों को न्यायिक हिरासत में छपरा भेज दिया गया है।

### होली के हुड़दंग में हुई मारपीट में एक महिला समेत पांच घायल, तीन रेफर

मदरलैंण्ड संवाददाता, सारण। तरैया थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में शुक्रवार और शनिवार को होली के हुड़दंग में हुई मारपीट की घटना में एक महिला समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। वहीं गंभीर रूप से घायल तीन व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के बाद छपरा सदर अस्पताल रेफरल कर दिया गया है। घायलों में तरैया गांव के मुकेश सिंह, लौवां के शंभू राम, रसीदपुर गांव के मोहन राय, कलावती देवी व मिथलेश राय का नाम शामिल है। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल तरैया में किया गया है। गंभीर रूप से घायल मोहन राय, कलावती देवी और मिथलेश राय को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। इस संबंध में पीड़ित पक्षों द्वारा स्थानीय थाने में अलग-अलग शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

### सड़क दुर्घटना में एक महिला समेत चार घायल

मदरलैंण्ड संवाददाता, सारण। थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर सड़क दुर्घटना में एक महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। भलुआ शंकरडीह गांव में एक अनियंत्रित कार की ठोकर से नितेश कुमार सिंह और रणधीर कुमार घायल हो गए हैं। वही हरखपूरा गांव में अज्ञात बाइक की ठोकर से जानकी देवी घायल हो गई है तथा आकुचक गांव में सड़क दुर्घटना में सत्येंद्र दास घायल हो गए हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार रेफर अस्पताल तरैया में किया गया है। वहीं गंभीर रूप से घायल नितेश कुमार सिंह और रणधीर कुमार को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। इस संबंध में पीड़ित पक्षों द्वारा स्थानीय थाने में अलग-अलग शिकायत दर्ज कराई गई है। पुलिस प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

### तरैया में आंगनबाड़ी सेविका के निधन पर शोक

मदरलैंण्ड संवाददाता, सारण। प्रखंड के तरैया निवासी संजय सिंह उर्फ खटाली की पत्नी व आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-26 की सेविका रेखा देवी का शनिवार को निधन हो गया। दिवंगत सेविका रेखा देवी कई महीनों से आसाध्य बीमारी से ग्रसित थी। उनका उपचार पटना में चल रहा था। इधर कुछ दिनों से वह घर पर ठीकठाक स्थिति में थी। शनिवार को अचानक उनकी मृत्यु हो गई। सेविका के निधन पर कई आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविका व सहायिकाओं ने दुःख व शोक प्रकट की है।

### सहोदरा थाना के एसआइ के द्वारा आम लोगो को गाली देने का वीडियो हुआ वायरल

मदरलैंण्ड संवाददाता, बेतिया। गौनाहा ठोरी जंगल में बीस नम्बर ढ़ाला के पास सहोदरा थाना में पदस्थापित एसआई के द्वारा आम लोगो को गाली देने का एक वीडिओ सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा हैं। वायरल वीडियों में एसआई सी के तीवारी अपनी वर्दी का रोब दिखाते हुए मोटरसाइकिल चालक के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए व मां बहन को भद्दी-भद्दी गालियां देते साफ दिखाई दे रहें हैं। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि वीडियों वायरल हुआ हैं। इसका जांच कराया जा रहा हैं। मामला सत्य पायें जाने पर उक्त एसआई के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही किया जाऐगा।

### छापा मारने गई पुलिस को गाँव वालों का करना पड़ा विरोध

मदरलैंण्ड संवाददाता, बेतिया। गौनाहा पुलिस को गुरुवार की संध्या शराब व कारोबारियों के विरुद्ध छापेमारी करने गई मटियरिया पुलिस को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ो वही पुलिस एक कारोबारी को दो लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दी है गिरफ्तार कारोबारी की पहचान उमेश राम के रूप में की गई हैं इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि शराब के विरोध छापेमारी करने गई पुलिस को मस्जिदवा गाँव वालों ने विरोध का सामना करना पड़ोगाँव वालों को सरकारी काम में बाधा पहुचाने की वजह से 17 व्यक्तियों को नामजद व 25 बेनाम पर प्राथमिकी दर्ज की गई हैं।

### संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत

मदरलैंण्ड संवाददाता, बेतिया। गौनाहा मटियारिया थाना क्षेत्र के तुरकौलिया लक्षनौता गांव के समीप एक 60 वर्षीय महिला की मौत संदिग्ध अवस्था में हो गई है पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया है मिली जानकारी के अनुसार मृतका कुसमी देवी गौनाहा थाना क्षेत्र के पोहरा लक्षनौता गांव के रहने वाली है वह शनिवार को सुबह होली पर्व को लेकर अपने मायके तुरकौलिया लक्षनौता जा रही थी अचानक गांव की करीब पहुंचते ही उसकी मौत संदिग्ध अवस्था में हो गई। मृतका के पति सतनारायण राम ने बताया है कि उसकी पत्नी की दिमागी हालत ठीक नहीं रहता था वही महिला ने अपने पीछे पति सहित पुत्र झोटील राम व एक बहू को छोड़ गई है। वहीं थाना अध्यक्ष संजय कुमार ने बताया है कि घटना की सूचना मिलते हैं पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था वही पोस्टमार्टम के बाद शव को उतसके परिजनों को सौंप दिया गया घटना का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पता चलेगा।

# दिलिप वर्मा ज्ञान सरोवर उच्च विद्यालय के वार्षिक महोत्सव में लोक संगीत और नृत्य ने बांधा समां

## मुख्य अतिथि रहे वाल्मीकिनगर सांसद सुनिल कुमार और नरकटियागंज विधायक रश्मि वर्मा





» मदरलैंण्ड संवाददाता

बेतिया। दिलीप वर्मा ज्ञान सरोवर उच्च विधालय में रविवार को वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया।इस आयोजन का उद्धघाटन बाल्मीकि नगर सांसद सुनील कुमार एवं नरकटियागंज विधायक रश्मि वर्मा ने किया रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच विधालय ने अपना वार्षिक महोत्सव मनाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि बाल्मीकि नगर सांसद सुनील कुमार ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल बच्चों में ज्ञान बांटना ही नहीं है बल्कि ज्ञान के साथ संस्कार और सुरक्षा भी प्रदान करना है। नृत्य संगीत, योग और खेलकूद के द्वारा शिक्षा को तनावरहित बनाने का कार्य किया है। इस मौके पर विधायक रश्मि वर्मा ने कहा कि बच्चों के बस्ते के बोझ को कम करना चाहिए और उन्हें स्वावलंबन युक्त ज्ञान एवं स्किल सिखाकर राष्ट्र की मुख्यधारा में लाना चाहिए। वहीं विद्यालय के निर्देशक अमर कुमार सोनी ने घोषणा करते हये कहा कि 31 मार्च को विधालय में मेगा कैंप लगा कर निशुल्क नामांकन किया जाएगा साथ ही कहा कि शिक्षा संस्कार और सुरक्षा हमारे विद्यालय की प्राथमिकता है। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत देशभक्ति गीतों से की गई। इसके बाद नाटक के जरिये बाल विवाह के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। उपस्थित लोगों ने खूब सराहा।

अन्य गीतों पर भी बच्चों ने बेहतरीन प्रस्तुति दी वहीं इस आयोजन का समापन भाजपा जिला अध्यक्ष दीपेंद्र सर्राफ एवं भाजयुमो जिलाध्यक्ष धनरंजन कुशवाहा के द्वारा किया गया। इस मौके पर विधालय के शिक्षक एवं विधालय से शिक्षा पाकर देश विभिन्न राज्यों में उच्च पदो पर नौकरी कर रहें छात्रो को अतिथियों के द्वार सम्मानित भी किया गया। मौके पर , प्राध्यापक राजकिशोर प्रसाद मुखिया सनी दूबे, धीरेंद्र सिंह , अजय सिंह , भोजपुरी अभिनेता अतुल श्रीवास्तव सहित सैकड़ों कि संख्या में अभिभावक मौजूद रहें।

## होली के दिन पोखर में नहाने गए युवक की डूबने से मौत, तीसरे दिन युवक का मिला शव

» मदरलैंण्ड संवाददाता

- शव के लिए स्थानीय गोताखोर और एनडीआरएफ की टीम ने चलाया था सर्च अभियान



सारण। थाना क्षेत्र के तरैया मुरलीपुर जिंगना टोली में शुक्रवार को होली के दिन पोखर में स्नान करने गए एक युवक की डूबने से मौत हो गई। मृतक राम कौलेश मांझी का 18 वर्षीय पुत्र भोला शंकर मांझी बताया जाता है। वहीं स्थानीय गोताखोर और एनडीआरएफ की टीम के दो दिनों के काफी मश्क्कत के बाद तीसरे दिन मृत युवक का शव पोखर से बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोपहर में युवकों की एक टोली होली खेलने के बाद उक्त पोखर में स्नान करने के लिए गए। जहां स्नान करने के दौरान एक युवक पोखर में डूब गया। घटना के बाद गांव में कोहराम मच गया। होली की खुशी गम में बदल गया, गांव में मातमी सन्नाटा छा गया। सूचना पाकर मौके पर पहुची तरैया थाना पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों के सहयोग से पोखर में जाल गिराकर शव को काफी देर कर ढूंढा गया। लेकिन शाम तक सफलता नहीं मिली तो स्थानीय ग्रामीण एनडीआरएफ की टीम को बुलाने की मांग करने लगे। अगले दिन शनिवार को सुबह में एनडीआरएफ की टीम पहुची और शव को खोजने के लिए पोखर में सर्च अभियान चलाया। पूरे दिन यह कार्यक्रम जारी रहा और अगले दिन शव पोखर में पानी में तैरता हुआ देख ग्रामीणों ने हल्ला किया। जिसके बाद नाव के सहारे शव को पानी से बाहर निकाला गया। मृतक के शव से लिपटकर उसके परिजन चीत्कार मार-मार कर रो- रहे थे। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के लिए छपरा भेज दिया।

## होली व शबे-बारात में शान्ति व्यवस्था के सुरक्षा को लेकर प्रशासन दिखी मुस्तैद



» मदरलैंण्ड संवाददाता

बेतिया। ठकराहा प्रखंड में शुक्रवार को होली व शब्बे-बारात को लेकर प्रसाशन एक्शन मोड में रही। ठकराहा थाना क्षेत्र के भुवालपट्टी, भतहवा, मलाहीटोला, ठकराहा बाजार आदि जगहों पर मजिस्ट्रेट बहाल किया गया था, ताकि कोई अप्रिय घटना ना हो। ठकराहा प्रखंड मे तैनात मजिस्ट्रेट अवीनाश कुमार सिंह तथा ठकराहा थाना के थाना अध्यक्ष अजय कुमार ने बताया की होली का त्योहार आपसी एकता व भाईचारे का त्योहार है। इस त्योहार को शांति से मिलजुल कर मनाना चाहिए। उन्होंने ये भी बताया कि बिहार में शराब बंदी कानून लागू है। विदित हो कि शुक्रवार को ही शब्बे-बारात भी था, जिसको लेकर प्रखंड के सभी चौक-चौराहों पर पुलिस अपने दल-बल के साथ चौकन्ना दिखी। मजिस्ट्रेट अवीनाश कुमार सिंह ने बताया कि शब्बे-बारात व होली जैसे पावन पर्व पर सामाजिक सौहार्द नही बिगड़े इसके लिये जगह-जगह पुलिस गश्त कर रही है। मौके पर एसआइ ओमप्रकाश गुप्ता, कालीचरण पासवान, मनोज सिंह और विकास गिरी अपने दल-बल के साथ उपस्थित थे।

## होली व शबे-बारात को लेकर प्रसाशन रही सक्रिय



» मदरलैंण्ड संवाददाता

बेतिया। गौनाहा प्रखंड में शुक्रवार को होली व शब्बे-बारात को लेकर प्रसाशन एक्शन मोड में रही। गौनाहा थाना क्षेत्र के मंझरिया, मेघौली, पिपरिया, गौनाहा बाजार आदि जगहों पर मजिस्ट्रेट बहाल किया गया था, ताकि कोई अप्रिय घटना ना हो। मंझरिया चौक पर तैनात मजिस्ट्रेट प्रदीप कुमार तथा गौनाहा थाना के एसआइ भूपेंद्र सिंह ने बताया की होली का त्योहार आपसी एकता व भाईचारे का त्योहार है। इस त्योहार को शांति से मिलजुल कर मनाना चाहिए। उन्होंने ये भी बताया कि बिहार में शराब बंदी कानून लागू है। ऐसे में चारो ओर शांतिपूर्वक होली मनाई जा रही है। विदित हो कि शुक्रवार को ही शब्बे-बारात भी था, जिसको लेकर प्रखंड के सभी चौक-चौराहों पर पुलिस अपने दल-बल के साथ चौकन्ना दिखी। मजिस्ट्रेट प्रदीप कुमार ने बताया कि शब्बे-बारात व होली जैसे पावन पर्व पर सामाजिक सौहार्द नही बिगड़े इसके लिये जगह-जगह पुलिस गश्त कर रही है। मौके पर मंझरिया मुखिया प्रतिनिधि सोवालाल महतो, उपमुखिया पंजाबी पासवान, एसआइ भूपेंद्र सिंह अपने दल-बल के साथ उपस्थित थे।

## डीजे बजाने को लेकर पुलिस ने किया गिरफ्तार, पुलिस कस्टडी में हुई मौत



- बलथर थाना क्षेत्र के आर्य नगर के युवक की मौत पर थाने में आक्रोशितों ने लगाई आग
- उपद्रवियों के कहर का शिकार बना पुलीस हवलदार, ईंट पत्थर से कुच कर उपद्रवियों ने मार डाला

» मदरलैंण्ड संवाददाता

बेतिया। मैनाटांड बलथर थाना क्षेत्र में होली को लेकर डीजे बजाने वाले एक युवक को पुलिस ने पीट-पीट कर हत्या कर दी। मामला बल्थर थाना क्षेत्र के आर्यानगर गांव की है। घटना शनिवार को बताई जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि शनिवार के दिन होली के रंगों उत्सव में डीजे बजाकर दर्जनों युवकों ने डांस कर रहा था। उसी दौरान बल्थर पुलिस पहुंच लाठीचार्ज शुरू कर दी। वही मौके पर डीजे चालक को गिरफ्तार कर ली। गिरफ्तार कर बल्थर थाने में पुलिस द्वारा इतना पीटा गया कि थाना परिसर में ही डीजे चालक की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते हैं ग्रामीणों में आक्रोश भड़क उठा और उग्र होकर थाने पर आक्रमण कर दिया। जिसके दौरान पुलिस जान बचाकर भागी। थाना परिसर में रखे 7 गाड़ी को लोगों ने जलाकर राख कर दिया। भीड़ को कंट्रोल करने में 9 पुलिसवाले घायल हो गए और मौके पर एक हवलदार ने अपना दम तोड़ दिया। जगह-जगह आगजनी कर दी गई। गंभीर माहौल को देखते हुए दर्जनों थानों की पुलिस, नरकटियागंज एसडीएम एवं एसपी मौके पर पहुंचे। भीड़ को किसी तरह समझा बुझाकर घर वापस भेजा गया। इधर इधर बता दे कि रविवार की सुबह बल्थर थाना क्षेत्र के सभी गांव में पुलिस लगातार कैंपिंग कर रही है। और मामले की छानबीन कर रही है। वही मौके पर एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि डीजे चालक की मौत पिटाई से नहीं बल्कि मधुमक्खी के काटने से हुई है। इस बात को सुन ग्रामीणों में अभी भी आक्रोश व्याप्त है। मृतक अनिरुद्ध यादव की पत्नी ने बताई की पुलिस वाले झूठ बोल रहे हैं मेरे पति को मधुमक्खी के काटने से नहीं बल्कि पुलिस वाले की पिटाई से मौत हुई।

## पूरा शहर मच्छर से बेहाल, नगर निगम में फॉगिंग मशीन धूल फांक रही:समरेंद्र कुणाल

» मदरलैंण्ड संवाददाता



कटिहार। पूरा शहर मच्छरों के आतंक से बेहाल है। नगर निगम के पास पर्याप्त संसाधन रहने के बाद भी समुचित व्यवस्था नहीं कर रही। वार्ड नम्बर सात में सड़क गंदगी, नाला, नाली, सड़क एवं गरीबी उन्मूलन से संबंधित पीएम आवास योजना, वृद्धा पेंशन, शौचालय, राशन कार्ड आदि स्वास्थ्य से जुड़े आयुष्मान कार्ड मामले को लेकर स्थानीय लोगों के साथ बैठक के उपरांत राजद प्रदेश महासचिव समरेंद्र कुणाल ने यह बात कहा। उन्होने कहा कि कटिहार के सभी 45 वार्डों में मच्छरों का प्रकोप है। शाम होते लोगों के सर पर मच्छरों का झुंड मंडराने लगता है। खाना पीना भी मुश्किल हो गया है। मौस्क्यूटो नेट भी लोगों को सुरक्षित नहीं रख पा रहा है। कुणाल ने कहा कि नगर निगम मच्छरों को मारने के लिए एक भी दिन फॉगिंग नहीं की है। उन्होंने कहा कि पिछले साल राजद द्वारा निजी प्रयासों से फॉगिंग करने पर निगम ने रोक लगा दी। बजापते निगम ने निजी फॉगिंग के खिलाफ बोर्ड में प्रस्ताव पारित कर अवैध घोषित कर दिया। बावजूद निगम फॉगिंग नहीं की तो राजद स्वयं सहायता के तहत फॉगिंग करेगी। इस अवसर कुणाल ने कहा कि वार्ड सात के दो सौ घर सड़क नाला विहीन है। गरीबों को राशन भी ठीक से नहीं मिल रहा है। कुणाल ने बताया कि कलेक्टर के आवास के पांच सौ मीटर की दूरी पर में दर्जनों महादलित परिवार तीन पुस्त से रह रहे है। आजतक सरकार द्वारा इन्हें जमीन मुहैया नहीं कराया गया है और न ही इन्हें पीएम आवास का लाभ दिया गया है। इस अवसर पर राजद नेता बिनोद यादव, मुनीर आलम, मून, अमित सिंह के आलावे स्थानीय लोगों में प्रमुख तौर पर जाकिर हुसैन, अधिवक्ता मो हसन, नूर आलम, कलीमुद्दीन, बेलालुद्दीन, अब्दूल हकीम, मिस्त्री, राजेन्द्र ऋषि, डोमा ऋषि, कालरा ऋषि, प्रभु ऋषि, टुन्नु ऋषि आदि दर्जनों लोग शामिक थें।

# 102 एंबुलेंस के एसीओ के असामयिक निधन पर शोक की लहर, चालक व ईएमटी कर्मियों ने पुष्प अर्पण कर दी श्रद्धांजलि

» मदरलैंण्ड संवाददाता



कटिहार। शहर के राजेंद्र आश्रम जिला इंटक कार्यालय में 102 एंबुलेंस कर्मचारी संघ इंटक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अमर सिंह ने की। बैठक में संघ के मुख्य संरक्षक सह इंटक जिलाध्यक्ष विकास सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में पिछले दिनों 18 मार्च को पशुपतिनाथ डिस्ट्रीब्यूटर सम्मान फाउंडेशन के जिला एसीओ प्रभात कुमार के अचानक निधन पर संघ में मातम छा गया। जिले के सभी चालक एवं ई एम टी शोकाकुल है। उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर संघ के सभी साथियों ने उनके प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा के बाद सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें संघ के मुख्य संरक्षक विकास सिंह ने बताया कि स्व प्रभात पिछले कई वर्षों से अपने दायित्व को निभाते हुए सभी के बीच काफी लोकप्रिय हो गया था। चाहे कोरना महामारी का समय हो या सामान्य जीवन हमेशा मरीजों के लिए 24 घंटे सेवा देते रहता था। ऐसे व्यक्ति का चला जाना कटिहार जिला के लिए बहुत बड़ा क्षति है। मुख्य संरक्षक विकास सिंह ने पशुपतिनाथ डिस्ट्रीब्यूटर सम्मान फाउंडेशन के निदेशक से स्व प्रभात के परिजनों को कम से कम 10 लाख रुपया मुआवजा एवं उसके परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने का मांग किया है। पशुपतिनाथ डिस्ट्रीब्यूटर सम्मान फाउंडेशन के पूर्णिया प्रमंडल प्रभारी आरएम धीरज झा ने बताया कि स्व प्रभात मेरे छोटे भाई के समान था। हर समय काम के प्रति ईमानदारी के साथ लगा रहता था। उसके निधन से मैं व्यक्तिगत रुप में काफी आहत हूं। मैं एजेंसी के वरीय पदाधिकारियों से मिलकर जहां तक होगा मदद दिलवाने का प्रयास करूंगा। मुख्य संरक्षक विकास सिंह ने स्वास्थ्य समिति कटिहार के अध्यक्ष सह जिला पदाधिकारी, सचिव सिविल सर्जन से स्व प्रभात को बिहार सरकार से मुआवजा दिलाने का मांग किया है। बैठक में अध्यक्ष अब्दुल मतीन, सचिव सुरेश पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष अमर सिंह, कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा सहित आदि कर्मचारियों ने स्व प्रभात के निधन को कटिहार जिला के लिए बहुत बड़ा क्षति बताया।

# सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.72 लाख करोड़ बढ़ा


## प्रमुख 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस पहले स्थान पर बरकरार रही




नई दिल्ली, एजेंसी। सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 2.72 लाख करोड़ रुपए का उछाल आया। वैश्विक बाजारों में तेजी के रुख के बीच यहां भी जोरदार लिवाली से सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में अच्छी वृद्धि हुई। व्यापक बाजार में तेजी के रुख के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में सामूहिक रूप से 2,72,184.67 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 54,904.27 करोड़ रुपए बढ़कर 16,77,447.33 करोड़ रुपए पहुंच गया। सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस टेक्नोलॉजीज का बाजार मूल्यांकन सामूहिक रूप से 41,058.98 करोड़ रुपए बढ़ा। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 27,557.93 करोड़ रुपए बढ़कर 13,59,475.36 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। वहीं इन्फोसिस का मूल्यांकन 13,501.05 करोड़ रुपए बढ़कर 7,79,948.32 करोड़ रुपए रहा। देश के शीर्ष बैंकों एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के बाजार मूल्यांकन में जोरदार उछाल आया। एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 46,283.99 करोड़ रुपए बढ़कर 8,20,747.17 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एसबीआई की बाजार हैसियत 27,978.65 करोड़ रुपए बढ़कर 4,47,792.38 करोड़ रुपए और आईसीआईसीआई बैंक की 29,127.31 करोड़ रुपए के उछाल के साथ 5,00,174.83 करोड़ रुपए रही।

हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 1,703.45 करोड़ रुपए बढ़कर 4,93,907.58 करोड़ रुपए रही। बजाज फाइनेंस का बाजार मूल्यांकन 22,311.87 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 4,22,325.91 करोड़ रुपए रहा। एचडीएफसी का बाजार पूंजीकरण 33,438.47 करोड़ रुपए बढ़कर 4,37,859.67 करोड़ रु. रहा। सप्ताह के दौरान दूरसंचार क्षेत्र की दिग्गज कंपनी भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 15,377.68 करोड़ रुपए बढ़कर 3,96,963.73 करोड़ रुपए पहुंच गई। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एसबीआई, एचडीएफसी, बजाज फाइनेंस और भारती एयरटेल का स्थान रहा।

# आयकर विभाग में सुधार, अर्थव्यवस्था में तेजी से रिकॉर्ड कर संग्रहः सीबीडीटी




नई दिल्ली, एजेंसी। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन जेबी मोहपात्रा ने कहा कि सरकार के आयकर विभाग में सुधार और घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के निर्णयों से रिकॉर्ड प्रत्यक्ष कर संग्रह हुआ है। उन्होंने कोविड-19 से प्रभावित अर्थव्यवस्था संबंधित आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा कि कंपनियों ने चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान अच्छा प्रदर्शन किया। मोहपात्रा ने एक साक्षात्कार में कहा कि यह कहना बहुत मुश्किल होगा कि अगले साल स्थिति कैसी होगी लेकिन यह कहने के लिए कोई जगह नहीं है कि अच्छा समय केवल चार तिमाहियों तक रहता है। उन्होंने बातचीत के दौरान रिकॉर्ड कर संग्रह के कारणों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सबसे पहले भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। अर्थव्यवस्था जितनी अच्छी होगी, कर संग्रह उतना ही अच्छा होगा, जो अभी हो रहा है। उन्होंने कहा कि कर संग्रह पर प्रभाव डालने वाले विभागों में किए गए सुधारों से भी संग्रह बढ़ा है। मोहपात्रा ने कहा कि ऐसे कई नीतिगत उपाय हैं, जो बजट में या बजट के बाहर उठाये गए हैं और अब इन उपायों का प्रभाव या लाभ अब दिख रहा है। उन्होंने कहा कि कर संग्रह में वृद्धि का तीसरा कारण विभाग के भीतर सुधार की दिशा में पिछले चार वर्ष से उठाए जा रहे कदम हो सकते हैं।

महापात्रा ने कहा कि चौथा कारण छोटा लेकिन महत्वपूर्ण है और यह आयकर विभाग में प्रौद्योगिकी शामिल करने से संबंधित है। उन्होंने बताया कि 13.63 लाख करोड़ रुपए से अधिक के कर संग्रह (16 मार्च को) में से केवल 54,000-55,000 करोड़ रुपए ही नियमित निर्धारण कर से आया है। सीबीडीटी चेयरमैन ने कहा कि शेष संग्रह स्वैच्छिक अनुपालन के माध्यम से आ रहा है और ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि करदाता उन्हें मिल रही वित्तीय जानकारी से सशक्त हो रहे हैं। सीबीडीटी दरअसल आयकर विभाग के लिए नीति बनाता है।

## संक्षिप्त समाचार

### इग्निस और एक्स-प्रेसो ड्यूलजेट इंजन के साथ होगी पेश

नई दिल्ली, एजेंसी। जानी-मानी कंपनी मारुति सुजुकी अपनी 2 छोटी यानी बजट कारों को ड्यूलजेट इंजन के साथ प्रस्तुत करेगी। कंपनी मारुति सुजुकी इग्निस और मारुति सुजुकी एक्स-प्रेसो को ड्यूलजेट इंजन के साथ बाजार में उतारेगी। ये दोनों कारें कंपनी की बजट कारें हैं जिनका भारतीय बाजार में अच्छा खासा कस्टमर बेस है। मारुति अपने सेलेरियो, स्वीफट, वैगनआर, बलेनो और डीजायर मॉडल्स में 1.2एल डूअलजेट के 12सी इंजन का इस्तेमाल करती है जो आइडल स्टार्ट-स्टॉप टेक्नॉलजी के साथ आते हैं। मारुति एस-प्रेसो में मौजूदा समय में 1.0 एल के10बी पेट्रोल इंजन का इस्तेमाल किया जाता है जो 68 एचपी पावर जेनेरेट करता है और कंपनी इसे के10सी डूअलजेट से रिप्लेस करने वाली है। वहीं इग्निस में 1.2एल के12एन इंजन का इस्तेमाल किया जाएगा। मौजूदा मॉडल में 1.2एलके12एम यूनिट का यूज किया जाता है जो 83बीएचपी पावर जेनेरेट करती है। इन दोनों कारों के इंजन में बदलाव जरूर देखने क मिलेगा लेकिन इन दोनों ही बजट कारों के लुक और डिजाइन लैंग्वेज में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा और न ही इनमें कोई फीचर अपग्रेड किया जाएगा।

### आयकर विभाग ने पुणे व ठाणे के स्टार्टअप पर छापेमारी में सामने आई 224 करोड़ काले धन की जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी। आयकर विभाग ने महाराष्ट्र के पुणे और ठाणे के एक यूनिकॉर्न स्टार्टअप समूह पर छापेमारी के बाद लगभग 224 करोड़ रुपये की अघोषित संपत्ति का पता लगाया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की ओर से रविवार को यह जानकारी दी गई। विभाग ने एक बयान में कहा कि छापेमारी की कार्रवाई नौ मार्च को महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में 23 परिसरों पर की गई। यह समूह निर्माण सामग्री की थोक और खुदरा बिक्री का काम करता है और इसका सालाना 6,000 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार है। बयान के मुताबिक, यह पाया गया कि समूह ने खातों में फर्जी फर्जी खरीदारी दर्ज की। इसके अलावा समूह ने बेहिसाबी नकदी जमा की। सीबीडीटी ने कहा ये साक्ष्य सामने रखकर समूह के निदेशकों से पूछताछ की गई जिसमें उन्होंने विभिन्न आकलन वर्षों में 224 करोड़ रुपये से अधिक की अतिरिक्त आय का खुलासा किया। उन्होंने इसके बाद बकाया कर देनदारी के भुगतान की पेशकश की। जांच में यह भी सामने आया कि समूह ने मॉरीशस मार्ग से काफी ऊंचे प्रीमियम पर शेयर जारी कर विदेशी कोष भी जुटाया। सीबीडीटी ने कहा कि मुंबई और ठाणे की मुखौटा कंपनियों के एक जटिल हवाला नेटवर्क का भी पता चला है।


### फ्यूचर समूह की कंपनियों की अप्रैल में होगी शेयरधारकों और लेनदारों की बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी। किशोर बियानी के नेतृत्व वाले फ्यूचर समूह की सूचीबद्ध कंपनियों ने शेयर बाजारों को बताया कि वे रिलायंस रिटेल के साथ 24,713 करोड़ रुपए के सौदे को मंजूरी देने के लिए अपने संबंधित शेयरधारकों और लेनदारों की बैठक 20 और 21 अप्रैल को बुलाएंगी। फ्यूचर एंटरप्राइजेज लिमिटेड, फ्यूचर रिटेल लिमिटेड, फ्यूचर कंज्यूमर लिमिटेड और फ्यूचर सप्लाई चेन सहित समूह की सूचीबद्ध कंपनियों ने शेयरधारकों और लेनदारों की वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए होने वाली बैठकों की तारीखों और अन्य प्रक्रियाओं के बारे में शेयर बाजारों को बताया। इन कंपनियों ने बताया कि ये बैठकें वीडियो कॉन्फ्रेंस और अन्य ध्वनि-दृश्य माध्यमों के जरिए आयोजित की जाएंगी। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ द्वारा 28 फरवरी को पारित आदेश के मुताबिक शेयरधारकों की बैठक 20 अप्रैल 2022 को होगी और इसके अगले दिन 21 अप्रैल को लेनदारों की मंजूरी लेने के लिए बैठक होगी। एनसीएलटी ने इस सौदे का विरोध करने वाली ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन की अर्जी को भी ठुकरा दिया था। अमेजन इस सौदे को लेकर लंबी कानूनी लड़ाई लड़ती रही है। रिलायंस के साथ अगस्त 2020 में हुए सौदे के तहत फ्यूचर समूह की 19 कंपनियों को एक साथ मिलाकर एक कंपनी बनाई जाएगी और फिर उसे रिलायंस रिटेल को हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

### एनएमडीसी ने रिकॉर्ड चार करोड़ टन लौह अयस्क का उत्पादन किया

नई दिल्ली, एजेंसी। सार्वजानिक क्षेत्र की खनन कंपनी एनएमडीसी ने चालू वित्त वर्ष में अब तक चार करोड़ टन लौह अयस्क का उत्पादन किया है। कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष 2020-21 में 3.5 करोड़ टन लौह अयस्क का उत्पादन किया था। इस्पात मंत्रालय ने कहा कि एनएमडीसी ने एक वित्त वर्ष में चार करोड़ टन लौह अयस्क का उत्पादन करने वाली देश की पहली कंपनी बनने का इतिहास का रचा है। कंपनी के एक अधिकारी ने बताया कि चालू वित्त वर्ष के आखिर तक उत्पादन का स्तर 4.2 करोड़ टन तक पहुंच जाएगा। मंत्रालय ने बताया कि एनडीएमसी ने वर्ष 2030 तक दस करोड़ प्रति वर्ष उत्पादन करने वाली कंपनी बनने का लक्ष्य रखा है। मंत्रालय ने एक अलग बयान में बताया कि उसने ड्रोन का उपयोग करके खनिजों की खोज के लिए भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी-खड़गपुर के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

# गुजरात में इलेक्ट्रिक वाहन और बैटरियां बनाने 10,445 करोड़ निवेश करेगी सुजुकी




नई दिल्ली, एजेंसी। जापान की वाहन कंपनी सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन (एसएमसी) 2026 तक गुजरात में बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों (बीईवी) तथा बीईवी बैटरियों के स्थानीय स्तर पर विनिर्माण के लिए 150 अरब येन (10,445 करोड़ रुपए) का निवेश करेगी। कंपनी ने इस बारे में गुजरात सरकार के साथ सहमति ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। सुजुकी मोटर कॉरपोरेशन ने कहा कि इस करार पर नई दिल्ली में 19 मार्च, 2022 को आयोजित भारत-जापान आर्थिक मंच में हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी मौजूद थे। मंच को संबोधित करते हुए एसएमसी के प्रतिनिधि निदेशक एवं अध्यक्ष तोशिहिरो सुजुकी ने कहा कि सुजुकी का भविष्य का मिशन छोटी कारों के साथ कॉर्बन निरपेक्षता हासिल करने का है। हम आत्मनिर्भर भारत के लिए यहां लगातार निवेश जारी रखेंगे। एमओयू के तहत कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई सुजुकी मोटर गुजरात प्राइवेट लिमिटेड 2026 तक एसएमसी के मौजूदा कारखाने के पास बीईवी बैटरियों के विनिर्माण संयंत्र पर 7,300 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इसके अलावा एसएमसी 2025 तक बीईवी विनिर्माण की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए भी 3,100 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। समूह की एक अन्य कंपनी मारुति सुजुकी तोयोत्सु इंडिया प्राइवेट लिमिटेड 2025 तक वाहन रिसाइक्लिंग संयंत्र के निर्माण पर 45 करोड़ रुपए का और निवेश करेगी।

# कई कंपनियां लॉन्च करने वाली नई एसयूवी

## क्रेटा और सेल्टॉस को मिलने वाली है कडी टक्कर

नई दिल्ली, एजेंसी। अब क्रेटा और सेल्टॉस एसयूवी को टक्कर देने के लिए मारुति सुजुकी और टोयोटा के साथ ही टाटा मोटर्स और महिंद्रा ऑटो जैसी कंपनी नई एसयूवी लॉन्च करने वाली है, जो बेहतर लुक और लेटेस्ट फीचर्स के साथ ही पावरफुल इंजन से लैस होगी। मारुति सुजुकी और टोयोटा के जॉइंट वेंचर में इस साल दो नई एसयूवी लॉन्च होने वाली है, जो कि मिडसाइड सेगमेंट की है। अब तक इसकी टोयोटा डी22 और मारुति वायएफजी जैसे कोडनाम से चर्चा होती है।

हाल के दिनों में इसे टेस्टिंग के दौरान भी देखा गया है। ये दोनों ही एसयूवी काफी हद तक एक जैसी होंगी, जो कि टोयोटा ग्लांजा और टोयोटा अर्बन क्रूजर जैसी मारुति सुजुकी और टोयोटा की जॉइंट वेंचर में डिवेलप कारों की खासियत हैं। अब दोनों की कंपनियां अपनी नई मिडसाइज एसयूवी को टोयोटा के डीजीएनए प्लैटफॉर्म पर डिवेलप किया जाएगा और इसमें 1.5 लीटर पेट्रोल इंजन देखने को मिलेगा। मारुति और टोयोटा की इन एसयूवी को इस साल के आखिर तक लॉन्च किया जा सकता है। महिंद्रा इस साल अपनी नई मिडसाइज एसयूवी लॉन्च करने वाली है। कंपनी ने पिछले साल महिंद्रा एक्सयूवी500 को रिप्लेस कर महिंद्रा एक्सयूवी700 लॉन्च किया। अब कंपनी एक्सयूवी500 को अपडेट कर बेहतर लुक और फीचर्स के साथ पेश करने की तैयारी है। इसे एक्सयूवी300 और एक्सयूवी700 के बीच के सेगमेंट में पेश किया जाएगा। इसके साथ ही एक और देसी कंपनी टाटा मोटर्स आने वाले दिनों में अपनी नई मिडसाइज एसयूवी लॉन्च करेगी, जो कि 4.3 मीटर की होगी। फिलहाल टाटा हैरियर कंपनी की मिडसाइड एसयूवी है, लेकिन अपना पोर्टफोलियो और मजबूत करने के लिए नई मिडसाइज एसयूवी लॉन्च करेगी, जो कि पेट्रोल वेरिएंट में भी होगी।

आने वाले समय में इन अपकमिंग एसयूवी के बारे में और भी डिटेल्स सामने आ जाएंगी। बता दें कि दुनिया इन दिनों एसयूवी की दीवानी होती जा रही है और हैचबैक के साथ ही एसयूवी सेगमेंट की कारों की भारत में भी बंपर बिक्री हो रही है। भारत में जहां कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में टाटा नेक्सॉन का जलवा है, वहीं मिडसाइज एसयूवी सेगमेंट में ह्यूंदै क्रेटा और किआ सेल्टॉस की खूब बिक्री हो रही है।

# इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में महिंद्रा मचाने वाली है हंगामा

## इलेक्ट्रिक एसयूवी की इंटीरियर डिटेल आई सामने

नई दिल्ली, एजेंसी। महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी इस साल इलेक्ट्रिक कार सेगमेंट में हंगामा मचाने वाली है। कंपनी की 3 इलेक्ट्रिक एसयूवी इस साल जुलाई में अनवील होने वाली है। महिंद्रा की अपकमिंग इलेक्ट्रिक एसयूवी में महिंद्रा एक्सयूवी300 इलेक्ट्रिक के साथ ही महिंद्रा केयूवी100 इलेक्ट्रिक भी हो सकती है। हालांकि, इन दोनों एसयूवी के कॉन्सेप्ट मॉडल से साल 2022 के ऑटो एक्सपो में ही पर्दा उठ गया था।

फिलहाल आपके लिए ये जानना जरूरी है कि महिंद्रा ने अपनी अपकमिंग इलेक्ट्रिक एसयूवी के इंटीरियर को रिवील करते हुए नया टीजर वीडियो जारी किया है। महिंद्रा एंड महिंद्रा द्वारा जारी टीजर वीडियो में कंपनी की अपकमिंग बॉर्न इलेक्ट्रिक एसयूवी के बारे में पता चलता है। महिंद्रा की अपकमिंग इलेक्ट्रिक एसयूवी के कॉन्सेप्ट मॉडल में डुअल टोन रेड और ब्लैक कलर थीम दिखता है, जो कि काफी स्पोर्टी लगता है। इसके साथ ही महिंद्रा एक्सयूवी700 एसयूवी की तरह ही डुअल स्क्रीन सेटअप देखने को मिलेगा, जिसमें सेंटर में टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम के साथ ही ड्राइविंग सीट के ठीक सामने एक एचडी स्क्रीन लगी होगी। महिंद्रा अपनी इलेक्ट्रिक एसयूवी का डिजाइन काफी फ्यूचरिस्टिक रखेगी और इसे यूके बेस्ड महिंद्रा अडवांस डिजाइन यूरोप में प्रताप बोस के नेतृत्व में डिजाइन किया गया है।

फिलहाल जो संभावित खूबियों की जानकारी सामने आ रही है, वो ये हैं कि इन इलेक्ट्रिक एसयूवी में शानदार लुक के साथ ही ऑटोमैटिक इमरजेंसी ब्रेकिंग, ट्रैफिक साइन रिकॉग्निशन, फ्रंट कोलाइजन वॉर्निंग के साथ ही अन्य जरूरी फीचर्स से लैस अडवांस ड्राइवर असिस्टेंट सिस्टम और कनेक्टेड कार टेक्नॉलजी समेत अन्य खूबियां देखने को मिलेंगी।मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो महिंद्रा की अपकमिंग इलेक्ट्रिक एसयूवी महिंद्रा एक्सयूवी300 इलेक्ट्रिक, महिंद्रा एक्सयूवी700 इलेक्ट्रिक और महिंद्रा एक्सयूवी900 कूपे इलेक्ट्रिक हो सकती है। फिलहाल कंपनी ने इस बारे में कोई खास जानकारी नहीं दी है।

# सौर उपकरण विनिमार्ताओं को 30 प्रतिशत क्षमता पर करना पड़ रहा परिचालन



नई दिल्ली, एजेंसी। सौर उपकरण विनिमार्ताओं को अभी अपने संयंत्रों का परिचालन मात्र 30 प्रतिशत क्षमता पर करना पड़ रहा है, जिसकी वजह से उन्हें भारी नुकसान हो रहा है। अखिल भारतीय सौर उद्योग संघ (एआईएसआईए) ने बिजली और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह को अपनी स्थिति से अवगत कराया है। संघ का कहना है कि घरेलू विनिमार्ताओं को अपनी पकड़ बनाने तथा स्थापित होने में मदद के लिए संरचनात्मक रक्षोपायों के साथ शुल्क अड़चनों को भी दूर करने की जरूरत है। इससे पहले इसी सप्ताह सिंह को लिखे पत्र में संघ ने कहा कि हम पिछले एक दशक से पुनरोद्धार की उम्मीद कर रहे हैं। कड़ी चुनौतियों के बीच आज हमारा टिके रहना मुश्किल हो गया है। एक मजबूत मेक इन इंडिया सौर विनिर्माण के बिना देश की ऊर्जा क्षेत्र की सुरक्षा पर आशंका मंडराती रहेगी। पत्र में कहा गया है कि घरेलू उपकरण विनिमार्ताओं को स्थापित करने के लिए संरचनात्मक रक्षोपाय जरूरी है। विनिमार्ताओं को कम से कम चार से पांच साल सीमा शुल्क, रक्षोपाय या सेफगार्ड शुल्क के मोर्चे पर मदद दी जानी चाहिए और उसके बाद इन्हें धीरे-धीरे वापस लिया जाना चाहिए।


विनिमार्ताओं ने कहा कि अप्रैल, 2021 से सौर उपकरणों का आयात मासिक आधार पर लगातार 800 मेगावॉट से ऊपर बना हुआ है। फरवरी, 2022 तक 11 माह में कुल आयात 16 गीगावॉट है। यह कुल 10 गीगावॉट की स्थापना से कहीं अधिक है। इससे स्पष्ट पता चलता है कि बड़ी मात्रा में भंडार जमा हो रहा है। सितंबर, 2021 से फरवरी, 2022 तक छह माह के दौरान मॉड्यूल का आयात 11.93 गीगावॉट रहा। इससे पता चलता है कि डेवलपर्स और व्यापारी घरेलू विनिर्माण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। संघ ने कहा कि फरवरी, 2022 में 3.21 गीगावॉट के आयात से घरेलू विनिमार्ताओं की स्थिति का पता चलता है।

# अगले सप्ताह आएगा उमा एक्सपोर्ट्स का आईपीओ

नई दिल्ली, एजेंसी। एलआईसी के आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (एलआईसी आईपीओ) को टालने की आशंकाओं के बीच उमा एक्सपोर्ट्स लिमिटेड का आईपीओ लॉन्च होने जा रहा है। यह आईपीओ निवेशकों के लिए 28 मार्च को खुलेगा। आखिरी तारीख 30 मार्च है। इसका मतलब यह कि चालू वित्त वर्ष के आखिरी सप्ताह में कंपनी का आईपीओ बंद हो जाएगा। कंपनी 7 अप्रैल को लिस्ट होने की योजना बना रही है। उमा ने बाजार नियामक सेबी के पास सितंबर 2021 में ड्राफ्ट पेपर्स जमा कराए थे। उमा इस आईपीओ के जरिये करीब 60 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही है। इनमें से 50 करोड़ रुपए का इस्तेमाल वर्किंग कैपिटल की आवश्यकताओं को पूरा करने में होगा। मार्च 2021 तक वर्किंग कैपिटल सुविधाओं के लिए कुल स्वीकृत सीमा 85 करोड़ रुपए थी। कंपनी कृषि उत्पादों और चीनी, मसाले जैसे सूखी लाल मिर्च, हल्दी, धनिया, जीरा, चावल, गेहूं, मक्का, ज्वार और चाय, दाल के व्यापार और मार्केटिंग में लगी हुई है। मुख्य रूप से कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और म्यांमार से कंपनी दाल, फैबा बीन्स, काली उड़द की दाल और अरहर की दाल का आयात करती है। श्रीलंका, यूएई, अफगानिस्तान को चीनी और बांग्लादेश को मक्का निर्यात करती है।

उमा ऑस्ट्रेलिया में एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के माध्यम से एक कार्यालय स्थापित करने की प्रक्रिया में है। यह इसे सीधे अन्य वैश्विक स्थानों पर वस्तुओं को भेजने की अनुमति देगा। कंपनी ने अपने ड्राफ्ट पेपर में कहा कि इस कदम से कंपनी को माल ढुलाई और आयात शुल्क पर लागत बचाने में मदद मिलेगी।

# सऊदी अरामको की कुछ हिस्सेदारी खरीद सकते हैं गौतम अडानी



नई दिल्ली, एजेंसी। गौतम अडानी का अडानी ग्रुप सऊदी अरब की तेल कंपनी सऊदी अरामको के साथ एक बड़ी डील कर सकता है। खबरों के मुताबिक गौतम अडानी की कंपनी दुनिया की सबसे बड़ी तेल निर्यातक सऊदी अरामको की कुछ हिस्सेदारी भी खरीद सकती है। ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से खबर दी है कि गौतम अडानी की कंपनी सऊदी अरामको के साथ ज्वॉइंट इंवेस्टमेंट और संभावित सहयोग को लेकर शुरूआती बातचीत के दौर में है। अडानी समूह कंपनी में सऊदी अरब के पब्लिक इंवेस्टमेंट फंड (पीआईएफ) की हिस्सेदारी खरीद सकता है। खबर के मुताबिक सऊदी अरामको की हिस्सेदारी खरीदने के लिए भले अडानी ग्रुप को अभी करोड़ों डॉलर खर्च करने होंगे। आने वाले समय ये डील संपत्तियों के हस्तांतरण में या अरामको या उसकी सब्सिडियरी साबिक जैसी कंपनियों के साथ साझेदारी में बदल सकती है। ये साझेदारी रिन्यूएबल एनर्जी, क्रॉप न्यूट्रिएंट्स या केमिकल सेक्टर में हो सकती है।


इतना ही नहीं इस डील में अडानी ग्रुप पीआईएफ को इंडिया के इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में निवेश करने के लिए कह सकती है। हालांकि अभी इस बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी, क्योंकि बातचीत काफी शुरूआती चरण में है। इस बारे में अडानी ग्रुप, सऊदी अरामको और पीआईएफ ने किसी भी तरह की टिप्पणी नहीं की है। अडानी ग्रुप के साथ ये डील सऊदी अरामको को भारत जैसे दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते एनर्जी कंज्यूमर्स से जोड़ सकती है। सऊदी अरामको ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ 15 अरब डॉलर के निवेश को लेकर करीब 2 साल तक बातचीत की। लेकिन पिछले साल नवंबर में ये बातचीत टूट गई।

# बीते सप्ताह तेल-तिलहन की कीमतों में गिरावट रही

## नई फसल की मंडियों में आवक बढ़ने और विदेशों में गिरावट का असर तेल तिलहन की कीमतों पर दिखा

नई दिल्ली, एजेंसी। बीते सप्ताह विदेशी बाजारों में गिरावट की वजह से देशभर के तेल-तिलहन बाजारों में सरसों, सोयाबीन, मूंगफली, सीपीओ सहित लगभग सभी तेल-तिलहनों के भाव नुकसान के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह विदेशी कारोबार में मंदी का रुख था और आयातित तेलों के दाम आसमान छू रहे हैं। इनके मुकाबले देशी तेल सस्ते हैं। सोयाबीन डीगम और सीपीओ एवं पामोलीन के महंगा होने के साथ इन तेलों के लिवाल कम हैं। आयातित तेल महंगा होने के बाद इनकी जगह उपभोक्ता सरसों, मूंगफली, बिनौला की अधिक खपत कर रहे हैं। नई फसल की मंडियों में आवक भी बढ़ी है। इन तथ्यों के मद्देनजर विदेशों में गिरावट का असर स्थानीय तेल तिलहन कीमतों पर भी दिखा और समीक्षाधीन सप्ताहांत में तेल-तिलहनों के भाव नुकसान के साथ बंद हुए। सूत्रों ने कहा कि संभवतः होली के कारण पिछले दो-तीन दिन से मंडियों में सरसों की आवक घटकर 6-6.5 लाख बोरी रह गई जो इससे कुछ दिन पहले ही लगभग 15-16 लाख बोरी के बीच हो रही थी। उन्होंने कहा कि सोमवार को मंडियों के खुलने के बाद आगे के रुख का पता लगेगा।

जानकारी के मुताबिक विदेशी बाजारों में मंदी और स्थानीय आवक बढ़ने के कारण अपने पिछले सप्ताहांत के मुकाबले बीते सप्ताह सरसों दाने का भाव 200 रुपए घटकर



7,500-7,550 रुपए प्रति क्विंटल रह गया। सरसों दादरी तेल 1,000 रुपए घटकर 15,300 रुपए क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की घानी और कच्ची घानी तेल की कीमतें भी क्रमशः 100 रुपए और 75 रुपए के नुकसान के साथ क्रमशः 2,425-2,500 रुपए और 2,475-2,575 रुपए टिन (15 किलो) पर बंद हुईं। बीते सप्ताह विदेशी बाजारों में मंदी के बीच सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के भाव क्रमशः 350-350 रुपए की गिरावट के साथ क्रमशः 7,425-7,475 रुपए और 7,125-7,225 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुए। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन तेल कीमतों में भी गिरावट आई। सोयाबीन दिल्ली, इंदौर और सोयाबीन डीगम के भाव क्रमशः 650 रुपए, 810 रुपए और 720 रुपए की हानि के साथ 16,500 रुपये, 16,000 रुपए और 15,000 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुए।

मूंगफली दाने का भाव 150 रुपए घटकर 6,700-6,795 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ, जबकि मूंगफली तेल गुजरात और मूंगफली सॉल्वेंट के भाव क्रमशः 420 रुपए और 65 रुपए घटकर क्रमशः 15,600 रुपए प्रति क्विंटल और 2,580-2,770 रुपए प्रति टिन पर बंद हुए। कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का भाव भी 50 रुपए घटकर 14,600 रुपए क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव भी 850 रुपए की हानि के साथ 15,850 रुपए और पामोलीन कांडला का भाव 900 रुपए की गिरावट के साथ 14,550 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बिनौला तेल का भाव भी 350 रुपए की हानि के साथ 15,000 रुपए प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# महिला विश्वकप : इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को एक विकेट से हराया



आकलैंड, एजेंसी। इंग्लैंड ने यहां आईसीसी महिला विश्व कप क्रिकेट के लीग चरण के रोमांचक मुकाबले में मेजबान न्यूजीलैंड को एक विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मैडी ग्रीन के नाबाद 52 रनों ओर कप्तान सोफी डेविन के 41 रनों की सहायता से न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 203 रन बनाये। इंग्लैंड की तेज गेंदबाज केट क्रास ने 35 रन देकर तीन विकेट लिए। वहीं स्पिनर सोफी एक्सेलस्टोन ने 41 रन देकर तीन विकेट जिए जबकि स्पिनर चार्ली डीन ने 36 रन देकर दो विकेट लिए। इस प्रकार इंग्लैंड को जीत के लिए 204 रनों का लक्ष्य मिला जो उसने नौ विकेट खोकर हासिल कर लिया। कप्तान हीथर नाइट ने 53 जबकि सोफी डंकले ने 33 रन बनाये , ऑलराउंडर नटाली स्किवर ने 61 रन बनाये।इसके बाद आन्या श्रबसोल ने 07 और चार्ली डीन शून्य ने इंग्लैंड को लक्ष्य तक पहुंचाया जिससे टीम ने टूनार्मेंट में दूसरी जीत दर्ज की। इस जीत से इंग्लैंड की टीम के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद बनी हुई है। उसने पांचवें स्थान से न्यूजीलैंड को हटा दिया है। भारत, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड सभी के चार अंक हैं। भारत और इंग्लैंड के दो मैच बचे हैं जबकि न्यूजीलैंड का सिर्फ एक मैच बाकी है।

इस मैच में टॉस जीत कर इंग्लैंड ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। न्यूजीलैंड की शुरूआत अच्छी रही। पहले विकेट के लिए उसने 61 रन बनाये। सूजी बेटस ने 22 और सोफी डियाने ने 42 रन बनाये। इनके आउट होने के बाद अमेलिया केर ने 24 जबकि हालांकि डेविन को 15वें ओवर में पीठ में दर्द के बाद रिटायर होना पड़ा।

इसके बाद एम सैटर्थवेट (24) और ग्रीन ने अच्छी बल्लेबाजी की। इंग्लैंड ने क्षेत्ररक्षण में अच्छा प्रदर्शन करते हुए दो खिलाड़ियों को रन आउट कर दिया। सैटर्थवेट को डीन ने पगबाधा आउट किया और फिर क्रास और एक्सेलस्टोन ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को जल्दी आउट कर न्यूजीलैंड को समेट दिया।

इंग्लैंड के गेंदबाजों का प्रदर्शन इस मैच में अच्छा रहा जिससे उसने कीवी बल्लेबाजों को बड़ा स्कोर नहीं बनाने दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज डैनी वाट 12 बनाकर ही आउट हो गयीं। टैमी ब्यूमोंट 25 रनों पर पेवेलियन लौट गयीं। इसके बाद नाइट ने 53 गेंद में 42 रन बनाये लेकिन वह 23वें ओवर में फ्रैंकी मैके की गेंद पर पगबाधा आउट हो गईं। विकेटकीपर एमी जोंस भी एक रन बना पायीं। स्किवर ने फिर डंकले 33 के साथ मिलकर 70 रन की साझे दारी कर टीम को वापसी करायी।

# एशिया कप 27 अगस्त से श्रीलंका में खेला जाएगा : एसीसी

## टी-20 प्रारूप में होंगे मुकाबले





कोलंबो, एजेंसी। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी ) ने एशिया कप क्रिकेट टूनार्मेंट का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इस टूनार्मेंट का 15वां संस्करण 27 अगस्त से 11 सितंबर तक श्रीलंका में खेला जाएगा। एसीसी ने कहा है कि इस साल यह टूनार्मेंट टी-20 प्रारूप में खेला जाएगा। भारतीय टीम एशिया कप के 14 वें सत्र में विजेता रही थी। ऐसे में वह इस बार भी खिताब बरकरार रखना चाहेगी। भारतीय टीम की ओर से पूर्व कप्तान विराट कोहली के अलावा वर्तमान कप्तान रोहित शर्मा भी इस टूनार्मेंट में खासे सफल रहे हैं। एशिया कप में सबसे ज्यादा 1220 रन श्रीलंका के सनथ जयसूर्या ने बनाये हैं। उन्होंने 53 के औसत से 6 शतक और 3 अर्धशतक लगाये हैं। भारत की ओर से सबसे ज्यादा 971 रन सचिन तेंदुलकर ने बनाये हैं। उन्होंने 51 के औसत से 2 शतक ओर 7 अर्धशतक लगाये हैं।

वहीं विराट ने एशिया कप के 16 मैचों में 766 रन बनाए हैं जिसमें 3 शतक और दो अर्धशतक भी शामिल हैं। कोहली ने एशिया कप में अपने एकदिवसीय करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी 183 रन बनाम पाकिस्तान खेली थी। रोहित ने 42 के औसत से 883 रन बनाये हैं। इसमें एक शतक और सात अर्धशतक शामिल हैं। वहीं एशिया में सबसे ज्यादा 30 विकेट का रिकार्ड श्रीलंकाई दिग्गज मुथैय्या मुरलीधरन के नाम है। दूसरे स्थान पर भी श्रीलंका के ही लसिल मलिंगा हैं। मलिंगा के नाम 29 विकेट हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### लार पर प्रतिबंध से तेज गेंदबाजी प्रभावित नहीं हुई : कमिंस

लाहौर, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि कोरोना महामारी के बाद संक्रमण के खतरे को रोकने के लिए गेंद पर लार लगाने को लेकर जो प्रतिबंध लगाया गया है उससे ज्यादा फर्क नहीं पड़ा है। इससे पहले कहा जा रहा था कि लार पर प्रतिबंध लगाने से तेज गेंदबाजों को काफी नुकसान होगा क्योंकि गेंद पर चमक आती है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मई 2020 में कोविड-19 संक्रमण के कारण लार के इस्तेमाल पर रोक लगा दी थी। वहीं क्रिकेट मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने हाल ही में लार के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया, जो इस साल अक्टूबर में लागू होगा। एमसीसी का तर्क है कि उसके शोध के अनुसार, लार लगाने से गेंद की गति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। वर्तमान में विश्व के शीर्ष तेज गेंदबाजों में शामिल कमिंस ने कहा कि मुझे नहीं लगता कि लार पर प्रतिबंध से स्विंग गेंदबाजों का प्रदर्शन ज्यादा प्रभावित होगा। हम इसके विकल्प के तौर पर अभी पसीने का उपयोग कर सकते हैं इसलिए यह बहुत बड़ी बात नहीं है। एमसीसी ने कहा कि गेंद को चमकाने के लिए लार के इस्तेमाल को सही व्यवहार नहीं माना जाएगा।

### आईपीएल के पहले मैच में शायद ही खेलें मोईन

चेन्नई, एजेंसी। आईपीएल टीम चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। उसके तेज गेंदबाज दीपक चाहर पहले ही चोटिल होने के कारण शुरूआती मैच से बाहर हैं। वहीं अब एक अन्य खिलाड़ी इंग्लैंड के मोइन अली का खेलना भी संदिग्ध है। मोइन को अब तक वीजा नहीं मिला है , ऐसे में वह भी शायद ही तय समय तक भारत पहुंच पायें। चेन्नई को 26 मार्च को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के साथ आईपीएल 2022 का पहला मैच खेलना है। मोईन को सीएसके ने 8 करोड़ रुपये में बरकरार रखा है। वहीं फ्रेंचाइजी के सीईओ काशी विश्वाथन के अनुसार मोईन को वीजा मिलने में मुश्किल नहीं होगी, क्योंकि वह नियमित तौर पर भारत की यात्रा करते रहते हैं। अब जल्द ही उन्हें वीजा मिल जाएगा और वह सूरत में जारी कैंप से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि मोईन ने 28 फरवरी को वीजा के आवेदन किया था और अब 20 दिन से ज्यादा हो गये हैं। वह नियमित तौर पर भारत की यात्रा करते हैं पर इस बार अभी तक उन्हें यात्रा दस्तावेज नहीं मिले हैं। सीईओ ने कहा कि मोईन अली ने उनसे कहा है कि यात्रा दस्तावे मिलते ही वह भारत के लिए रवाना हो जाएंगे।

### रैना, जयसूर्या ओर पॉवेल सहित 16 खिलाड़ियों को मालदीव सरकार ने किया सम्मानित


नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना , श्रीलंका क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या सहित विश्व के 16 खिलाड़ियों को मालदीव सरकार ने ह्यस्पोर्ट्स आइकनह्ण पुरस्कार से सम्मानित किया है। सम्मानित होने वाले खिलाड़ियों में जमैका के धावक असाफा पॉवेल के अलावा रियल मैड्रिड के पूर्व खिलाड़ी रॉबटर कार्लोस के अलावा नीदरलैंड के दिग्गज फुटबॉलर एडगर डेविड्स भी शामिल हैं। रैना को करियर में उनकी विभिन्न उपलब्धियों के लिए बांग्लादेश के युवा एवं खेल मंत्री मोहम्मद जहीर अहसान रसेल, सऊदी अरब के खेल उप मंत्री अल-कादीबद्र अब्दुल रहमान और मालदीव टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष अहमद नजीर की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह, खेल मंत्रियों, विश्व प्रसिद्ध एथलीटों और मालदीव के एथलीटों ने की थी। मालदीव के युवा, खेल एवं सामुदायिक अधिकारिता मंत्री अहमद महलूफ के स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम आरंभ हुआ। महलूफ ने कहा कि वह इस पुरस्कार समारोह को एक सुसंगत, वार्षिक आयोजन बनाना चाहते हैं जिससे विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों को सही प्रकार से श्रेय, समर्थन और मान्यता दी जा सके।

# एफआईएच प्रो लीग हॉकी में भारतीय टीम को अर्जेंटीना ने 3-1 से हराया



भुवनेश्वर, एजेंसी। एफआईएच प्रो हॉकी लीग में भारतीय टीम को मेहमान टीम अर्जेंटीना के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। अर्जेंटीना ने भारतीय टीम को शूटआउट में 3-1 से हराया। इस मैच में तय समय तक स्कोर 2-2 से बराबर था पर शूटआउट में भारतीय टीम पिछड़ गयी। पहले क्वार्टर में भारतीय टीम हॉवी रही गुरजंत सिंह ने 38वें मिनट में एक गोल कर भारतीय टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद अर्जेंटीना की ओर से निकोलस एकोस्टा ने 45 वें मिनट में गोल दागकर स्कोर बराबरी पर ला दिया। निकोलस कीनन ने 52वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को 2-1 से बढ़त दिला। भारतीय टीम की ओर से मनदीप सिंह ने 60वें मिनट में गोल कर फिर स्कोर बराबरी पर ला दिया। तय समय तक दोनो ही टीमों के बराबरी पर रहने से मुकाबला पैनाल्टी शूटआउट में चला गया। यहां भारतीय खिलाड़ी नाकाम रहे। केवल हरमनप्रीत सिंह ही गोल कर सके जबकि अभिषेक, गुरजंत और सुखजीत सिंह गोल नहीं कर पाये।

वहीं अर्जेंटीना की ओर से कीनन, टॉमस डोमेने और लुकास टोस्कानी ने गोल किये। इस जीत से अर्जेंटीना को एक बोनस अंक भी मिला है। इस प्रकार टीम पांच मैचों में 11 अंक लेकर चौथे स्थान पर पहुंच गई है। वहीं, भारतीय टीम 7 मैचों में 13 अंक लेकर दूसरे स्थान पर बरकरार है।



लंदन में अमेरिका की मौली मैकेन यूएफसी मुक्केबाजी मुकाबले में लुआना कैरोलिन पर जीत के बाद उत्साहित नजर आयीं।

# ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले चौथे भारतीय बने लक्ष्य



बर्मिंघम, एजेंसी। भारत के युवा खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप के खिताबी मुकाबले में पहुंचने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। लक्ष्य ने सेमीफाइनल में मलेशिया के ली जि जिया को तकरीबन सवा घंटे तक चले मुकाबले में 21-13, 12-21, 21-19 से हराया। इस प्रकार वह ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैम्पियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी बने हैं। इससे पहले अब तक भारत की ओर से प्रकाश नाथ, प्रकाश पादुकोण, पुलेला गोपीचंद और साइना नेहवाल ने ही फाइनल में प्रवेश किया था।

पादुकोण ने साल 1980 में और गोपीचंद ने 2001 में खिताब जीता था जबकि प्रकाश नाथ को 1947 में और महिला वर्ग में साइना नेहवाल को 2015 में हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा, ह्यह्यमुझे खुशी है कि मैच जीता और फाइनल भी खेलने को मिलेगा।ह्णह्ण लक्ष्य ने पहले गेम में शानदार बचाव करते हुए 11-7 से बढ़त बनायी। लक्ष्य ने गेम अंक बनाये और पहला गेम जीत लिया। वहीं दूसरे गेम में ली ने वापसी की और मुकाबला निर्णायक स्तर तक ले गए। इसमें भी लक्ष्य की बढ़त बरकरार रही। जीत से उत्साहित लक्ष्य ने कहा, ह्यह्यमैं घबराया था पर मैंने केवल मैच के बारे में ही सोचा। यह ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप सेमीफाइनल था और मन में कई विचार आ रहे थे पर मैंने अपना ध्यान खेल पर बनाये रखा।ह्णह्ण

# इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में ब्रैथवेट ने बनाया रिकार्ड

## एक पारी में सबसे ज्यादा गेंद खेलने वाले वेस्टइंडीज के दूसरे खिलाड़ी बने

ब्रिजटाउन, एजेंसी। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के कप्तान क्रेग ब्रैथवेट ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में अपनी 160 रनों की शतकीय पारी से अपनी टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचने के साथ ही एक अहम रिकार्ड भी अपने नाम किया है। ब्रैथवेट ने 160 जबकि जर्मेन ब्लैकवुड ने 102 रनों की शतकीय पारी खेलकर वेस्टइंडीज को पहली पारी में 411 रनों तक पहुंचाया। इसी के साथ ही चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड की टीम ने बिना किसी नुकसान के 50 रन बना लिए थे। एलेक्स लीस 18 और जैक क्राउले 21 रन बनाकर खेल रहे थे। इंग्लैंड ने पहली पारी में 507 रन बनाये थे। इस प्रकार उसके पा अब कुल बढ़त 136 रनों हो गई है।

चौथे दिन के खेल में ब्रेथवेट ने 489 गेंदें खेलने के साथ ही एक अहम रिकॉर्ड बनाया। अब वह पूर्व कप्तान ब्रायन लारा के साल 2004 में 582 गेंद खेलने के रिकार्ड के बाद एक पारी में सबसे ज्यादा गेंद खेलने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गये हैं। उन्होंने कार्ल हूपर 402 गेंद , क्रिस गेल 396 गेंद और जिम्मी एडम्स 372 गेंद के रिकार्ड को पीछे छोड़ा। ब्रेथवेट और ब्लैकवुड के अलावा वेस्टइंडीज के विकेटकीपर बल्लेबाज जोशुआ डि सिल्वा ने भी अच्छी पारी खेली। उन्होंने 112 गेंदों पर 33 रन बनाए। वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड की ओर से जैक लीच ने तीन जबकि साकिब महमूद और बेन स्टोक्स ने दो-दो और क्रिस वोक्स, फिशर और डेनियल लॉरेंस को एक-एक विकेट मिला।

# कीमत मेरे लिए मायने नहीं रहती हैं, मेरा प्रदर्शन मायने रखता: हेटमायर



नई दिल्ली, एजेंसी। आईपीएल मेगा ऑक्शन में राजस्थान रॉयल्स ने शिमरॉन हेटमायर को 8.5 करोड़ रुपए में खरीदा है। इतनी बड़ी रकम मिलने पर शिमरॉन हेटमायर का बयान सामने आया है। मुझे लगता है कि साल 2018 में मुझे मुंबई में राजस्थान के कैंप में जाने का मौका मिला। वह आईपीएल टीम के साथ मेरी पहली बातचीत थी। उस समय एक अच्छा माहौल महसूस हुआ। हेटमायर ने कहा कि रॉयल्स जैसे आईपीएल आसपास यह शानदार था। वे कैसे चीजों के प्रति दृष्टिकोण और काम करेगा। मुझे लगा कि यह एक अंतर्दृष्टिपूर्ण अनुभव था और कुछ ऐसा जो मैंने तब से अपने साथ किया है, कुछ वास्तव में विचारशील क्रिकेट लोगों से मिला और उनमें से कुछ को सीजन में भी टीम के साथ देखकर फिर से खुशी हुई। 8.5 करोड़ में बिकने वाले हेटमायर ने कहा कि मुझ पर कीमत का कोई दबाव नहीं है। मेरे लिए यह एक चुनौती है कि मैं टीम को आईपीएल में जिताने में मदद करूं। प्राइज टैग वास्तव में मेरे लिए मायने नहीं रखता है क्योंकि मेरे रन ही टीम को मायने रखते हैं, जो टीम को जीत दिलाने में मददगार साबित हो। हेटमायर ने कहा कि मैं किसी भी भूमिका के लिए तैयार हूं, जिसे करने के लिए टीम को मेरी जरूरत है। टीम में एक खिलाड़ी के रूप में अच्छा प्रदर्शन करना जरूरी है। जैसा कि मैंने हमेशा माना है बस खुद को मौका दो और प्रदर्शन आएगा, चाहे खेल की स्थिति कैसी भी हो।

# औबेदुल्ला खां हैरीटैज कप हॉकी टूनार्मेंट-2022 का शुभारंभ आज

## मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य एवं खेल मंत्री की अध्यक्षता में प्रतियोगिता का उद्घाटन होगा



भोपाल, एजेंसी। औबेदुल्ला खां हैरीटैज कप हॉकी टूनार्मेंट का शुभारंभ कार्यक्रम प्रदेश के मुख्यमंत्री मान. शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य एवं खेल और युवा कल्याण मंत्री मान. यशोधरा राजे सिंधिया की अध्यक्षता में प्रातः 11 : 30 बजे संपन्न होगा। इस आयोजन हेतु समस्त तैयारियां खेल विभाग द्वारा पूर्ण कर ली गई है। इस टूनार्मेंट में देश भर की ख्याति प्राप्त 12 हॉकी टीमें भागीदारी कर अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करेंगी। टूनार्मेंट का आयोजन खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 21 से 27 मार्च, 2022 तक मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम, लिंक रोड़-1, भोपाल में किया जा रहा है।

**इन टीमों की रहेंगी भागीदारी**

टूनार्मेंट में इंडियन ऑयल ,भारतीय रेलवे ,पंजाब एंड सिंध बैंक, आर्मी एकादश मध्य प्रदेश हॉकी अकादमी ,सीएनजी जीएसटी एंड सेंट्रल एक्साइज चेन्नई ,पंजाब पुलिस ,इंडियन नेवी ,आर्मी ग्रीन ,सेंट्रल सेक्रेटेरियट और मध्य प्रदेश हॉकी एसोसिएशन की टीमों की भागीदारी रहेंगी। इस प्रतियोगिता हेतु आकर्षक नगद पुरस्कार रखे गए है।

**देश के सबसे प्रतिष्ठित हैरिटेज टूनार्मेंट को पुनः प्रारंभ करना सुखद अनुभव-मान. खेल मंत्री**

खेल मंत्री मान. यशोधरा राजे सिंधिया ने बताया कि देश के सबसे प्रतिष्ठित और सबसे हैरिटेज हॉकी टूनार्मेंट को पुनः प्रारंभ कराना लक्ष्य था, इस प्रारंभ करना मेरे लिए सुखद अनुभव है। कोविड-19 के कारण खेल गतिविधियां भी बुरी तरह प्रभावित हुई थी। खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता के माध्यम से वापसी करने का मौका मिलेगा। वर्षों से यह टूनार्मेंट मध्य प्रदेश में सबसे लोकप्रिय टूनार्मेंट रहा है। सीमित संसाधनों और दृढ़ इच्छा शक्ति के कारण हम इसे पुनः प्रारंभ कर पा रहे है। निश्चित ही इस प्रतियोगिता से देश को भविष्य के चैम्पियन खिलाड़ी मिलेंगे। औबेदुल्ला खॉं कप हॉकी टूनार्मेंट देश का सबसे पुराना एवं प्रतिष्ठित टूनार्मेंट है। पहली बार वर्ष 1931 में इस टूनार्मेंट की शुरूआत हुई। तब इसका नाम अब्दुल्ला खां गोल्ड कप रखा गया था। यह टूनार्मेंट अंतिम बार 2016 में औबेदुल्ला खां हैरिटेज हॉकी कप के नाम से आयोजित किया गया था। जिसमें भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की टीम चैम्पियन बनी थी। इससे पूर्व 2011 में एयर इंडिया की टीम चैम्पियन बनी थी।

# आईपीएल 2022 : मैं यहां किसी को कुछ साबित करने के लिए नहीं आया हार्दिक पांड्या



नई दिल्ली, एजेंसी। टीम इंडिया के आलराउंडर क्रिकेटर हार्दिक पांड्या आगामी आईपीएल 2022 सीजन में गुजरात टाइटंस का नेतृत्व करेंगे। भारतीय टीम से बाहर चल रहे पांड्या ने कहा है कि वे कुछ साबित करने के लिए टूनार्मेंट में नहीं हैं। हमारा पूरा ध्यान टीम पर है जहां खिलाड़ियों के साथ ऐसा माहौल बना सके जहां खिलाड़ी एक दूसरे के साथ अच्छे से घुल-मिल सके।

हार्दिक पांड्या ने कहा कि मैं बस अपने परिवार के साथ समय बिता रहा था, हमेशा की तरह कड़ी मेहनत कर रहा था। मैं यह सुनिश्चित कर रहा हूं कि मैं अच्छी तैयारी करूं। मैं टीम से काफी खुश हूं और यह एक नई टीम है। ईमानदारी से कहूं तो हम यहां किसी को कुछ भी साबित करने के लिए नहीं आएं हैं। हम यहां अच्छा क्रिकेट खेलने के लिए आएं हैं। हम यहां यह सुनिश्चित करने के लिए हैं कि खिलाड़ियों के लिए अपनी क्षमता में विकसित होने के लिए वातावरण सही है।

हार्दिक पांड्या पहली बार साल 2015 में आईपीएल में खेले थे। मुंबई इंडियंस की टीम ने पांड्या को खरीदा था हालांकि मेगा ऑक्शन में मुंबई ने पांड्या को रिटेन नहीं किया। गुजरात टाइटंस की टीम ने हार्दिक पांड्या को ड्राफ्ट के जरिए में अपनी टीम में शामिल किया और टीम का कप्तान भी बनाया। गुजरात टाइटंस की टीम अपना पहला मैच 28 मार्च को वानखेडे.के मैदान में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ खेलेगी। दोनों ही टीमें पहली बार आईपीएल का हिस्सा बनी हैं। लखनऊ टीम की कप्तानी केएल राहुल कर रहे हैं।

# आईपीएल से बाहर रहेंगे वुड

लंदन, एजेंसी। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड फिट नहीं होने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15 वें सत्र में नहीं खेलेंगे। वुड से पहले ऑलराउंडर बेन स्टोक्स, जोफ्रा आर्चर, सैम कुरैन, जेसन रॉय, एलेक्स हेल्स जैसे खिलाड़ियों ने भी आईपीएल से अपना नाम वापस ले लिया था। इसके अलावा जॉनी बेयरस्टो, क्रिस वोक्स, दाविद मलान, लियाम लिविंगस्टोन भी इसमें नहीं खेल रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाड़ियों के आईपीएल से बहार होने का कारण एशेज सीरीज में मिली कारार हार को बताया जा रहा है। उस हार के बाद खिलाड़ियों पर आरोप लगे थे कि ट्वंटी-20 क्रिकेट अधिक खेलने के कारण वे टेस्ट खेलने में रुचि नहीं ले रहे। एक और कारण यह है कि खिलाड़ियों को केन्द्रीय अनुबंध के साथ ही काऊंटी और द हंडर्ड क्रिकेट से जो राशि मिलेगी वह आईपीएल से मिलने वाली रकम से कहीं अधिक है।

एलेक्स हेल्स और जेसन राय जैसे खिलाड़ियो को आई पी एल नीलामी में डेढ़ करोड़ रुपए मिलेंगे। जबकि जेसन पहले से ही ई सी बी से मैच फीस, काऊंटी और द हंडर्ड की डील से 9.2 करोड़ रुपए ले रहे हैं। इसके अलावा फिटनेस बनाये रखने के लिए भी खिलाड़ी आईपीएल में नहीं खेलना चाह रहे जिससे वह राष्ट्रीय टीम की ओर से खेलने के दौरान तरोताजा रहें। आई.पी.एल. करीब दो महीने चलता है ऐसे में चोटों से बचने के लिए खिलाड़ी इसे छोड़ रहे हैं।

इसके अलावा आईपीएल को इंग्लैंड के प्रशंसक अधिक पसंद नहीं करते जिससे भी खिलाड़ी प्रशंसकों की नाराजगी से डरे हुए हैं। इंग्लैंड में टेस्ट को सबसे ज्यादा महत्व दिया जाता है पर आईपीएल के लंबे समय तक चलने के कारण खिलाड़ियों के लिए इसके बाद टेस्ट सीरीज खेलना कठिन होता है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org





# कीमती क्रॉकरीज इस तरह करें हैंडल

कई बार हम दिवाली या किसी खास ओकेजन पर महंगे और खूबसूरत क्रॉकरीज खरीदते हैं और शेल्फ में सजा कर रखते हैं। कई लोग इन्हें किचन में रखना पसंद करते हैं तो कई इसे अपने सिटिंग एरिया में शेल्फ पर डेकोरेटर की तरह प्रयोग करते हैं। आमतौर पर इनका प्रयोग किसी खास ओकेजन पर ही किया जाता है। आपको बता दें कि क्रोकरीज में मैकेनिकल स्ट्रेंथ और रेसिस्टेंस होती है लेकिन ये नाजुक भी बहुत होते हैं। यही वजह है कि इसे स्टोर करने में की गई लापरवाही से ये आसानी से टूट भी सकते हैं। ऐसे में इन्हें टूटने और क्रैक्स से बचाने के लिए अधिक केयर की जरूरत होती है। हम आज आपको बताते हैं कि आप किन टिप्स को अपनाकर आपकी क्रॉकरीज को लंबे समय तक सुरक्षित रख सकते हैं।

### इन पर भारी बर्तन न रखें

जब भी आप क्रॉकरीज को रखें तो हमेशा इस बात का विशेष ध्यान दें कि इन पर भारी बर्तन ना रखा जाए। ऐसे में हमेशा भारी और बड़ी प्लेस्ट को सबसे नीचे रखें और इनके ऊपर हल्के बर्तन रखें। यही नहीं अगर आप एक साथ ज्यादा बर्तन रखते हैं तो इससे प्लेट्स और क्रॉकरीज को नुकसान हो सकता है।

### पेपर का करें प्रयोग

जब भी क्रॉकरीज को रखें तो इस बात का ध्यान रखें कि ये गीली नही हों। इन्हें पोछने के बाद दो बर्तनों के बीच में पेपर या टीशू पेपर जरूर रखें। ऐसा करने से ये एक-दूसरे में चिपकते नहीं हैं और रगड़ते नहीं हैं।

### सफाई में टेंप्रेचर का रखें ख्याल

जब भी क्रॉकरी के बर्तनों को धोएं तो इस बात का ध्यान जरूर रखें कि वे अधिक गर्म या अधिक ठंडा ना हों। ऐसा होने पर ये चटक कर टूट सकते हैं। हमेशा नॉर्मल या गुनगुने पानी में ही इन्हें साफ करें।

### सफेद पेपर का करें प्रयोग

अगर आप अखबार से क्रॉकरीज को लपेट कर रखेंगे तो इन पर अखबार का इंक लग सकता है। ऐसे में बेहतर होगा कि आप बिना प्रिंट वाले पेपर का प्रयोग करें।

### टॉवल का करें प्रयोग

जब भी क्रॉकरी को वॉश करना हो तो आप इन्हें साफ कर टॉवल पर उल्टा रखते जाएं। ऐसा करने से ये टूटेंगे नहीं और इनका पानी भी आसानी से साफ हो जाएगा।

# बिगड़ा मूड बनाती है खुशबू

जिस तरह अच्छे भोजन से शरीर पुष्ट होता है उसी तरह अच्छी खुशबू मनमस्तिष्क को सेहतमंद बनाती है। अच्छी खुशबू से सोच बदलती है और सोच से जीवन बदल जाता है। यहां तक कि सुगंध हमारे विचारों और भावनाओं को बदलने की भी क्षमता रखती है। यह मनमस्तिष्क में शांति, उत्साह बढ़ा कर जीने का नजरिया बदलती है। यही वजह है कि हम सभी अच्छी खुशबू से महकना चाहते हैं। मगर यह खुशबू सिर्फ हमें ही नहीं हमारे घर को भी महकाए तभी फैस्टिवल्स का असली आनंद है। रिसर्च के मुताबिक फैस्टिवल की तैयारी में व्यस्तता से उपजा तनाव भी भीनीभीनी खुशबू से कम होने लगता है। आइए, जानते हैं कि अलगअलग फ्रैगरैंस हमारे मूड को किस तरह प्रभावित करती हैं:

**लैवेंडर:** इस की खुशबू हमारे दिमाग को शांत रखने में मदद करती है। भावनात्मक तनाव और अवसाद दूर कर राहत देती है। माइग्रेन और सिरदर्द के असर को कम करती है।

जैस्मिनः इस की खुशबू थकान दूर करने में मददगार है। यह न सिर्फ उत्साह बल्कि शरीर की ऊर्जा भी बढ़ाती है।

**रोजमेरी:** इस की खुशबू याद्दाश्त बढ़ाने, शारीरिक ऊर्जा वापस लाने, सिरदर्द और मानसिक थकान दूर करने में मददगार होती है।

**पिपरमिंट:** इस की खुशबू ऐनर्जी बूस्टर है। यह एकाग्रता बढ़ाती है और स्पष्ट सोचने की शक्ति देती है। यह मूड भी अपलिफ्ट करती है।

**लैमन:** लैमन की खुशबू एकाग्रता बढ़ाती है और मन को शांत करती है। यह सांसों में समा कर तरोताजा



**ताजी कटी घास की खुशबू:** आस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं के मुताबिक ताजा कटी घास से ऐसे कैमिकल रिलीज होते हैं जो व्यक्ति को रिलैक्स करते हैं। इस की खुशबू उम्र के साथ होने वाले मानसिक क्षय और बुढ़ापे की निशानियों को बढ़ने से रोकती है। तभी तो ऐसे ऐअर फ्रैशनर भी आने लगे हैं जो इस खुशबू का एहसास आप को कहीं भी करा सकें।

**वनीला:** एक अध्ययन के मुताबिक वनीला की खुशबू आप के मन को खुशी देती है। आप का मूड अच्छा हो जाता है और चिड़चिड़ापन गायब हो जाता है।

**यों महकाएं आशियाना**

★ घर के परदों, कालीनों व चादरों को धो कर धूप में सुखा लें।
★ डस्टबिन डिटर्जेंट से रगड़ कर साफ कर दें, क्योंकि डस्टबिन से आने वाली दुर्गंध मेहमानों का मिजाज खराब कर सकती है। मैटल के कूड़ेदान की दुर्गंध हटाने के लिए उस में
★ पुराने अखबार डाल कर आग लगा दें। दुर्गंध दूर हो जाएगी।
★ फ्रिज में बेकार पड़े सड़ रहे ऐक्सपायर सामान हटा दें।
★ बाथरूम और टौयलेट अच्छी तरफ साफ कर ऐअर फ्रैशनर से महकाएं।
★ नए पेंट से घर को नया लुक दें। नया पेंट घर में महकता एहसास पैदा करता है।
★ घर के कोनों और छोटी जगहों पर फ्रैगरैंट औइल स्प्रे करें। घर को महकाने के साथसाथ ये मच्छरों को भी भगाते हैं।
★ स्ट्राबैरी, लैवेंडर, लैमन, औरेंज जैसी तरहतरह की खुशबू और डिजाइन वाली मोमबत्तियां बाजार में उपलब्ध हैं। इन का प्रयोग रोशनी के साथ दिलअजीज खुशबू के लिए भी किया जाता है।
★ घर में चमेली, मोगरा, रात की रानी, लिली



जैसे सुगंधित फूलों के पौधों को डिजाइनर गमलों में लगा कर घर में रौनक और महक दोनों ला सकते हैं। इन्हें आप बरामदे में डाइनिंग टेबल के पास या ड्राइंगरूम में भी रख सकते हैं।
★ दालचीनी को संतरे के छिलके के साथ धीमी आंच में हलका सा भून कर छोड़ दें। घर खुशबू से महक उठेगा।
★ रूम फ्रैशनर, कारपेट पाउडर से आप घर में बिछे कारपेट के जरीए पूरे कमरे को महका सकते हैं। आप लैवेंडर और रोजमैरी पाउडर का प्रयोग भी कर सकते हैं। इस के लिए बेकिंग सोडा, ड्राई रोजमैरी और लैवेंडर औयल की जरूरत पड़ेगी।

# ब्रा से जुड़ी कॉमन गलतियां आपको दे सकतीं है ब्रेस्ट कॅन्सर



10 में 7 महिलाएं जब बात ब्रा की आती है तो लापरवाही बरत देती हैं। कपड़ों के मामले में लड़कियां चूजी मानी जाती हैं हर चीज देख परख कर लेती हैं। जबकि बाकी कपड़ों का चुनाव जितना जरूरी है उतना ही सही ब्रा का चुनाव भी जरूरी है। तो चलिए आपको बताते हैं उन कॉमन गलतियों के बारे में जो महिलाएं जाने-अनजाने में करती ही करती हैं।

जब भी ब्रा खरीदने जाएं, उसकी फिटिंग चेक करके ही लें। गलत साइज़ और खराब ब्रा टाइप खरीदने से सिर्फ आपकी ब्रेस्ट शेप तो खराब होगी साथ ही हैल्थ प्रॉब्लम्स भी होगी। वजन बढ़ने, प्रेग्नेंसी के दौरान उम्र के हिसाब से अक्सर ब्रेस्ट साइज चेंज होता है इसलिए साल में 2 बार अपना ब्रा साइज चेक करें।

बहुत सी महिला ब्रा को दो से तीन दिन लगातार पहनती हैं ये सोच कर की इसकी फिटिंग बेहतर हो जाती हैं जबकि ऐसा तो कुछ नहीं हैं बल्कि हाइजीन के लिहाज से भी रोज बदलना जरूरी है।

अब आप सोच रही होगी कि ब्रा की भी क्या एक्सपायरी डेट होती है? तो बता दें कि हां, विशेषज्ञों के अनुसार 6 से 9 महीने रेगुलर इस्तेमाल के बाद ब्रा खराब होने लगती है। हुक में क्रैक, इलास्टिक में ढीलापन और वायर का हिल जाना, आदि संकेत दिखने लगें तो ब्रा बदल डालें। साल में दो बार बदलें।

अभी तक आप भी अगर वॉशिंग मशीन में ब्रा धो रही हैं तो इसे अब से हाथ से धोएं। ब्रा का कपड़ा अन्य कपड़ों की तुलना में अधिक नाजुक होता है इसलिए इसे हाथ से ही साफ करें।

रात को ब्रा पहनकर नहीं सोना चाहिए। खासतौर से teenagers को इस rule को follow करना ही चाहिए। टाइट ब्रा ब्लड सर्कुलैशन में बाधा डालती है।

# इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए जरूर पिएं लेमन टी

नींबू की चाय बनाना बहुत आसान है। यदि आप स्वस्थ रहना चाहते हैं, तो नींबू की चाय एक बेहतर विकल्प हो सकता है। इसमें नींबू होने के कारण शरीर को विटामिन सी मिलता है और विटामिन सी सेहत के लिए बेहद जरूरी है। नींबू की चाय पीने से शरीर के विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं। शरीर को एनर्जी मिलती है। रिफ्रेश होने के लिए नींबू की चाय पीनी चाहिए। नींबू की चाय पीने के फायदों के बारे में।



### सर्दी-जुकाम से बचाता है

नींबू की चाय सर्दी-जुकाम में राहत देती है। यह चाय ठंड और फ्लू के लक्षणों को कम करती है। बेहतर परिणाम के लिए, आप चाय में अदरक डाल सकते हैं। इसके अलावा, यह गले में दर्द व गले में खराश में आराम देती है। नींबू की चाय रोग प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत करती है।

### वजन घटाती है

ग्रीन टी की तरह ही नींबू की चाय या लेमन टी पीने से वजन कम होता है। अगर आप अपना वजन कम करने के लिए रोज सुबह नींबू पानी पीते हैं, तो अब नींबू वाली चाय भी पीना शुरू कर दें। लेमन टी भी वजन को नियंत्रित करता है। नींबू में कैलोरी न के बराबर होती है, इसलिए आप नींबू की चाय पीकर अपना वजन घटा सकते हैं।

### नैचुरल एंटीसेप्टिक

नींबू एक नैचुरल एंटीसेप्टिक होता है। नींबू की चाय में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-वायरल गुण होते हैं। चाय को नियमित रूप से पीने से संक्रमण और बीमारियों के उपचार में मदद मिलती है।

### डिटॉक्सीफायर करती है

नींबू की चाय प्रभावी रूप से शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकाल देती है। शरीर से विषाक्त पदार्थों को हटाना जरूरी होता है क्योंकि वह इंफेक्शन और बीमारियों को बढ़ाते हैं। नींबू की चाय पीने से रोग और इंफेक्शन कम होते हैं।

### स्किन पर लाए निखार

लेमन टी विटामिन सी का एक अच्छा स्रोत है। विटामिन सी स्किन के लिए काफी फायदेमंद होती है। इसके अलावा, इसमें एस्ट्रिंजेंट भी होते हैं जो पिंपल्स और त्वचा की अन्य समस्याओं को कम करने में मदद करते हैं।

# वेट लॉस में हेल्प करेंगी ये पांच तरह की रोटियां

### चोकर की रोटी

आप अगर रोटी का पूरा पोषण पाना चाहते हैं, तो आप आटे से चोकर को पूरी तरह अलग न करें। आपकी रोटी में आटे की जगह अगर चोकर की मात्रा ज्यादा होगी, तो आपको ज्यादा पोषण मिल पाएगा।गेहूं की रोटी में कार्ब्स, आयरन, नियासिन, विटामिन बी 6, थायमिन और कैल्शियम होता है जबकि चोकर फाइबर से भरपूर होता है।

### मल्टीग्रेन रोटी

आप अगर अपनी रोटी का टेस्ट बढ़ाकर उसे हेल्दी बनाना चाहते हैं, तो आटे में एक मुट्ठी बेसन मिला दें।चने में कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स होता है, जो शरीर में कैलोरी बर्न करने की प्रक्रिया को तेज करता है। अपने गेहूं के आटे में थोड़ा-सा बेसन मिला कर उसे मल्टीग्रेन आटा बनाया जा सकता है।

### सत्तू की रोटी

आपने गर्मियों के मौसम में सत्तू घोलकर कई लोगों को पीते हुए देखा होगा, इसके साथ ही सत्तू की रोटी भी सेहत के लिए काफी अच्छी मानी जाती है। वजन कंट्रोल रखने के साथ यह आपके शरीर को एक्टिव भी बनाए रखती है।

### सोया रोटी

शरीर पर जमा फैट कम करने के लिए आपको सोया रोटी को अपनी डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए। ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होने के अलावा सोया रोटी में विटामिन और खनिज की काफी मात्रा होती है।सोया रोटी बुर्जुगों के लिए बेहद सेहतमंद मानी जाती है।

### जौ की रोटी

आपको अगर बार-बार भूख लगती है, तो आप जौ की रोटी खाना शुरू कर दें क्योंकि इसे खाने के बाद लम्बे समय तक आपका पेट भरा रहता है। जौ की रोटी में प्रोटीन और फाइबर की काफी मात्रा पाई जाती है।



# इन होममेड टिप्स से दाग छुड़ाना हो जाएगा आसान



**क्लब सोडा :** जी हां, वही सोडा, जो हम पीते हैं। यह हर प्रकार के दाग हटाने में कारगर है, खासकर तब जब आप किसी रेस्टोरेंट में खाना खा रहे हों। आप की पार्टी ड्रैस पर किसी भी तरह का दाग लग जाए, उसे फौरन सोडा वाटर से धो लीजिए, कुछ देर बाद उस का नामोनिशान नहीं रहेगा। बरतन साफ करने वाला लिक्विड सोप : चौंकिए मत, बल्कि यकीन कीजिए। यह कपड़ों के लिए बेहतरीन स्टेन रिमूवर साबित हो सकता है, खासकर तेल, घी, मक्खन आदि के दागों के लिए।

**अल्कोहल :** चाहे मिथाइलेटिड स्प्रिट हो, या नेलपौलिश रिमूवर या हेयर स्प्रे इन के द्वारा आप घास या अन्य कई प्रकार के जिद्दी दाग हटा सकती हैं।

**शैंपू :** धूलमिट्टी, मेकअप, कालर रिंग्स आदि दाग हटाने में शैंपू बड़ा काम आ सकता है। जरूरी नहीं कि आप कोई महंगा शैंपू ही इस्तेमाल करें, कोई भी शैंपू आप की मदद करेगा।

**शेविंग क्रीम :** शेविंग क्रीम भी हर तरह के दाग हटाने में मददगार है। यह उस समय बड़ी मददगार साबित होती है, जब आप कहीं बाहर घूमने गए हैं। आखिर गौर से देखें तो आप को मालूम पड़ेगा कि शेविंग क्रीम सिर्फ एक प्रकार का फेंटा हुआ साबुन ही है।

**नौलखा साबुन :** नौलखा साबुन, टुकड़ा साबुन, देसी साबुन, घोड़े वाला साबुन जैसे नामों से मिलने वाला साबुन हम बेशक आउटडेटेड मान कर छोड़ चुके हैं, पर यह है बड़े काम की चीज। इस से आप के सफेद कपड़े तो चमकते ही हैं, ग्रीस, मैल, चिकनाई आदि दागों पर भी बड़ा कारगर साबित होता है।

**नौन जैल टूथपेस्ट:** आप के दांतों को चमकाने के साथसाथ आप का नौन जैल टूथपेस्ट कपड़ों पर से इंक के दाग बड़ी सफाई से हटा कर उन्हें भी चमकदार बनाता है।

**नीबू का रस व नमक :** कपड़ों पर से फफूंदी आदि के दाग हटाने में नीबू का रस बड़ी सहायता करेगा। इंक, हलदी, तेल आदि के दागों पर भी आप नीबू का रस मल सकती हैं। फफूंदी पर नीबू लगा कर उस पर नमक बुरक दें और फिर धूप में रख दें। इसी प्रकार कपड़ों पर से खून के धब्बे साफ करने के लिए उन्हें नमक मिले पानी में भिगो दें।

**सिरका :** सफेद सिरका भी कपड़े धोते समय आप का मददगार साथी साबित होगा। जिन कपड़ों से रंग निकलता हो, उन्हें सिरके में डुबो कर आप उन के रंग पक्के कर सकती हैं।

# चेहरे पर जमी चर्बी को दूर करने के लिए फेस योग

योग एक ऐसी क्रिया है जिससे आप तन और मन दोनों को स्वस्थ रख सकते हैं। खासतौर पर वर्तमान समय में ज्यादतर लोग तनाव का सामना करने के साथ शारीरिक रूप से भी स्वस्थ महसूस नहीं कर रहे हैं। ऐसे में आपको योग को अपने जीवन का खास हिस्सा बनाना चाहिए। वहीं, बात करें आपके चेहरे की तो आपको अगर फेस डबल चिन की समस्या है, तो हम आपको ऐसे फेशियल योगा बताने जा रहे हैं, जिससे आप अपने चेहरे की चर्बी को कम कर सकते हैं।



- सेल्फी क्लिक करते समय जैसे आप पाउट बनाते हैं, यह योगा कुछ वैसा ही है। इसके लिए आपको बस अपने गालों को अंदर की ओर करना है और 30 सेकंड के लिए स्थिति में रहना है। अब अपने चेहरे को आराम दें और इसे 4-5 बार दोहराएं।
- आपको अगर तेजी से फेस पर जमा चर्बी हटानी है, तो इस तकनीक के लिए, बस अपनी ठोड़ी को ऊपर उठाएं और छत को देखें। अब अपने मुंह को 10-15 सेकंड के लिए लगातार खोलें और बंद करें। आराम करें और अपने चेहरे को नीचे लाएं। अपने चेहरे के फैट को जल्दी से बर्न करने के लिए इस प्रक्रिया को 3-4 बार दोहराएं।
- सबसे आसान योग आसन में आपको केवल पानी से नहीं बल्कि हवा से अपने मुंह को कुल्ला करना होगा। बस अपना मुंह हवा से भरें और कुल्ला करें। हवा को बाईं ओर, फिर दाईं और फिर मध्य की ओर ले जाएं। इसे कम से कम 20-30 सेकंड तक जारी रखें और फिर साँस छोड़ें। इसे 3-4 दोहराव करें।

इस तरीके से न सिर्फ आपके चेहरे की चर्बी कम होती है बल्कि इससे आपकी थकान भी दूर होती है। इस मुद्रा के लिए, पैरों को पीछे की ओर मोड़ें और अपनी हथेलियों को अपनी जांघों पर रखें। अपनी पीठ को सीधा रखें और अपनी जीभ बाहर निकालें। अपनी जीभ को जितना हो सके उतना फैलाएं। याद रखें कि आप मांसपेशियों पर दबाव नहीं डालें। अब एक गहरी सांस लें और जब आप साँस छोड़ते हैं, तो एक ध्वनि होती है। इस क्रिया को 6-7 बार दोहराएं।

# बरसात में देखें बुंदेलखंड का सौंदर्य

अगर आप उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड के प्राकृतिक सौंदर्य और ऐतिहासिक धरोहर को करीब से देखना चाहती हैं तो बुंदेलखंड में पर्यटन का आनंद मॉनसून में लें। बरसात में बुंदेलखंड का सौंदर्य और भी निखर उठता है। बरसात में यहां की नदियां पानी से भर जाती हैं और नदीयों में उठती लहरें बहुत खूबसूरत लगती हैं। बरसात के दिनों में झांसी का किला, महोबा की वीर भूमि, चित्रकूट, कालिंजर किला, देवगढ़ और बरुवासागर घूमने के लिए अच्छी जगहें हैं।

### झांसी का किला

मौनसून पर्यटन की शुरुआत झांसी से ही करें। रानी लक्ष्मीबाई का किला इस शहर की सब से खास घूमने वाली जगह है। 1857 में आजादी की लड़ाई में अंगरेजों ने जिस किले पर गोले बरसाए थे वह आज भी वैसा का वैसा खड़ा है। बंगरा कीपहाड़ियों पर बना यह किला 1610 में राजा वीर सिंह जूदेव द्वारा बनवाया गया था। 18वीं शताब्दी में झांसी और उस के किले पर मराठों का अधिकार हो गया था। मराठों के अंतिम शासक गंगाधर राव थे, जिनकी 1853 में मृत्यु हो गई थी। इस के बाद रानी लक्ष्मीबाई ने शासन की बागडोर संभाली। झांसी का किला अपनी अद्भुत कला के लिए जाना जाता है। इस किले में 'कड़क बिजली' और 'भवानी शंकर' नामक 2 तोपें आज भी रानी लक्ष्मीबाई की वीरता का बखान करती नजर आती हैं।

### कालिंजर का किला


झांसी के बाद कालिंजर का किला इतिहास की झलक दिखाता है। यह उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में बना है। चंदेल शासकों के द्वारा बनवाया गए इस किले मुगलों को हमेशा चुनौती दी। बड़ी मुश्किल से अकबर ने इसे जीतने में कामयाबी पाई थी। जीत के बाद अकबर ने इसे बीरबल को दे दिया था। उन के बाद यह किला राजा छत्रसाल के अधीन हो गया। यह किला चारों ओर से ऊंची दीवारों से घिरा था। आज भी 3 द्वार कामता द्वार, पन्ना द्वार और रीवां द्वार यहां जस के तस खड़े हैं। विंध्य की पहाड़ियों पर 700 फुट की ऊंचाई पर बने इस किले के अंदर शानदार राजा महल और रानी महल बने हैं। किले में ही नीलकंठ मंदिर बना है। इस के अलावा यहां वनखंडेश्वर महादेव मंदिर भी बना है।

### महोबा

महोबा की वीर भूमि आपको रोमांच से भर देगी। महोबा का नाम यहां के रहने वाले आल्हा उदल की वीरतापूर्ण कहानियों के लिए मशहूर है। यहां चंदेल राजाओं का शासन था। चंदेल राजाओं के बाद परिहार राजाओं ने यहां शासन किया। आल्हा उदल यहां के प्रमुख लड़ाके थे। बरसात के दिनों में आज भी गांव-गांव में आल्हा उदल की लड़ाइयों के प्रसंग सुने और गाए जाते हैं। आल्हा गाने वाले लोकगायकों को सरकार की तरफ से प्रोत्साहन मिलता है।

### गोरखगिरी पर्वत

गोरखगिरी पर्वत एक खूबसूरत पिकनिक स्पौट है। यहां का सूर्य मंदिर भी आपको बहुत अच्छे एक्सपीरियंस देगा। यह राहिला सागर के पश्चिम दिशा में स्थित है।



आज की रेसिपी

# ढोकला सैंडविच



**सामग्री :**

- 1 कप सूजी, 1 कप दही, 1 हरी मिर्च, 1 नींबू का रस, 5-6 कढी पत्ता, 1/2 टी स्पून सरसों के बीज, एक चुटकी हींग, 1/2 टी स्पून हल्दी पाउडर स्वादानुसार नमक, 1/2 टमाटर, 1/2 कप पनीर, 1/2 शिमला मिर्च और प्याज

**विधि :**

- एक बाउल लें और उसमें सूजी, दही, हरी मिर्च, नमक, हल्दी पाउडर और नींबू का रस मिलाएं. इसे अच्छी तरह मिला लें और एक बैटर बना लें.
- फिर एक पैन को ग्रीस करके उसमें घोल डालें. ढोकला बनने तक भाप में पकाएं.
- एक बार जब यह हो जाए, तो इसके ऊपर करी पत्ते, राई और हींग का तड़का डालें.
- सैंडविच भरने के लिए टमाटर का एक टुकड़ा, कटा हुआ पनीर, शिमला मिर्च और प्याज लें.
- इसे अपनी पसंद के मसालों में टॉस करें.
- फिर ढोकला के 2 टुकड़े लें, एक तरफ हरी चटनी की एक परत डालें और दूसरी तरफ चटनी की चटनी डालें.
- बीच में फिलिंग डालें और भुजिया से सजाएं और मजा लें!